द्वारा उसकी प्रशंसा को व्यक्त करने के लिए किया जाता है; वृत्तान्त का अन्वाख्यान वृत्तान्तज्ञापन के निमित्त न होकर प्ररोचनामात्र अर्थात् केवल उसे रोचक बनाने के लिए किया जाता है।[1]

'निरुक्त' के निम्न प्रसंगों से यह सर्वथा स्पष्ट हो जाता है कि इतिहास अथवा आख्यान औपचारिक, अर्थवादरूप, औपमिक अथवा आलंकारिक हैं, तत्त्वतः सत्य नहीं; वे तत्त्वतः प्ररोचनामात्र के लिए हैं; मुख्या वृत्ति की दृष्टि से ऋषियों द्वारा दृष्ट अर्थ तथा उसके सम्प्रेषणार्थ अवलम्बित इतिहास अथवा आख्यान परमार्थतः भिन्न-भिन्न हैं, एक नहीं—

(१) इन्द्र—वृत्र-विषयक इतिहास के प्रसंग में आचार्य यास्क वृत्त को नैरुक्तदृष्टि से मेघ और ऐतिहासिक दृष्टि से त्वाष्ट्र असुर बतलाकर उसकी व्याख्या करते हुए स्वदृष्ट्या वृत्त को जल तथा इन्द्र को वैद्युत ज्योतियाँ मानकर कहते हैं कि जलों तथा ज्योतियों के मिश्रीभाव रूप संघर्ष से वृष्टिरूप कर्म की उत्पत्ति होती है। इसी का उपमार्थ द्वारा युद्ध के रूप में वर्णन किया जाता है।[2]

(२) देवों के आकारचिन्तन के प्रसंग में आचार्य यास्क का कथन है कि देवता वस्तुतः अपुरुषविध होते हैं; किन्तु ऋषियों द्वारा अभीप्सित तत्तत्कर्मों के सम्पादनार्थ उन पर तद्योग्य अंगों तथा द्रव्यों का आरोपण कर लिया जाता है। यथा यजमान यज्ञकर्म का स्वयम् अनुष्ठान न करके उसकी प्रत्येक क्रिया को दक्षिणा आदि से परिक्रीत ऋत्विजों द्वारा कराकर उसका कर्त्ता बन जाता है और वह यज्ञ उसी यजमान का हो जाता है तथैव अपुरुषविध देवता भी ऋषिसंकल्पानुसार विविध अंगों एवं द्रव्यों से संयुक्त हो जाते हैं। आख्यानसमय भी यही है;[3] अर्थात् पुराणेतिहासादि में पृथिव्यादि देवताओं को

---

१. **जै. सू. १.२.१० पर भाष्य : असद् वृत्तान्तान्वाख्यानं स्तुत्यर्थेन प्रशंसाया गम्यमानत्वात्; १.२.३० पर भाष्य : वृत्तान्तान्वाख्यानं न वृत्तान्तज्ञापनाय। किं तर्हि ? प्ररोचनायैव।**

२. **नि. २. १६ ; तत्को वृत्रः? मेघ इति नैरुक्ताः। त्वाष्ट्रोऽसुर इत्यैतिहासिकाः। अपां च ज्योतिषश्च मिश्रीभावकर्मणो वर्षकर्म जायते। तत्रोपमार्थेन युद्धवर्णा भवन्ति।**

३. **तदेव ७.७ : अपि वाऽपुरुषविधानामेव सतां कर्मात्मान एते स्युः। यथा यज्ञो यजमानस्य। एष चाख्यान-समयः (पं. शिवनारायण शास्त्री निरुक्त, अध्याय १-४ तथा ७, दिल्ली, १९७२)। यहाँ दृष्टान्त में यज्ञ अपुरुषविध है; अतः दार्ष्टान्तिक देवता भी अपुरुषविध ही होने चाहिए। आचार्य दुर्ग वाक्य को अवग्रहरहित मानते हुए कहते हैं कि क्षितिजलादि पदार्थ प्रत्यक्षतः यद्यपि अपुरुषविध हैं तथापि उनके अधिष्ठातृदेवता पृथिव्यादि आगमप्रमाण से पुरुषविग्रहधारी हैं : अपि वा पुरुषविधानामेव सताम्पृथिव्यादीनां कर्मात्मान एते स्युरपुरुषविधाः क्षितिजलादयः। परे त्वधिष्ठातारः पुरुषविग्रहाः। एवमुभयोः प्रत्यक्षागमयोरप्यनुग्रहः कृतो भविष्यति।**

वस्तुतः अपुरुषविध होने पर भी पापियों के भार से मुक्ति आदि की याचना के निमित्त स्त्री, पशु आदि का रूप धारण करते हुए वर्णित किया गया है।[१]

यहाँ ऋत्विक् यजमान से और देवताओं का तत्त्वतः अपुरुषविध स्वरूप आरोपित पुरुषविध स्वरूप से भिन्न है। उसी प्रकार ऋषियों द्वारा दृष्ट अर्थ तथा उसके सम्प्रेषणार्थ अवलम्बित इतिहास अथवा आख्यान मुख्या वृत्ति की दृष्टि से भिन्न हुए।

अतः इन इतिहासों अथवा आख्यानों को आधुनिक अर्थ में इतिहास नहीं माना जा सकता।

हमारी दृष्टि में इतिहासों अथवा आख्यानों के नैरुक्त-समय-सम्मत व्याख्यान के अतिरिक्त आध्यात्मिक व्याख्यान का अनुसन्धान भी अनिवार्य है। स्वयं यास्क मन्त्ररूपिणी वाणी के पुष्प तथा फल अर्थ को, याज्ञदैवत को अथवा देवताध्यात्म को मानते हैं, और इस प्रकार अध्यात्म को सर्वोपरि तात्पर्य के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।[२] **'निरुक्त'** में उन्होंने अनेकत्र अध्यात्मपरक व्याख्याएँ प्रस्तुत की भी हैं।[३] अग्रिम पंक्तियों में हमने भी इस प्रकार के व्याख्यान का प्रयास किया है।

हम यहाँ आचार्य यास्क द्वारा **'निरुक्त'** में उल्लिखित कतिपय प्रमुख आख्यानों को ही अपने विवेचन का विषय बना रहे हैं।

(१) अगस्त्य तथा इन्द्र

आचार्य यास्क ने संकेत किया है कि अगस्त्य ने इन्द्र के लिए हवि का निरूपण कर उसे मरुतों को दे डाला; इन्द्र ने आकर "न नूनमस्ति नो श्वः...विनश्यति" (ऋ. १. १७०. १) मन्त्र से परिदेवना की।[४] वस्तुतः इन्द्र ब्रह्म अथवा आत्मा है,[५] वह एक अभिन्न होते हुए भी भिन्न-भिन्न जागतिक रूपों को धारण करता है,[६] समस्त भुवन उसी में

---

१. आचार्य दुर्ग के उल्लेखानुसार अपुरुषविध अग्नि ने खाण्डववन के दाहार्थ पुरुषविध रूप धारणकर श्रीकृष्ण तथा अर्जुन से अनुमति ली थी।

२. नि. १.२०: अर्थं वाचः पुष्पफलमाह। याज्ञदैवते पुष्पफले। देवताध्यात्मे वा।

३. तदेव ३.१२; १०.२६; १२.३७, ३८। द्रष्टव्य १३.११; १४.१२-१६, १८, १९, २१, २३, - २५, २७ भी।

४. तदेव १.५ : अगस्त्य इन्द्राय हविर्निरूप्य मरुद्भ्यः सम्प्रदिसाञ्चकार। स इन्द्र एत्य परिदेवयाञ्चक्रे।

५. तुलनीय ऋ. १.१६४.४६; इन्द्रं मित्रं...एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः; कौ. ब्रा. ६.१४ : तस्मादाहेन्द्रो ब्रह्मेति; हेमचन्द्र : **शब्दानुशासन**, ७.१.१७४।

६. ऋ. ३, ५३.८: रूपं रूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्व१ परि स्वाम्।

आश्रित हैं,[१] वही यज्ञ का आत्मा है, देवता है।[२] मरुत् प्राण हैं।[३] अगस्त्य जीव है–" अगं वृक्षं संसारवृक्षं स्त्यायति संगृह्णातीति अगस्त्यः" अर्थात् जीवरूप अगस्त्य ने गर्भवास की अवधि में जीवनरूप् हवि का निरूपण ब्रह्म किं वा आत्मरूप इन्द्र के लिए किया; किन्तु जगत् में अवतरित होकर वह अपना संकल्प भूल गया और मरुतों अर्थात् प्राणों के लिए हवि देने लगा- वह प्राणमात्र के पोषण में प्रवृत्त हो गया।[४] वस्तुतः मरुत् अर्थात् प्राण तो स्वयं ब्रह्म अथवा आत्मरूप देवता के प्रति ऋत्विक् हैं,[५] उन्हें स्वयं देवतारूप समझ बैठना अविद्याजन्य भ्रान्ति है। श्री अरविन्द[६] ने भी इन्द्र को भागवत मन के रूप में स्वतः अभिव्यक्त, शुद्धसत्ता की शक्ति माना है।

(२) देवापि तथा शन्तनु

आचार्य यास्क ने 'समुद्र' शब्द के निर्वचन-प्रसंग में एक इतिहास उद्धृत किया है। तदनुसार आर्ष्टिषेण देवापि तथा शन्तनु दो कौरव्य भ्राता थे। छोटे भ्राता शान्तनु ने देवापि को छोड़कर अपना अभिषेक कर लिया। देवापि तपश्चरण करने लगे। शन्तनु के राज्य में १२ वर्षों तक देव नहीं बरसा। ब्राह्मणों ने कहा–"ज्येष्ठ भ्राता को छोड़कर अभिषेक करके तुमने अधर्म किया है; अतः तुम्हारे लिए देव नहीं बरसता।" उस शन्तनु ने देवापि को राज्य सौंपना चाहा; किन्तु देवापि ने उससे कहा–"मैं तुम्हारा पुरोहित हो जाऊंगा और तुम्हें यज्ञ करा दूँगा।" उस वर्षा की कामना वाले देवापि का यह (ऋ. १०.९८) सूक्त है।[७]

शौनकीय **'बृहद्देवता'** में भी ये ही विवरण मिलते हैं, अतिरिक्त सूचना यह है कि ऋषिषेणसुत देवापि त्वग्दोषी थे।[८] **'महाभारत'** के अनुसार देवापि तथा शान्तनु (शन्तनु के स्थान पर) कुरुवंश के प्रसिद्ध पुरुष थे, जो पाण्डु तथा धृतराष्ट्र के पितामह थे। महाभारत-युद्ध के समय देवापि जीवित था, जबकि शान्तनु की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। भीष्म

---

१. **मै. सं. १४.७:** इन्द्रे ह विश्वा भुवाश्रितानीन्द्रं मन्ये पितरं मातरञ्च।

२. **श. ब्रा. ९.५.१. ३३:** इन्द्रो यज्ञस्यात्मेन्द्रो देवता; २.१.२ ११, ४.१.२.१५; **ऐ. ब्रा.** ५.३४; ६.९; इन्द्रो यज्ञस्य देवता।

३. **ऐ. ब्रा. ३.१६:** प्राणा वै मरुतः स्वापयः; **जै.उ.** १.९.२.१: स यः स प्राणो वायुः स।

४. तुलनीय ब्रह्ममुनि : निरुक्तसम्मर्शः (अजमेर : आर्ष साहित्य मण्डल लि, १९६६), पृ. २५-२६।

५. **निघण्टु ३.१८ :** मरुत ऋत्विङ्नाम।

६. **वेदरहस्य,** उत्तरार्द्ध, पृ. २०।

७. **नि० २.११।**

८. **बृहद्देवता ७. १५५-१५६।**

शन्तनु के पुत्र थे। शान्तनु द्वारा राज्य पर अधिकार करने के वर्णन '**महाभारत**' में मिलते हैं।[१] एक वर्णन के अनुसार देवापि के चर्मरोगग्रस्त होने से ब्राह्मणों द्वारा राज्याभिषेक के अयोग्य घोषित करने पर शान्तनु सिंहासन पर बैठे,[२] जबकि एक वर्णनानुसार देवापि बाल्यावस्था में ही अरण्यवासी हो गए थे।[३] एक अन्य वर्णन के अनुसार शान्तनु प्रतीप की वृद्धावस्था में उत्पन्न इकलौती सन्तान थे।[४] सम्भवतः उन्होंने ऋष्टिदेव के पुत्र देवापि को गोद ले लिया होगा; कुरूवंश में आ जाने से उन्हें भी कौरव्य कहना ठीक ही है।

यह कथा **ब्रह्म** (९.३५), **मार्कण्डेय** (१३४.७), **मत्स्य** (५०.३७-४६), **वायु** (९९.२३४-२३९) तथा **भागवत** (९.२२.१०-१५) पुराणों में भी प्राप्य है। इनमें '**ब्रह्मपुराण**' के अनुसार आर्ष्टिषेण शल के पुत्र थे, न कि ऋष्टिषेण के। '**भागवतपुराण**' के अनुसार शल शन्तनु के पुत्र थे। इस पुराण में देवापि के पुरोहितत्व का उल्लेख नहीं है। '**वायुपुराण**' के अनुसार वे धर्मकामना से परिव्राजक बन गए थे। इस प्रकार पुराणों के विवरण भिन्न-भिन्न हैं।

स्कन्द-महेश्वर ने दोनों, भाइयों को भीमसेन (**महाभारत** के अनुसार प्रतीप के पितामह) के पुत्र तथा देवापि को च्यवनापरनामा ऋष्टिषेण का शिष्य माना है। देवापि ने ब्राह्मणत्व प्राप्त किया।[५]

इस प्रकार ऐतिहासिक दृष्टि से इस आख्यान के भिन्न-भिन्न एवं विरोधी-से विवरण प्राप्त होते हैं। इससे भिन्न, नित्यपक्ष में स्कन्द-महेश्वर ने देवापि को विद्युत् तथा शन्तनु को वृष्टिरूप जल और बृहस्पति को मध्यम स्थानी स्तनयित्नु (विद्युत्) रूप वाणी माना है। वैद्युत देवापि ने वृष्टिरूप जल के लिए शन्तनु के निमित्त पौरोहित्य किया; पूर्व विद्युत् चमकती है, बाद में उदक-वर्षा होती है।[६] दुर्ग ने नित्यपक्ष में मध्यम ऋष्टषेण के अपत्यरूप

---

१. महाभारत आदि० ९४.६२, ९५.४५, ९७.१८, १००.७; उद्योग. १४९.१५-१८।

२. तदेव उद्योग० १४९.१५-१८।

३. तदेव आदि० ९५.४५।

४. तदेव आदि० ९७.१८-१९, २४।

५. निरुक्तटीका सं. डॉ. लक्ष्मणस्वरूप, प्रतिसंस्कृत आचार्य वी.पी. लिमये, पाणिनि वैदिक ग्रन्थमाला ११, दिल्ली, १९८२), २.१०।

६. तदेव २.१२ बृहस्पतिर्मध्यमस्थाने स्तनयित्नुलक्षणां वाचम् ।_मध्यमप्रभवत्वाद् देवापिर्विद्युत्, शन्तनुरुदकं वृष्टिलक्षणम्, यत् यदा देवापिवैद्युतः शन्तनवे वृष्टिलक्षणस्योदकस्यार्थाय, पुरोहितः - पूर्वं हि विद्योतते पश्चादुदकम् ।_मध्यमो बृहस्पतिः, ददद् वाचं गर्जितलक्षणाम् ।

पार्थिव अग्नि को आर्ष्टिषेण देवापि और बृहस्पति को वाचस्पति अर्थात् स्तनयित्नुरूप वाणी माना है।[१]

हमारी दृष्टि में ऋष्टिषेण का तात्पर्य है ऋष्टि अर्थात् कामादि चित्तमलों के तथा विषयों के रेषण (हिंसा) से युक्त इन्द्रियग्रामलक्षण सेना वाला व्यक्ति;[२] इन गुणों के उत्तरोत्तर विकास से युक्त तदपत्यरूप आर्ष्टिषेण देवापि आत्मलक्षण ब्रह्मरूप देव को प्राप्त करने वाला साधक जीव है, जो ब्रह्मभावरूप साधनारूपी यज्ञ में पुरोहित है जिसे पीछे रखने अथवा जिसकी उपेक्षा करने से ब्रह्मस्थिति की प्राप्ति शक्य नहीं होगी; बृहस्पति परा वाक् है; और वृष्टि तदुपरान्त जायमान रस अर्थात् अनिर्वचनीय ब्रह्मानन्द जो ब्रह्मरूप है।[३] शन्तनु आपाततः शारीरिक कल्याण अर्थात् विषयैश्वर्योपभोगमात्रपरायण सामान्य जीव है,[४] उसके राज्य में अनावृष्टि अर्थात् ब्रह्मलक्षण रसाभाव स्वाभाविक है। उसके लिए तो उसे यज्ञोन्मुख होना ही पड़ेगा। यही इस आख्यान का आध्यात्मिक रहस्य है।

(३) वृत्र तथा इन्द्र

आचार्य यास्क ने वृत्र के स्वरूप के विवेचन के प्रसंग में उसे नैरुक्तदृष्टि से मेघ और ऐतिहासिक दृष्टि से त्वाष्ट्र असुर माना है। मन्त्रों तथा ब्राह्मणों में उसका वर्णन 'अहि' रूप में भी हुआ है। उसने अपने शरीर की वृद्धि से जल के स्रोतों का निवारण कर लिया था। इन्द्र द्वारा उसके मारे जाने पर जल प्रवाहित हो उठे।[५]

---

१. दुर्गवृत्ति (सं. वैजनाथ काशीनाथ राजवाड़े, आनन्दाश्रमग्रन्थावलि, ग्रन्थांक ८८, १९२१), २. १२ : नैरुक्तपक्षे ऋष्टिषेणो मध्यमस्तदपत्यमयमग्निः पार्थिव आर्ष्टिषेणो देवापिः ...बृहस्पतिर्वाचस्पतिरिति मध्यमः। स्तनयित्नुलक्षणां वाचमित्यर्थः। इस आख्यान की वृष्टिपरक अर्थयोजना से पं. भगवद्दत्त (**निरुक्तशास्त्रम्**, श्रीरामलाल कपूर ट्रस्ट, अमृतसर, संवत् २०२१ पृ. १००) तथा पं. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु (**देवापि और शन्तनु के वैदिक आख्यान का वास्तविक स्वरूप**, रामलाल कपूर ट्रस्ट, अमृतसर, संवत् २०२६, पृ. ३९-४०) भी सहमत हैं।

२. तुलनीय स्कन्द-महेश्वरकृत **निरुक्तटीका०** २.११: विषयाभिलाषकामादिचित्तमलरेषणप्रधाना सेना इन्द्रियग्रामो यस्य, दूषिता व प्रेषिता वा गता पराङ्मुखीभूता प्रत्याहारेण विषयेभ्य इन्द्रियसेना यस्य।

३. तुलनीय **तै. उ.** २.७.१ : रसो वै सः। रस ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दीभवति; **अथर्व०** १०.८.४४: रसेन तृप्तो न कुतश्चनो नः। यही मधु भी है; तुलनीय **बृ० उ०** २.५. १४: अयमात्मा सर्वेषां भूतानां मधु।

४. तुलनीय 'शन्तनु' शब्द का निर्वचन, **नि०** २.१२ : शन्तनुः शन्तनोऽस्त्विति वा, शमस्मै तन्वा अस्त्विति वा।

५. **नि.** २.१६ : तत्को वृत्रः ? मेघ इति नैरुक्ताः। त्वाष्ट्रोऽसुर इत्यैतिहासिकाः ...अहिवत्तु खलु मन्त्रवर्णा ब्राह्मणवादाश्च। विवृद्ध्या शरीरस्य स्रोतांसि निवारयाञ्चकार। तस्मिन् हते प्रसस्यन्दिरे आपः।

आचार्य यास्क ने नैरुक्तदृष्टि से इस आख्यान का रहस्योद्घाटन करते हुए कहा है कि जलों तथा ज्योति (विद्युत) के मिश्रीभावकर्म से वृष्टि होती है। औपम्य की दृष्टि से इसी के वर्णन इन्द्र-वृत्र-युद्ध के रूप में किए गए हैं।[१] इससे सुस्पष्ट है कि इन्द्र-वृत्र-युद्ध कोई ऐतिहासिक घटना न होकर [२] जलों तथ ज्योति के संघर्ष से उत्पन्न वृष्टिकर्म का युद्धरूप में औपचारिक वर्णन है। इनकी दृष्टि से इन्द्र मध्यमस्थानी वैद्युत ज्योति हुआ और वृत्र वर्षणकर्म का अवरोधक मेघ; विद्युत् ही वज्र है। उन्होंने इन्द्र का कर्म रसानुप्रदान माना है।[३] स्कन्द-महेश्वर तथा दुर्ग इस विषय में यास्क के अनुगामी हैं।

हमारी दृष्टि में इन्द्र ब्रह्म अथवा आत्मा है; वृत्र अतत्त्व में तत्त्वभाव का प्रक्षेप करने वाली, अतात्त्विक नामरूपात्मक जागतिक प्रपञ्च के रूप में विवर्धमान, तत्त्व से पार्थक्यभावना उत्पन्न कर ब्रह्म अथवा आत्मभाव का आवरण एवं अवरोध करने वाली शक्ति माया अथवा अविद्या,[४] जो ब्रह्मानन्द अथवा आत्मानन्द रूप रस के सभी स्रोतों का निवारण कर लेती है।[५] यही हृदयाकाशरूप अन्तरिक्ष में संक्रान्त कर जाने अथवा आत्मभाव का आहनन करने के कारण 'अहि'[६] है और आत्मभाव रूप कर्म का उपदास करने के कारण 'दास'।[७] ब्रह्मभाव अथवा आत्मभाव की प्राप्ति के लिए, रस की वृष्टि के लिए इससे संघर्ष कर इसका अपाकरण अनिवार्य है। यही इन्द्र-वृत्र का औपचारिक युद्ध है।

(४) विश्वामित्र तथा नदियाँ

आचार्य यास्क ने एक इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा है कि ऋषि विश्वामित्र सुदास् पैजवन के पुरोहित थे। वे धन लेकर विपाट् (व्यास) तथा शुतुद्री (सतलुज) के

---

१. तदेव २.१६ : अपां च ज्योतिषश्च मिश्रीभावकर्मणो वर्षकर्म जायते। तत्रोपमार्थेन युद्धवर्णा भवन्ति।

२. तुलनीय ऋ. १०.५४.२ : यदचरस्तन्वा वावृधानो बलानीन्द्र प्रब्रुवाणो जनेषु।
मायेत्सा ते यानि युद्धान्याहुर्नाद्य शत्रुं न नु पुरा विवित्से।

३. नि. ७.१० : अथास्य कर्म रसानुप्रदानम्।

४. तुलनीय 'वृत्र' शब्द के निर्वचन, नि. २.१७ : वृत्रो वृणोतेर्वा वर्ततेर्वा वर्धतेर्वा। यदवृणोत्तद् वृत्रस्य वृत्रत्वमिति विज्ञायते। यदवर्तत तद् वृत्रस्य वृत्रत्वमिति विज्ञायते। यदवर्द्धत तद् वृत्रस्य वृत्रत्वमिति विज्ञायते।

५. तुलनीय तदेव २. १६ : विवृद्ध्या शरीरस्य स्रोतांसि निवारयाञ्चकार।

६. तदेव २.१७ : अहिरयनादेत्यन्तरिक्षे। अयमपीतरोऽहिरेतस्मादेव निर्ह्रसितोपसर्ग आहन्तीति। 'अन्तरिक्ष' का निर्वचन भी द्रष्टव्य, तदेव २.१० : शरीरेष्वन्तरक्षयमिति।

७. तदेव २.१७ : दासो दस्यतेरुपदासयति कर्माणि।

सङ्गम पर आए। अन्य व्यक्तियों ने उनका अनुसरण किया। उन्होंने नदियों से गाहनयोग्य (उथली) हो जाने की प्रार्थना की। नदियों ने पहले तो मना किया; किन्तु अन्ततः वे मान गईं।[१]

आचार्य यास्क ने 'विश्वामित्रः' शब्द का निर्वचन 'सर्वमित्रः' किया है।[२] स्कन्द-महेश्वर के अनुसार सर्वमित्र आदित्य है।[३] अतः इस आख्यान में द्युलोक में उदित आदित्य का नदियों से आलङ्कारिक संवाद कल्पित किया गया है। पिजवन वस्तुतः वेगमान् वायु अथवा विद्युत् है, जिसके प्रति आदित्य का पुरोहितत्व कल्पित किया गया है।[४]

हमारी दृष्टि में यहाँ विश्वामित्र एक प्राण है।[५] नदियाँ भी प्राण ही हैं।[६] अतः यहाँ एक प्राण की अन्य प्राणों के साथ सामञ्जस्यपूर्ण स्थिति एवम् आनुकूल्य की सम्भावना की गई है।

(५) अश्विनौ द्वारा वृक से वर्तिका का मोचन

आचार्य यास्क ने 'वृक' शब्द के निर्वचन-प्रसङ्ग[७] में ऋग्वेद (१.११७.१६)[८] का उद्धरण दिया है, जिसके अनुसार अश्विदेवों ने वृक से वर्तिका का मोचन किया। श्रीद्याद्विवेद के अनुसार अश्विनौ ने वन में रहने वाले वृक (भेड़िए) तथा वर्तिका के संघर्ष में वर्तिका को वृक के मुख से मुक्त किया।[९]

---

१. तदेव २.२४-२६; शौनक : बृहद्देवता ४.१०५-१०६।

२. नि० २.२४ : विश्वामित्रः सर्वमित्रः।

३. निरुक्तटीका, २.२.७ : सर्वमित्रो भगवानादित्यः ∟कुशिकस्य प्रकाशस्य सूनुरहमादित्यः, तस्य पुत्रस्थानीय इत्यर्थः।

४. ब्रह्ममुनि : निरुक्तसम्मर्शः, पृ० १२०।

५. ऐ० आ० २.२.१: तस्येदं विश्वं मित्रामासीद्यदिदं किञ्च तस्माद्विश्वामित्रस्तस्माद्विश्वामित्र इत्याचक्षत एतम् (प्राणम्)। एव सन्तम्; जै०उ० ३.१.३.६ : तदन्नं वै विश्वं प्राणो मित्रम्। श्रोत्र को भी विश्वामित्र माना गया है; तुलनीय श० ब्रा० ८.१.२.६ : श्रोत्रं वै विश्वामित्र ऋषिर्यदनेन सर्वतः शृणोत्यथो यदस्मै सर्वतो मित्रं भवति तस्माच्छ्रोत्रं विश्वामित्र ऋषिः।

६. ऐ० आ० १.३.८ : प्राणो वै नदस्तस्मात्प्राणो नदन्सर्वः संनदतीव।

७. नि० ५.२१।

८. अहोजवीदश्विना वर्तिका वामास्नो यत्सीममुञ्चतं वृकस्य॥ इस आख्यान हेतु द्रष्टव्य ऋ० १.११२.८; १.११६.१४; १.११८.८; १०.३९.१३।

९. नीतिमञ्जरी (सं० सीताराम जयराम जोशी, वाराणसी: कालभैरव, हरिहर मण्डल, १९३३), कारिका ४३: अश्विभ्यां मोचिता ग्रस्ता पक्षिणी वर्तिका शुभा; तथा पृ० ९१-९२।

आचार्य यास्क ने इस प्रसंग में आदित्य को वृक तथा उषा को वर्तिका मानकर इसकी व्याख्या की है।[१] अश्विनौ द्यावापृथिवी, अहोरात्र, सूर्य तथा चन्द्रमा, अथवा पुण्यकृत् राजा (ऐतिहासिकदृष्ट्या) है।[२] यास्क का अपना मत स्पष्ट नहीं है, सम्भवतः अश्विनौ से उनका अभिप्राय अन्धकार तथा प्रकाश के बीच की अवस्था से है। वस्तुतः अश्विनौ उषा के साथ चलते हैं[३] तथा उसके मित्र हैं।[४] उन्हें उद्‌बुद्ध करने के लिए उषा का आह्वान किया जाता है[५] और उषा के स्तवन-सूक्तों से उनके उद्‌बुद्ध होने की चर्चा है।[६] अश्विनौ के रथ के जुड़ने पर 'दिवो दुहिता' उषा उत्पन्न होती है।[७] सूर्योदय से पूर्व उषा का आगमन होता है। वह आदित्य से अभिग्रस्त होती है। अश्विनौ अपने रथ में अश्व जोतकर आते हैं। उनके अश्व व्यापनशील किरणों के, विशेषतः आदित्य की किरणों के, प्रतीक प्रतीत होते हैं। मित्र होने से वे उसे मुक्त करते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टि से वृक आत्मज्ञान अथवा आत्मभाव का विकर्तन करने वाले जागतिक विषयों का व्यामोह अथवा अविद्या है;[८] उषा अविद्या के अन्धकार के विवासन के पश्चात् आत्मा के दिव्यज्ञान का उद्‌भेदन तथा प्रकाशन;[९] और अश्विनौ दो पुरुष[१०] एक तो जीव में विद्यमान आत्मा तथा दूसरा सर्वत्र अभिव्याप्त ब्रह्म अथवा आत्मा,[११] जो प्रत्यक्ष अनुभव के धरातल पर दो प्रतीत होते हुए भी सम्बद्ध (तुलनीय अश्विनौ के लिए प्रयुक्त 'नासत्या' विशेषण)

---

१. नि० ५.२१ : आह्वयदुषा अश्विनावादित्येनाभिग्रस्ता तामश्विनौ प्रमुमुचतुरित्याख्यानम्।

२. तदेव १२.१ : अश्विनौ यद् व्यश्नुवाते सर्वं रसेनान्यो ज्योतिषान्यः। अश्वैरश्विनावित्यौर्णवाभः। तत्कावश्विनौ? द्यावापृथिव्यावित्येके। अहोरात्रावित्येके। सूर्यचन्द्रमसावित्येके। राजानौ पुण्यकृतावित्यैतिहासिकाः। स्कन्द-महेश्वर के मतानुसार 'राजानौ' वाला मत और्णवाभ का है : राजानावित्यौर्णवाभमतेन (**निरुक्तटीका**, १२.१) श० ब्रा० के अनुसार ये द्यावापृथिवी हैं : अथ यदश्विनावितीमे ह वै द्यावापृथिवी प्रत्यक्षम् (४.१.५.१६)।

३. ऋ० १.८३.२।

४. तदेव ४.५२.२.३।

५. तदेव ८.९.१७

६. तदेव ३.५८.१।

७. तदेव १०.३९.१२।

८. तुलनीय तदेव ५.२१ : श्वापि वृक उच्यते विकर्तनात्।

९. तुलनीय तदेव २.१९ : उषाः कस्मादुच्छतीति सत्याः; १२.७ : उषा वष्टेः कान्तिकर्मण उच्छतेरितरा माध्यमिका।

१०. श० ब्रा० १२.९.१.१२ : तद्यौ ह वाऽइमौ पुरुषाविवाक्ष्योः। एतावेवाश्विनौ।

११. काण्व श० ब्रा० ३.२.४.१ : एकादशो वा अयं पुरुषो दश प्राणा आत्मैकादशः। तै० आ० १०.१०.१ : यस्मात्परं नाऽपरमस्ति किञ्चिद् यस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति किञ्चित्। वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्॥ नि० २.३ : पुरुषः पुरिषादः पुरिशयः पूरयतेर्वा। पूरयत्यन्तरित्यन्तरपुरुषमभिप्रेत्य। ऋ० १०.९०.२: पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।

तथा एक ही हैं।[१] ये पुरुषद्वयरूप अश्विदेव जागतिक विषयों के व्यामोह अथवा अविद्या से अभिग्रस्त दिव्य आत्मचेतना के उद्‌भेदन को मुक्त करते हैं, इनके सत्यज्ञान से वह चतुर्दिक् उन्मुक्त हो विकीर्ण हो उठती है। इनमें प्रथम का अनुसन्धान जीव को ज्योति से भर देता है तो दूसरे के ऐक्य की अनुभूति उसे रसवर्षा से तृप्त एवं पूर्ण कर देती है।[२]

(६) यम-यमी

आचार्य यास्क ने 'यमी' शब्द के निर्वचन-प्रसंग[३] में ऋ. १०.१०.१४ को उद्धृत कर उसके व्याख्यान के अनन्तर सङ्केत किया है कि यमी ने यम की कामना की, यम ने उसका प्रत्याख्यान कर दिया।[४] यह एक अत्यन्त ही प्रसिद्ध आख्यान है। आचार्य यास्क यम को यमनकर्त्ता माध्यमिक देव,[५] अग्नि[६] तथा आदित्य[७] मानते हैं। स्कन्द-महेश्वर ने यम को मध्यम स्थानी वायु,[८] वायु अथवा वैद्युत[९] तथा आदित्य; और यमी को रात्रि स्वीकार किया है।[१०] दुर्ग के अनुसार यमी माध्यमिकी वाक् अथवा उषा है।[११] पं भगवद्दत्त यमी को पृथिवी मानते हैं।[१२] सम्भवतः यम-यमी को आदित्य तथा रात्रि, अथवा आदित्य तथा उषा मानकर उनके अपरिहार्य पृथग्भाव की संगति बैठ सकती है।

---

१. तै० उ० २.८: स यश्चायं पुरुषे यश्चासावादित्ये स एकः; यजु० ४०.१७: योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहम्।

२. तुलनीय नि. १२.१ : अश्विनौ यद् व्यश्नुवाते सर्वं रसेनान्यो ज्योतिषान्यः।

३. नि. ११.३३।

४. तदेव ११.३४ : यमी यमं चकमे तां प्रत्याचचक्षेत्याख्यानम्।

५. तदेव १०.१९।

६. तदेव १०.२० : अग्निरपि यम उच्यते। द्रष्टव्य तदेव १०.२१ भी। तुलनीय श. ब्रा. ७.२.१.१० : अग्निर्वै यमः।

७. तदेव १२.२९ : यमो रश्मिभिरादित्यः। तुलनीय श. ब्रा. १४.१.३.४: एष वै यमो य एष तपति। एष हीदं सर्वं यमयति। एतेनेदं सर्वं यतम्।

८. निरुक्तटीका १०.१९ : यमो मध्यमस्थानो वायुरित्युक्तम्। तुलनीय श.ब्रा. १४.२.२.११ : अयं वाव यमो योऽयं पवते।

९. तदेव ११.३४ : यदा नैरुक्तपक्षे मध्यमस्थाना यमी। तदा मध्यमस्थानो यमो वायुर्वैद्युतो वा।

१०. तदेव ५.२ : नित्यपक्षे तु-यम आदित्यो यम्यपि रात्रि सोच्यत इति। प्रातरुद्गच्छन्त सायं चास्तमयमाना न तिष्ठन्ति।

११. नि. ११.३४ पर वृत्ति : त्रित्वपक्षे तु माध्यमिको यमो माध्यमिकां वाचमुषसमात्मनः प्रविभक्तामिव कृत्वोभयस्थानां तां ब्रवीति।

१२. नि. ४.२० : पर टीका, पृ. २३६। तुलनीय काण्व श. ब्रा. ५.४.१.२३ : इयं पृथिवी यमी आध्यां हीदं सर्वं यतम्।

आध्यात्मिक दृष्टि से यम ब्रह्मतत्त्व [1] है और यमी जागतिक विषयोपभोग के प्रति गहन आसक्ति की प्रतीक है। विषयलिप्सा तथा ब्रह्मप्राप्ति में ऐक्य किं वा सामञ्जस्य नहीं बैठ पाता। अतः यम द्वारा यमी का प्रत्याख्यान और अन्य स्वसदृश व्यक्ति के वरण की सम्मति उचित ही है।[2]

(७) सरमा तथा पणि

'सरमा' शब्द के निर्वचन-प्रसंग [3] में उद्धृत ऋ. १०.१०.८.१ के व्याख्यान में आचार्य यास्क का कथन है कि इन्द्र द्वारा प्रहित देवशुनी सरमा ने पणियों से संवाद किया, ऐसा आख्यान है।[4] पणियों ने देवों की गाएँ चुरा ली थीं। इन्द्र ने सरमा को गवान्वेषण के लिए भेजा था। यह एक प्रसिद्ध वैदिक आख्यान है।

आचार्य यास्क द्वारा सरमा माध्यमिक देवताओं में पठित है। वे उसे शीघ्रगामिनी होने से 'सरमा' मानते हैं।[5] स्कन्द-महेश्वर ने सरमा को मध्यमस्थाना वाक् माना है; उनके अनुसार अनावृष्टि से पीड़ित मन्त्रद्रष्टा, शब्द करते हुए स्तनयित्नु मेघ को सुनकर, असूयापूर्वक यह कहता है।[6] दुर्ग भी उनसे सहमत हैं।[7] वस्तुतः 'मैत्रायणी-संहिता' के अनुसार भी सरमा वाक् ही है।[8] गाएँ रश्मियाँ हैं।[9] इस प्रकार यह आख्यान सूर्यरश्मियों के अन्वेषण का आलंकारिक वर्णन है।

---

१. तुलनीय ऋ. १.१६४.४६ : एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः; तै.आ. ६.५.२ : यमो दाधार पृथिवीं यमो विश्वमिदं जगत्।

२. ऋ. १०.१०.१४।

३. नि. ११.२४।

४. तदेव ११.२५: देवशुनीन्द्रेण प्रहिता पणिभिरसुरैः समूद इत्याख्यानम्।

५. तदेव ११.२४ : 'सरमा सरणात्'।

६. निरुक्तटीका, ११.२५ : यदा तु माध्यमिका वाक् सरमा तदैवम्। अनावृष्ट्या पीडितो नदन्तं स्तनयित्नुमुपश्रुत्य सासूयं मन्त्रदृगाह।सरमा मध्यमा वाक्।

७. नि. ११.२५ पर वृत्ति : वाक्पक्षे तु चिरकालीनवृष्टिव्युपरमे कदाचिदभिनवमेघसं वै सहसैव स्तनयित्नुमुपश्रुत्य कुत इयं माध्यमिका वाक् चिरेणागतेति विस्मितस्तामसूयन्निव ब्रवीति 'किमिच्छन्ती सरमा' इति। इदमस्मच्छ्रोत्रं चिरमनागम्य सरमा माध्यमिका वाक् किमिच्छन्ती प्रानट् प्राप्तवती।

८. ४.६.४ : वाग् वै सरमा।

९. नि. २.७ : सर्वेऽपि रश्मयो गाव उच्यन्ते।

श्री अरविन्द के अनुसार सरमा मानवीय मन के अन्दर सत्य की उषा की अग्रदूती होनी चाहिए।[१] हमारी दृष्टि में वह आध्यात्मिक दृष्टि से अनाहत-चक्र में उत्थित होने वाला नाद है।

(८) सरण्यू

'सरण्यू' शब्द के निर्वचन-प्रसंग[२] में उद्धृत ऋ. १०.१७.२ के व्याख्यान के अन्तर्गत आचार्य यास्क ने एक इतिहास प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार त्वष्टा की पुत्री सरण्यू ने विवस्वान् आदित्य से यमज मिथुन को उत्पन्न किया। वह (सरण्यू) दूसरी सवर्णा को अपना प्रतिनिधि बनाकर अश्वरूप धारण कर भाग गई। वह विवस्वान् आदित्य अश्व का ही रूप धारण कर उस (सरण्यू) का अनुसरण कर उससे संगत हो गया। तब अश्विनौ उत्पन्न हुए। सवर्णा में मनु उत्पन्न हुआ।[३] 'बृहद्देवता' तथा पुराणों में इस आख्यान के विविध विवरण प्राप्त होते हैं।[४]

आचार्य यास्क ने यमज मिथुन को नैरुक्तों के अनुसार मध्यम तथा माध्यमिका वाक्, और ऐतिहासिकों के मत में यम तथा यमी स्वीकार किया है। आख्यान के अन्त में ऋ. १०.१७.१ के 'यमस्य माता पर्युह्यमाना महो जाया विवस्वतो ननाश' की व्याख्या के अन्तर्गत उन्होंने विवस्वान् को आदित्य तथा सरण्यू को रात्रि मानकर कहा है कि आदित्य के उदय होने पर वह अन्तर्हित हो जाती है।[५] स्कन्द-महेश्वर अश्विनौ को तमोभाग तथा ज्योतिर्भाग, यमज मिथुन को मध्यम अर्थात् तमोभाग तथा तदन्तर्गत माध्यमिका वाक् मानते हैं।[६] आगे ऋ. १०.१७.१ के व्याख्यानान्तर्गत वे नैरुक्तपक्ष में मध्यम तमोभाग

---

१. वेदरहस्य, पूर्वार्द्ध, पृ. २७९-२८०।

२. नि. १२.९ : सरण्यूः सरणात्।

३. तदेव १२.१० : तत्रेतिहासमाचक्षते-त्वाष्ट्री सरण्यूर्विवस्वत आदित्याद्यमौ मिथुनौ जनयाञ्चकार। सा सवर्णामन्यां प्रतिनिधायाश्वं रूपं कृत्वा प्रदुद्राव। स विवस्वानादित्यः आश्वं रूपं कृत्वा तामनुसृत्य सम्बभूव। ततोऽश्विनौ जज्ञाते। सवर्णायां मनुः।

४. इस आख्यान हेतु द्रष्टव्य धर्मदेव निरुक्ताचार्य : त्वाष्ट्री सरयू के आख्यान का वास्तविक स्वरूप, रामलाल कपूर ट्रस्ट ग्रन्थमाला सं. १६, संवत् २००६।

५. नि. १२.११: यस्य माता पर्युह्यमाना महतो जाया विवस्तो ननाश। रात्रिरादित्यस्य। आदित्योदयेऽन्तर्धीयते।

६. निरुक्तटीका, १२.१०: अश्विनावात्मनि धारयति तमोभागं ज्योतिर्भागं चेत्यर्थः ... द्वौ मिथुनौ स्त्रीपुंसौ मध्यमञ्च तमोभागं तदन्तर्गतां च माध्यमिकां वाचं च...।

को त्वष्टा तथा उषा को उसकी दुहिता मानते हैं। उषा के उदित होने पर तम भाग जाता है और आदित्य उदित होता है। 'रात्रि' उनकी दृष्टि में, रात्रि का एकदेश उषा ही है।[१] दुर्ग यम तथा यमी को मिथुन मानते हैं और नैरुक्तपक्ष के प्रसंग में स्कन्द-महेश्वर से सर्वथा सहमत हैं।[२]

आध्यात्मिक दृष्टि से सरण्यू सम्भवतः समग्र सृष्टि-प्रक्रिया में संसरण शील मातृशक्ति है, अथवा चितिशक्ति कुण्डलिनी।

उपरिगत विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि मन्त्रगत इतिहास अथवा आख्यान तत्त्वतः औपचारिक, अर्थवादात्मक, उपमार्थक अथवा आलंकारिक हैं; आधुनिक अर्थ में ऐतिहासिक नहीं। अतः उनके सम्यक् अवगम एवं विश्लेषण में अतीव सावधानी तथा चिन्तन की अपेक्षा है।

---

१. तदेव १२.११: नैरुक्तपक्षे त्वस्यामृचि त्वष्टा। मध्यमस्तमोभागस्तस्य दुहिता उषाः। तेन रात्रिरूपेण सूर्योदये जन्यमानत्वात्तस्या वहनं प्रापणमनुप्रवेश आदित्ये तं स मध्यमस्त्वष्टा रात्रिरूप आत्मापगमनेन करोति।_उदितायां ह्युषसि अपैतीदानीं तम उदेत्यादित्यः_। रात्रिरादित्यस्येति च रात्रिशब्देन रात्रेरेकदेशत्वादुषा एवोच्यते सम्बन्धात्। सा च देवधर्मेणादित्यस्य माता। 'ब्रह्मपुराण' (८९.३) में तो उसका सरण्यू के स्थान पर उषा ही नाम दिया गया है : तस्य पत्नी उषा ख्याता त्वाष्ट्री त्रैलोक्यसुन्दरी।

२. नि. १२.१०-११ पर वृत्ति।

मथुरा की कला में नारी उच्चित्रण की पृष्ठभूमि

(मौर्योत्तर काल से लेकर कुषाण-काल तक के विशेष संदर्भ में)

डा० राजेश कुमार मिश्र

इलाहाबाद

The esoteric carving of the charming young woman's body on the posts of Buddhist stūpas in Mathura, in the post-Mauryan times, proves its backing and nourishment from the society of that time. The contemporary social and political conditions, as well as the traditional elements are responsible for introducing this novel trend in the Mathura art.

अपनी सांस्कृतिक विरासत की अक्षुण्णता एवं अभिव्यक्ति के प्रति सचेत मानव ने कितना सोचा था और कितना निर्माण किया था, इसका प्रमाण प्रारम्भिक कला की प्रतीक अद्यतन अनसुलझी चित्रात्मक लकीरों तथा सभ्यता के उषः काल में प्राप्त मृण्फलकों और मुहरों पर अपनी आराध्य शक्तियों, प्रिय वस्तुओं को रूपबद्ध करने के उसके प्रयास से पुष्ट है। किन्तु उत्तरोत्तर विकासोन्मुख भारतीय कला की प्रौढ़ता एवं परिपक्वता का काल तव आरम्भ हुआ, जव राजाश्रय में पल्लवित हुए बौद्ध धर्म के प्रचारार्थ तराशे गये पशु आकृतियों से संवलित शीर्ष वाले स्तम्भ एवं शिलाफलक, राजाज्ञाओं के सूचक की स्थिति से ऊपर उठकर नितान्त नूतन स्वरूप में प्रकट हुए, वह मौर्योत्तर कालीन कला है, जिसकी चरम परिणति मथुरा की कुषाणकालीन कला थी।

ऐतिहासिक प्रमाण साक्षी हैं कि मौर्योत्तर काल में मथुरा ब्राह्मण और जैन धर्म की तुलना में कहीं अधिक बौद्ध धर्म का केन्द्र था। स्तूपों के वेदिका-स्तम्भों के शिखर पर और सामने लंबायमान बड़ेरियों एवं द्वार-तोरणों पर जीवन के हँसते प्रतीक उत्कीर्ण हो गये। वृक्ष की डाल पकड़े झुकी शालभंजिकाओं के अतिरिक्त अनेक अल्हड़ नग्न नारी मूर्तियाँ अनंत रूपों में तक्षकों की छेनी से अभिव्यक्त हुईं। उनके ऊपर झरोखों में स्नेह भरे प्रेमी-युगल एवं गृहिणी मूर्तियाँ अन्नपूर्णा सी अंकित हुईं, लाजवन्ती तरुणी नूपुर-क्वणित पदों से अशोक-दोहद सम्पन्न करने लगी। आकर्षक परिधान से समूची ढकी अनवगुण्ठिता

मधुपात्र अथवा दीपवाहिका निर्वात लौ लिए वेदिकाओं को उजागर कर उठीं। इसी प्रकार कन्दुक उछालती, स्नान करती, प्रसाधन करती, अंजन, पुष्पचयन करती, मधुपान करती, वीणावादिनी प्रसाधिका तथा मनोन्मत्त नारी अपनी अगणित मुद्राओं से उभर आई।

इन स्त्री मूर्तियों को कभी देवांगना, कभी मांगलिक कन्या, सुर-सुन्दरी, शालभंजिका, प्रेक्षणिका, नटी आदि विभिन्न नामों से अभिहित किया जाता रहा है। कालिदास ने इन सामाजिक मुद्राओं के प्रकार को अभिव्यक्त करने वाली, स्तम्भों पर अंकित सुन्दरियों एवं नायिकाओं के लिये सामान्य रूप से 'स्तम्भ-योषित्' शब्द का प्रयोग रघुवंश में किया है (सर्ग १६, श्लोक १७), किन्तु 'स्तम्भयोषित्' इन मूर्त्तनों का शिल्प-सौन्दर्य की दृष्टि से अवलोकन करें तो यह प्रतीत होगा कि बौद्ध कला, जिसमें नारी आकृतियों के उत्कीर्णन का श्रीगणेश मौर्यों के बाद से ही हो चुका था, की मुखरता मथुरा कला में अधिक खुलकर प्रस्तुत हुई। मथुरा की इन नारी मूर्तियों को देखने से ही स्पष्ट हो जाता है कि शिल्पी अवगुंठन-अलंकरण आदि भारतीयता से ओत-प्रोत सौम्य नारी-सौन्दर्य के स्थान पर योनि, नितम्ब, मुष्टिग्राह्य कटि एवं कुम्भानुकारी स्तन युगल का साक्षात्कार कराने के प्रति अधिक सचेष्ट हैं। आवरण के नाम पर यद्यपि झीना अधोवस्त्र पहनाने का आडम्बर किया गया है, लेकिन मूल उद्देश्य नारी-देह के उतार-चढ़ाव की नग्नता को तराशना ही सिद्ध होता है। (देखिए, संलग्न चित्र)

विचारणीय तथ्य यह है कि जिस धर्म के प्रचारार्थ अशोक महान् ने मौर्य कला के प्रतीक स्तम्भ और शिलाफलक के माध्यम से कभी आचरण के उपदेश और निग्रह के नियम के अतिरिक्त कुछ भी न बाँटे थे, मौर्योत्तर कालीन कला में एकाएक उसी बौद्ध धर्म के स्तूपों की वेष्टनियों और स्तम्भों पर नारी देह का नग्न विज्ञापन क्या अप्रासंगिक एवं निर्मूल हो सकता है? ऐतिहासिकों एवं कला-विशारदों ने इस सन्दर्भ में अनुमान एवं प्रमाण द्वारा इसके कारणों की स्थापनायें की हैं, जिनकी संक्षिप्त चर्चा कर देना यहाँ अनिवार्य है। इस क्रम में सर्वप्रथम डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल का नाम उल्लेखनीय है। डॉ० अग्रवाल लिखते हैं "मथुरा के शिल्पियों के सम्मुख यह समस्या थी कि वेदिका-स्तम्भों पर नये-नये दृश्यों की स्थापना किस प्रकार करें? इस कार्य में उन्होंने मौलिकता एवं उदार दृष्टि का परिचय दिया। ऐसा करते हुए उन्होंने स्त्रियों की क्रीडाओं से सम्बन्धित अनेक मुद्राओं को अपनाया। इन क्रीडाओं की समुदित संज्ञा, क्रीडा-विहार थी। लोक मान्यता थी कि इन्द्र अपनी अप्सराओं के साथ इस प्रकार की क्रीडा नन्दन वन में करता है। उसी आदर्श को पृथिवी लोक के मनुष्य के लिए अपनाया





मद्यपात्र वाहिका—मथुरा कला की संघोल से प्राप्त मूर्ति (कुषाण काल)
प्रसाधिका—मथुरा कला की संघोल से प्राप्त मूर्ति (प्रथम शती ई० पू०)
प्रसाधिका—मथुरा कला की संघोल से प्राप्त मूर्ति (प्रथम शती ई० पू०)

गया। राजा अपने मनोविनोद के लिए इस प्रकार की क्रीडा-विहार या आनन्दोत्सव मनाने लगे।[१] इस प्रकार विद्वान् विचारक उद्यान व सलिल क्रीडा को नारी मूर्तियों के उत्कीर्णन का उत्प्रेरक मानते हैं। डॉ० उदय नारायण राय शालभंजिका मूर्तियों के विशेष सन्दर्भ में मथुरा कला की नारी मूर्तियों को यक्षिणी परम्परा से सम्पृक्त करके देखने का प्रयास करते हैं तथा बौद्ध स्तूपों के चतुर्दिक् निर्मित वेदिकाओं की नारी आकृतियों को बाह्याकर्षण एवं सांसारिकता का प्रतीक मानते हैं, साथ ही बुद्धचरित के उन उद्धरणों का उल्लेख कर, उसे बुद्ध के जीवन से जोड़ने का प्रयत्न करते हैं, जब संसार से विरक्त बुद्ध के मन में आसक्ति अंकुरित करने के प्रयास में नारियों ने तरह-तरह की भंगिमाओं का प्रदर्शन कर उन्हें आकृष्ट करने का असफल प्रयत्न किया था।[२] डॉ० भगवत शरण उपाध्याय मथुरा की इन कला कृतियों के निर्माण की पृष्ठभूमि में किसी स्पष्ट कारण का उल्लेख करने के बजाय इसे महायान की उदारता का प्रतिफल स्वीकार करते हैं। उनकी मान्यता है "हीनयान ने जीवन को बाँध रखा था, महायान ने उस बाँध को तोड़ उसे निर्बन्ध कर दिया और सहसा जीवन वेग से अनेक धाराओं में झूमता, उछलता, ढुरता बह चला।"[३] डॉ० रोमिला थापर की अवधारणा है कि पश्चिमोत्तर में गान्धार कला के भारतीय यूनानी मिश्रण रूपों ने प्रायः बौद्ध विषयों को ही अभिव्यक्ति का एकमात्र माध्यम बनाया, जिनमें बुद्ध की माता एथेन्स की किसी गृहिणी से मिलती है। चूंकि उस काल में देवी माँ की प्रतिमाएँ भी प्रचुर मात्रा में बनती थीं, अतः बौद्ध धर्म का सम्बन्ध भी जनन-क्षमता की पूजा करने वाले तथा अन्य लोकप्रिय धार्मिक सम्प्रदायों से अक्षुण्ण था, जिसका प्रमाण स्तूप के प्रतीकात्मक महत्व में तथा सांची के तोरणों पर अंकित नारी-मूर्तियों में निहित है।' वे आगे लिखती हैं "वास्तव में यह नारी-मूर्तियाँ और कुछ नहीं बल्कि देवी माँ की मूर्तियों का ही परिष्कृत रूप हैं।"[४]

इस प्रकार नारी-आकृतियों का नग्न अंकन सौन्दर्य स्थापना हेतु शिल्पियों द्वारा देवक्रीड़ा की लौकिक अवतारणा का प्रतीक हो या बाह्याकर्षण एवं सांसारिकता का खुला प्रदर्शन, चाहे महायान की उदारता का परिणाम हो या जनन-क्षमता के पूजकों से बौद्धों के सम्बन्ध का प्रतिफल, इन विचारों के विश्लेषण से इन विद्वानों का मन्तव्य स्पष्ट है

---

१. वासुदेवशरण अग्रवाल—**भारतीय कला**, पृष्ठ २७२

२. उदय नारायण राय—**शालभञ्जिका** इन (आर्ट फिलॉसफी एण्ड लिटरेचर), पृ० ५५-५६

३. भगवतशरण उपाध्याय—**गुप्तकाल का सांस्कृतिक इतिहास**, पृ० ४५

४. रोमिला थापर—**भारत का इतिहास**, पृ० ९८

कि लौकिकता-अलौकिकता का सहारा लेकर रत्यात्मक उत्तेजना को बढ़ावा देने वाले नारी-प्रधान वेदिका स्तम्भों की इन मनीषियों ने आध्यात्मिक व्याख्या मात्र की है तथा इस पृष्ठभूमि में झाँकने का प्रत्यक्ष रूप से थोड़ा भी प्रयास नहीं किया कि आचरण, नैतिकता और निग्रह की दुहाई देने वाले बौद्धों की कला में नारी का इतने अश्लील प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक परिस्थिति का कितना हाथ था? जबकि यह सर्वमान्य मत है कि किसी भी देश-काल की कला और साहित्य अपने समकालीन परिस्थिति से प्रभावित अवश्य होता है। अतः मथुरा कला के वेदिका-स्तम्भ तथा इन पर बिखरी मूर्तिराशि कला और अध्यात्म की दृष्टि से जितनी महत्वपूर्ण हैं उतनी ही महत्वपूर्ण ये पृष्ठभूमि में छिपे सदियों से अंकुरित राजनीतिक एवं सामाजिक इतिहास के प्रतिफल की दृष्टि से भी हैं।

भारतीय राजनीतिक इतिहास का यह सुविदित तथ्य है कि कलिंग की हिंसा से खिन्न मन अशोक ने भेरी-घोष को बन्द कर निजी परिवार, प्रशासन और राजकीय पूंजी को लगाकर जिस तरह से बौद्ध धर्म के अभिवृद्धि की कामना की थी, उस धम्मघोष से आप्लावित सम्पूर्ण वातावरण से भले ही अशोक धम्म विजयी बना हो, बौद्ध अनुयायियों की संख्या में भले ही वृद्धि हुई हो, किन्तु अपने पूर्व व्यवस्थाकार कौटिल्य के इस व्यवस्था के बावजूद कि राजा को उत्सव, समाज तथा विहार का सम्मान करना चाहिए, इसके विपरीत उसने प्रथम शिला विज्ञप्ति द्वारा समारोह-सभा पर प्रतिबन्ध, चौथे शिला- आदेश पत्र में धर्माचरण और धर्म-नियम में शिक्षा पर बल एवं नवें आदेश पत्र के माध्यम से विशेष रूप से स्त्रियों के लिए यह घोषणा की कि स्त्रियाँ जो विभिन्न, छोटे, अर्थहीन अनुष्ठान करती हैं, उनसे बहुत कम फल मिलता है।[१]

इस प्रकार अशोक द्वारा समारोहों, स्त्रियों तथा बौद्धों के लिए इस तरह के नियम का प्रतिपादन यह द्योतित करता है कि सम्राट् स्त्रियों के अनुष्ठानों, सार्वजनिक उत्सवों पर प्रतिबन्ध लगाना चाहता था जैसा कि मेगस्थनीज के कथन से भी प्रतीत होता है कि समाज में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं थी। वह लिखता है कि "सभी स्त्रियाँ पतिव्रता नहीं थीं। अनेक व्यक्ति एक से अधिक स्त्रियों से विवाह करते थे। कुछ स्त्रियों से तो वे इसलिए विवाह करते थे कि वे उनकी सहायक हो सकें और कुछ से संतानोत्पत्ति एवं भोग विलास के लिए।"[२] मनुस्मृति[३] एवं जातकों से भी पुष्ट होता है कि 'समाज में ऐसे परिवार थे जिनमें विवाहिताओं में आदर्श

१. बी० एम० बरुआ—**इनस्क्रिप्शन्स ऑफ अशोक**, पृ० १७९, १८२, १८७ पाद टिप्पणी ५

२. जी० डब्ल्यू० मैक्रिण्डल—**एन्शियेण्ट इण्डिया ऐज डिस्क्राइब्ड बाइ मेगस्थनीज एण्ड एरियन**, पृ० ७१ एवं २२२

३. मनुस्मृति—९-५-६, १४-१६

स्वामिभक्ति का अभाव था।[१] इसके विपरीत द्वितीय बौद्ध संगीति में प्रबल पारस्परिक मतभेद के कारण अलग हुए महासंघिकों की थेरवादी मत के विपरीत स्त्रियों की ओर देखने तथा उनसे बात करने की खुली छूट तथा धर्म संरक्षक के रूप में सम्राट् अभिलेखों के माध्यम से धर्मानुशासन, धर्माचरण पर बार-बार बल एवं संघ में भेद को उभरने न देने के प्रति उसकी चेतावनियाँ अशोक की संघ और समाज दोनों के प्रति चिन्ता प्रमाणित करती हैं,[२] जिससे प्रतीत होता है कि अशोक संघ के आचरण और समाज में विशेष रूप से स्त्रियों पर दृढ़ नियन्त्रण रखना चाहता था जो उसके काल तक तो दबा रहा किन्तु स्थिति ठीक विपरीत थी। नीहार रंजन रे लिखते हैं कि "समय गुजरने और प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ संघ की लोकप्रियता बढ़ने लगी और यह असंख्य धर्म परिवर्तन करने वालों तथा इससे भी अधिक जनसाधारण को आकृष्ट करने लगा। भरहुत, पाटलिपुत्र, कौशाम्बी, पश्चिमी नासिक तथा सांची के दान-पत्रों से पुष्ट है कि दूर और निकट सभी स्थानों पर तथा भिक्षु-भिक्षुणियों, राजपरिवार की महिलाओं, श्रेष्ठियों, सार्थवाहों, गहपतियों और कारीगरों के संघ समेत जनता के सभी वर्गों से उपहार दान में मिलते थे।"[३] इस समृद्धि और संरक्षण से तत्कालीन बौद्धसंघों एवं उनके सदस्यों की स्थिति का न सिर्फ अनुमान किया जा सकता है बल्कि यह भरहुत से मथुरा तक की मौर्योत्तर कालीन बौद्ध कला में नारी देह के प्रति उत्पन्न निकटता से भी प्रमाणित हुआ, जिससे यह कहने का पूर्ण अवकाश मिल जाता है कि इसका प्रभाव निश्चित रूप से उनकी प्रवृत्तियों, विश्वासों और संघ के क्रियाकलापों के साथ ही इनकी अन्ध भक्ति में लीन शासक समाज तथा उसके शक्तिशाली समझे जाने वाले वर्गों की बाह्याक्रमण रोक पाने की अक्षमता से क्षुब्ध हुए सेनापति पुष्यमित्र शुंग द्वारा स्वामी की हत्या कर सत्ता संभालने के विद्रोही तेवर, उसके जीवन काल में होने वाले संघर्षों तथा बौद्ध बहुल सामाजिक वातावरण में ब्राह्मण धर्म की पुनर्स्थापन के प्रयासों में परिलक्षित होता है। सम्भवतः यही कारण रहा होगा कि भारहुत के कला स्तूपों के निर्माण की स्वतंत्रता के बावजूद उसे तारानाथ आदि बौद्ध इतिहासकारों ने 'बौद्ध विरोधी' कहा, भले ही कौशाम्बी से प्राप्त ध्वंसित पुरावशेष[४] बौद्ध संघों के आपसी कलह या अन्य किसी कारण का

---

१. ओम प्रकाश—**प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास**, पृ० १८०

२. देवानांप्रिय आज्ञापयति। कौशाम्ब्यां महामात्रः (एवं वक्तव्यः) सङ्घः समग्रः (भेदविहीनः कृतः) सङ्घेनोलभ्यः (दुश्चरितः भिक्षुः)। यः सङ्घ भङ्क्ष्यति भिक्षुः वा भिक्षुणी वासः अपि च अवदातानि दूष्यानि।" कौशाम्बी स्तम्भलेख, जो प्रयाग में स्थित स्तम्भ पर उत्कीर्ण है, का संस्कृत अनुवाद; द्रष्टव्य-**सेलेक्ट इन्सक्रिप्शन्स** भाग-१ पृ० ७०; 'सारनाथ स्तम्भ' लेख; वही—पृ० ७१

३. नीहाररंजन रे—**मौर्य तथा मौर्योत्तर कला**, पृ० ६७

४. देखिए, **एक्सकेवेशन ऐट कौशाम्बी** में जी० आर० शर्मा एवं **ग्राउण्ड वर्क इन इंडिया** में जे० एस० नेगी का मत।

ही परिणाम क्यों न हो? यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना अनिवार्य होगा कि 'एक बौद्ध के सिर के बदले सौ दीनार देने की' पुष्यमित्र शुंग द्वारा घोषणा किए जाने का बौद्ध लेखकों का उल्लेख पुष्यमित्र के विरुद्ध बौद्ध बहुमत को जगाने की नीयत से किया गया दुष्प्रचार प्रतीत होता है अथवा यदि उक्त कथन को सत्य मान लें तो यह बौद्ध धर्म का जामा ओढ़कर सामन्त सरीखी सुविधा भोगी भिक्षुओं के विरुद्ध अभियान होगा, जो बौद्ध धर्म पर संकट का नारा देकर अपने अस्तित्व को कायम रखने तथा शासन, तन्त्र और समाज को अधः पतित करने में सहयोग कर रहे थे। इसलिए यह तथ्य भी यहाँ बिलकुल साफ है कि पुष्यमित्र शुंग का विद्रोह वास्तव में बौद्ध धर्म के प्रभाव में सक्रियता एवं शक्ति दोनों से हीन मौर्य सत्ता के विरुद्ध था, जिसे बौद्धों ने अपने धर्म के विरोध के रूप में देखा है।

शुंगों के पश्चात् की तस्वीर टुकड़ों में विशृंखलित, विदेशी आक्रान्ताओं से आक्रान्त भारत की है। किन्तु बौद्धों के वैभव और उसके सुविधा सुख से उत्पन्न आचरण में कोई परिवर्तन न था। इस काल में भी शिल्प श्रेणियों के संघों का वैभवशाली रूप में विकास हुआ जो उनके दान पत्रों से प्रमाणित तथ्य है। बौद्धों के प्रति उनकी अनन्य भक्ति के कारण निरन्तर प्रदत्त आर्थिक सहयोग ने बौद्ध संघों को न केवल सुदृढ़ बनाया बल्कि उन्हें इस मानसिकता का बना दिया कि वे सर्वसाधारण से कटने और विलासिता की ओर बढ़ने के अभ्यस्त हो उठें। जैसा कि डॉ० रोमिला थापर लिखती हैं "इस समय की अधिकांश गतिविधियों की पृष्ठभूमि में बौद्ध मत का प्रभाव स्पष्ट है और उसे धनिक तथा शक्तिशाली तत्त्वों का समर्थन प्राप्त था। अतएव इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि विहारों को भारी धनराशियाँ दान में मिलती थीं, विशाल स्तूप बनवाये जाते थे, तथा बौद्ध संघ समृद्धिशाली और सम्मानित हुआ। कुछ विहारों के पास इतनी अधिक सम्पत्ति थी कि केवल भिक्षु उसकी देखभाल नहीं कर सकते थे और इसलिए दास तथा श्रमिक रखे जाते थे।[१] **विनय पिटक** में दान में प्राप्त वस्तुओं के संरक्षण के लिए चीवर, निदहक, चीवर भासक, चीवर प्रतिग्राहक और चीवर भण्डारी जैसे कर्मचारियों की नियुक्ति का उल्लेख है।[२] वे दिन बीत चुके थे, जब बौद्ध भिक्षु केवल प्रातः काल के समय माँगकर लाई गई भिक्षा पर जीवन यापन करते थे क्योंकि अब उन्हें बड़े-बड़े विहारों की भोजन-शालाओं में विधिवत् भोजन मिलता था। विहार या तो किसी नगर के निकट बनाये जाते थे या फिर नगर के कोलाहल से दूर किसी सुन्दर तथा एकान्त पहाड़ी-पार्श्व

---

१. रोमिला थापर—**भारत का इतिहास**, पृ० ९८

२. महावग्ग—३.२.२; ८.२.३; ८.२.५; ८.२.७

में। इन एकान्त में बने विहारों को पर्याप्त मात्रा में स्थायी दान मिलता था जिसमें भिक्षुओं का जीवन आराम से व्यतीत हो सकता था। इस प्रकार, बौद्ध संघ में सर्वसाधारण से दूर हटने और अपने आपको विलग रखने की प्रवृत्ति आ गई जिसके परिणामस्वरूप उनकी धार्मिक शक्ति काफी कम हुई, और यह एक ऐसा परिवर्तन था जिसे बुद्ध कभी स्वीकार नहीं कर सकते थे।"[१] इसके अतिरिक्त ईसवी सन् की प्रथम शताब्दी की सामाजिक स्थिति के अध्ययन से यह विदित होता है कि लोगों में अपनी कन्याओं का विवाह बारह-तेरह वर्ष की अवस्था में ही कर देने की प्रवृत्ति आ गई थी। इससे अधिक आयु की कन्याओं का अविवाहित रहना पाप समझा जाता था। दूसरी ओर बौद्धों द्वारा मतभेद के बावजूद धर्म के मूल सिद्धान्त की नवीन व्याख्या करके धर्मान्तरण करने की प्रक्रिया में स्त्रियों पर बल भी उनकी प्रवृत्ति के प्रमाण हैं, जिसे अधिक स्पष्टता के साथ डॉ. ओम प्रकाश व्यक्त करते हैं "ईसा की पहली शताब्दी से कन्याओं का विवाह बारह-तेरह वर्ष की अवस्था में होने लगा। इस काल में इससे अधिक आयु तक की कन्याओं का अविवाहित रहना पाप समझा जाने लगा। सम्भवतः इस धारणा के उदय के दो प्रमुख कारण थे, पहला कारण यह था कि अनेक कन्यायें बौद्ध और जैन धर्म में प्रविष्ट हो जाती थीं किन्तु ब्रह्मचर्य का जीवन बिताने में असमर्थ रहती थीं, जिससे समाज में उनकी बहुत निंदा होती थी। दूसरा कारण यह था कि जनता में यह भावना घर कर गई थी कि अविवाहित स्त्री को विवाहित स्त्री से अधिक जोखिम उठाना पड़ता है।"[२] अब इसमें सन्देह नहीं कि जनसामान्य के मन में बौद्ध अनुयायियों के प्रति व्याप्त भय एवं असुरक्षा की भावना उस समकालीन संस्कृति की दुरावस्था का सहज बोध करा देती है।

स्थानीय शासकों की स्थिति यह थी कि वे आन्तरिक कलह और द्वेष के कारण एकत्रित होने में असफलता के कारण अपनी सीमा में संतुष्ट थे। इनके समय में रोम आदि देशों से व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित अवश्य हुआ किन्तु वह इन्हें सक्रिय समृद्धि के बजाय निश्क्रियता की समृद्धि देने में अधिक सहायक हुआ क्योंकि 'पेरिप्लस ऑफ द इरीथ्रियन सी' में वर्णित व्यापारिक वस्तुओं के विवरण से विदित है कि 'उपयोगी सामग्री के अतिरिक्त स्थानीय शासकों के लिए उपहार भी भेजे जाते थे, जिसमें सोने-चाँदी के सामान्य आभूषण, गाने वाले लड़के-लड़कियाँ तथा उच्चकोटि की मदिराएं एवं वस्त्र के

---

१. रोमिला थापर भारत का इतिहास पृ० ९८.

२. ओम प्रकाश प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, पृ० ११५.

अतिरिक्त, दासी बनाकर लाई जाने और इस देश में बेची जाने वाली यवन कुमारियों का भी उल्लेख है। यवनियाँ अनेक श्रीमानों के अन्तःपुर में विशिष्ट दासियों और उपपत्नियों के रूप में रहती थीं तथा राजा तो इस देश का सम्भवतः ऐसा कोई न था कि जिसके 'अवरोध' की रक्षक यवनियाँ नियुक्त न होती हों।'[1]

भारत की इस राजनीतिक एवं सामाजिक अवस्था का लाभ प्रारम्भ में निरन्तर आक्रान्त कर रहे हिन्द-यवनों तथा कुषाण शासक कनिष्क के बाद शकों तक ने पूरी तरह उठाया। **गार्गी संहिता** का युग पुराण खण्ड इस तथ्य का साक्षी है कि 'दुष्ट यवन साकेत, पांचाल, मथुरा, पाटलिपुत्र आदि उत्तर भारत के सांस्कृतिक केन्द्रों पर प्रहार कर रहे थे[2] और इस प्रकार मध्य भारत से आगे तक बढ़ आये थे। इनकी बर्बरता का वर्णन करते हुए युग पुराणकार आगे लिखते हैं "नरसंहार के कारण पुरुष धरा से विलुप्त ही हो गये। सारे कार्य तब स्त्रियों को ही करने पड़े। तलवार से लेकर हल की मूठ तक उन्हीं के हाथों में आ गयी। समाज में पुरुषों के अभाव के कारण बीस-बीस, पच्चीस-पच्चीस स्त्रियों को एक ही पुरुष से विवाह करना पड़ा; पुरुष यदा-कदा ही दिख जाते और जब वे दिखते तब स्त्रियाँ चिल्ला उठतीं आश्चर्य! आश्चर्य!"[3]। स्पष्ट है कि नारी-जगत् पर उसके रक्षक पुरुषों के अभाव में जो अत्याचार हुआ होगा उसका अनुमान सहज ही किया जा सकता है। लाखों की संख्या में संकट उत्पन्न हुए होंगे और वर्ण-धर्म बिखर गया होगा। दूसरी ओर **मिलिन्दपञ्हो** तथा कनिष्क के कृत्य इस बात के साक्षी हैं कि हिन्द-यवन-शासक मिलिन्द एवं कुषाण कनिष्क ने बौद्ध धर्म को अंगीकार कर लिया था।

उक्त दोनों साक्ष्यों के आलोक में ऐसा प्रतीत होता है कि शक्ति प्रयोग द्वारा आतंकित करने के उपरान्त स्थायित्व की कामना से आये इन विदेशी शासकों को स्थायित्व का प्रथम सोपान धर्म में परिलक्षित हुआ जो शांति-पाठ कर रहे बहुमत में व्याप्त बौद्धों में दिखाई पड़ा होगा, इनका आशीर्वाद प्राप्त करके ये विदेशी शासक न केवल जन-हृदय के निकट पहुँचे बल्कि इन्होंने बौद्धों, स्थानीय तत्कालीन आभिजात्य अभिरुचियों में समाई प्रवृत्तियों को सौन्दर्य के प्रतीक-रूप में स्तूप के चतुर्दिक् निर्मित वेष्टनियों एवं स्तम्भों पर

---

१. रोमिला थापर—**भारत का इतिहास**, पृ० ८८। भगवतशरण उपाध्याय- **गुप्तकाल का सांस्कृतिक इतिहास**, पृ० २९.

२. "ततः साकेतमाक्रम्य पांचालान् मथुरांस्तथा, यवनाः दुष्टविक्रान्ताः प्राप्यस्यन्ति कुसुमध्वजम्" (**गार्गी संहिता**—(युगपुराण) पृ० ३२, १.९४.

३. भगवत शरण उपाध्याय—**गुप्तकाल का सांस्कृतिक इतिहास**, पृ० ३६ से उद्धृत।

उत्कीर्ण करने की संरक्षा एवं स्वच्छन्दता प्रदान कर भारतीय संस्कृति के उन्नायक होने का गौरव एवं स्थायित्व दोनों प्राप्त किया। इस प्रकार मथुरा की कला की पृष्ठभूमि में तत्कालीन समाज, बौद्धों की अभिरुचि, अधः पतित आभिजात्य संस्कृति एवं विदेशी आक्रान्ताओं की राजनीतिक समझ निहित है, जिसके कारण सौन्दर्याभिव्यंजक मूर्तिराशि के उत्कीर्णन का कार्य कुषाण शासक कनिष्क की संरक्षा में प्रारम्भ हुआ था। मथुरा के कलाकारों के कलात्मक उद्बोध को उजागर करते हुए नीहार रंजन रे के शब्द हैं "वर्णनात्मक नक्काशियों वाले शिल्पों की देशज परंपरा के तारतम्य का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व उच्च नक्काशी वाले शिल्पों की वह शृंखला करती है, जो मथुरा के विभिन्न स्थलों से संगृहीत स्तम्भ आधारों के तथा स्तम्भों के अगले भागों की सपाट भूमि पर देखने को मिलती है। शैली की दृष्टि से इनमें से अधिकांश दूसरी शताब्दी के लगते हैं और जहाँ कुछ नक्काशियों में बुद्धों, बोधिसत्त्वों, तथा पुरुष आकृतियों को अंकित किया गया है, वहीं अधिकांश नक्काशियों में उर्वरता पर जोर देने वाली, सचेत कामुक भावों के साथ यक्षिणियों, अप्सराओं या शृंगार करती हुई अथवा अपने प्रिय पक्षियों के साथ खेलती हुई स्त्रियों की नंगी या अर्धनंगी आकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। विषयवस्तु एवं निरूपण दोनों में शुंग काण्व-कुषाण कालों की मृण्मूर्तियों के साथ इनके घनिष्ठ संबंध का संकेत तुरन्त मिलता जाता है। भरहुत, बोधगया और सांची की वृक्षिकाओं एवं यक्षिणियों के साथ इनके पारंपरिक संबन्ध को भी नकारा नहीं जा सकता। लेकिन पहले की स्वतः स्फूर्त गति अब चेतन चेष्टाओं में बदल गई है और पहले के प्रतीक अब ऐन्द्रिय या यहाँ तक कि कामुक सांकेतिकता का वाहन हो गए हैं। लंबे सुडोल पैरों, भरे गोल वक्षों और सहजता से गोल बनाए गए मोड़ों से युक्त भारी नितम्बों वाली अपेक्षाकृत लंबी आकृतियाँ जो अब सिर्फ उर्वरता के विचार को संप्रेषित नहीं करतीं बल्कि शिथिल या चुस्त गर्म जीवित मांस का संकेत देती हैं, एक ऐसे बुर्जुआ परिष्कार की झलक देती हैं जो भारतीय अभिघटन कला में हमें पहली बार दिखाई पड़ता है। स्पष्टतः यह कला चेतन रूप से कामपरक है और यह बात इन्द्रियों को सुख देने के लिए नितम्ब के बाहर की ओर क्षेप, सर या किसी एक हाथ के हल्के मोड़ जैसे भावों द्वारा और मुखर हो गई है। यहाँ तक कि पुरुष आकृतियों में भी शारीरिक रूप और प्रतिरूपण ऐंद्रिय बल्कि कामुक अनुभव में समर्थ जीवित मांस का स्पष्ट संकेत देते हैं।"[१]

---

१. नीहाररंजन रे—**मौर्य तथा मौर्योत्तर कला,** पृ० ६१-६२.

अन्त में डॉ० रे के उक्त कथन के परिप्रेक्ष्य में यहाँ यह तथ्य स्पष्ट कर देने की आवश्यकता है कि कुछ विद्वानों के मथुरा कला पर लोक अथवा देशज प्रभाव मानने पर भी, इस बात के औचित्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, कि किसी भी कला की पृष्ठभूमि समाज से बाहर नहीं हो सकती, और जहाँ पूरे समाज की उस समय की प्रतिनिधि संस्कृति के अस्तित्व का प्रश्न हो वहाँ देशज या लोक शब्द का उल्लेख महत्वहीन हो जाता है, कारण बिना अभिरुचि के कोई योजना कार्यान्वित नहीं हो सकती, इसलिए मथुरा कला के निर्माण की पृषठभूमि में समकालीन एवं परम्परागत सम्पूर्ण घटक उत्तरदायी हैं।

धर्मशास्त्रों में नारी अपराध

डॉ० प्रतिभा त्रिपाठी

इलाहाबाद

Our *Dharmaśāstras* have taken a more serious view of the crimes of adultery committed by women than those committed by men because the conduct of a woman is more of reflecting or of transference nature in any society than that of a man.

अपराध शास्त्र, कामशास्त्र एवं मानवीय मनोवृत्तियों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि अतृप्त कामनाओं के कारण ही मनुष्य सद्-असद् का विवेक भूलकर अपराधोन्मुख हो जाता है। अधिकांश अपराध मनुष्य अपनी किसी इच्छा विशेष की पूर्ति के उद्देश्य से करता है। अतृप्त कामनाएँ स्त्री-पुरुष दोनों में पाई जाती हैं और दोनों को अपराध की ओर प्रवृत्त होते देखा गया है। प्राचीन धर्मशास्त्रकारों ने नारी के स्वभावगत आपराधिक प्रवृत्तियों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया है। मनु के अनुसार नारियों का स्वभाव है कि वे अपने हाव-भाव से पुरुषों को विमोहित कर उनमें दूषण उत्पन्न कर देती हैं।[१] कामजन्य दोष से, चित्त की चंचलता से, स्वभाव से और स्नेह का अभाव होने से यत्नपूर्वक सुरक्षित भी ये नारियाँ अपने पतियों से विमुख प्रकृति वाली हो जाती हैं।[२] धर्मशास्त्रकारों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नारी अपनी अतृप्त वासनाओं के कारण काम, क्रोध से वशीभूत होकर मूर्ख और बुद्धिमान पुरुषों को भी पथभ्रष्ट करने में समर्थ होती हैं।

मनु का उपर्युक्त वक्तव्य स्त्री समाज के पथभ्रष्ट वर्ग विशेष को दृष्टि में रखकर कहा गया है। उक्त कथनों में नारी के पुत्री रूप की शुभ्रता, मातृरूप की स्निग्धता तथा भार्या रूप की सहकारिता एवं उपयोगिता की उपेक्षा की गयी है। इसके परोक्ष में मनु

---

१. मनुस्मृति– २/२१३

२. मनुस्मृति–९/१५

का यह आशय निहित प्रतीत होता है कि नारी का स्वभाव व्यभिचारशील है। स्वभावगत दुर्बलता के कारण अथवा अतृप्त कामनाओं के कारण नारी पुरुष को व्यभिचार आदि आपराधिक कृत्य की ओर उन्मुख करती है। इसीलिए मनु ने स्त्री के साथ एक पात्र में भोजन करना, शयन करना निषिद्ध माना है और छींकती हुई, जम्हाई लेती हुई, सुखपूर्वक बैठी हुई, आँखों में अञ्जन लगाती हुई, आवरणरहित और प्रसव करती हुई, स्त्री को देखने का निषेध किया है।[१]

स्मृतियों से पूर्व वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इस दुर्बल पक्ष की ओर संकेत मिलते हैं। ऋग्वेद के एक अंश के अनुसार स्त्री में सख्यभाव का पूर्णतया अभाव परिलक्षित होता है। उसका हृदय वृक के समान क्रूर है–

"न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति सालावृकाणां हृदयान्येता।"

–ऋग्वेद १०/९५/ १५.

दूसरे स्थान पर उसके मन-मस्तिष्क को नियन्त्रण से परे बताया गया है।

"इन्द्रश्चिद्ध तदब्रवीत स्त्रियां अशास्यं मनः।

मैत्रायणीय संहिता –(१/१०-११) में स्त्री को मिथ्या स्वरूप कहा गया है।

तै० सं० में स्त्री को नितान्त निर्बला के रूप में वर्णित किया गया है।

"तस्मात्स्त्रियो निरिन्द्रिया..............."

वैदिक साहित्य का परिशीलन करने पर ज्ञात होता है कि ऋग्वेद काल से ही नारी अपराध होते थे। सम्भवतः इसका कारण कन्याओं का वयस्क अवस्था में विवाहित होना था। ऐसी दशा में यह स्वाभाविक था कि कुछ स्त्रियों का एक वर्ग-विशेष भावुकता एवं मानवीय दुर्बलतावश निकृष्ट पुरुषों के संसर्ग में आकर विपथ हो जाता था। ऋग्वेद में ऐसी संरक्षकहीन विपथ स्त्रियों के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं–[२] अनेक स्थानों पर पुरुषों के साथ स्त्रियों के गुप्त प्रेम का उल्लेख मिलता है।[३] ऐसी स्त्रियाँ कभी-कभी अपनी अवैध सन्तानों का बहिःक्षेप करती हुई प्रदर्शित की गयी हैं।[४]

---

१. मनुस्मृति–४:४३, ४४

२. ऋग्वेद–१/९२४/ ७,४/५/५, ८/३५/५

३. ऋग्वेद – ९.६६.४, १/११७/१८, १/१३४/३

४. ऋग्वेद –२.२९.१

धर्मसूत्रकारों ने स्त्री द्वारा "संग्रहण" को अत्यधिक गम्भीर अपराध माना है। **विष्णु धर्मसूत्र** में रजस्वला स्त्री का उच्च वर्ण के व्यक्ति को स्पर्श करना एवं संभोग कराना गम्भीर अपराध माना गया है। ऐसी स्त्री के लिए कोड़ों से प्रताड़ित करने का विधान किया गया है।[१] गौतम के अभिमत में स्त्री को व्यभिचार के पश्चात् प्रायश्चित्त करना चाहिए। जो स्त्री उक्त नियम का पालन नहीं करे, उसे कुत्ते से नुचवाने का निर्देश है।[२] गौतम की उक्त दण्ड व्यवस्था अबुद्धिपूर्वक गमन करने वाली स्त्री के विषय में है किन्तु वशिष्ठ ने यह दण्डविधान बुद्धिपूर्तक गमन करने वाली स्त्री के विषय में किया है।[३] **आपस्तम्ब धर्मसूत्र** में शूद्र के साथ गमन करने वाली स्त्री को व्रतादि कठोर नियम-व्यवस्था से पीड़ित करने को कहा गया है। परन्तु यह विधान उस त्रैवर्णिक स्त्री के विषय में समझना चाहिए जिसके कोई सन्तान न हो क्योंकि धर्मशास्त्रकारों का ऐसा मत है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य की स्त्रियाँ शूद्र से समागम के पश्चात् यदि गर्भिणी नहीं होती हैं तो प्रायश्चित्त से शुद्ध हो जाती हैं।[४]

याज्ञवल्क्य ने स्त्री द्वारा हीन वर्ण के पुरुष के साथ समागम करना गम्भीर अपराध माना है। **मिताक्षरा** की टीका सुबोधनी व बालम्भट्टी का मत है कि प्रतिलोम क्रम से गमन करती हुई स्त्री का अपराध अधिक है। इस अपराध के लिए नाक, कान काटने का विधान किया गया है। परन्तु यह व्यवस्था अनुलोम क्रम से गमन करने पर नहीं दी जाती है क्योंकि इसमें दोष की न्यूनता होती है। इस अवस्था में गुणवद् व अगुणवद् के आधार पर अपराध का निर्धारण होगा।[५] **स्मृतिचन्द्रिका** ने याज्ञवल्क्य को उद्धृत कर कहा है-"यहाँ नारी के लिए भी दण्ड का विधान होने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह कथन पारस्परिक अनुराग से उत्पन्न वैषयिक उपभोग के विषय में है। साथ ही ऐसी स्त्री को कठोर दण्ड का निर्देश दिया गया है। अतः यह प्रतीत होता है कि यह दण्डविधान उस स्त्री के लिए है जिसके निकट के सम्बन्धी उससे सती चरित्र का पालन करवाना चाहते हैं।

---

१. विष्णुधर्मसूत्र—उद्धृत, व्यवहारकाण्ड ३, पृ० -१८४६

२. गौतमधर्मसूत्र—२३/१४

३. वसिष्ठस्मृति—२१/१

४. आपस्तम्बधर्मसूत्र - २/१०/२७/१०

५. याज्ञवल्क्यस्मृति- २/२८६ पर सुबोधनी, बालम्भट्टी की व्याख्या।

सजाति के विषय में तथा अनुलोमगमन के विषय में स्त्री का अपराध पुरुष के अपराध से आधा माना जाता है, इसी के आधार पर दण्ड का निर्धारण भी किया जाता है क्योंकि याज्ञवल्क्य के उक्त मत में वधदण्ड के आधे अर्थात् नाक-कान काटने का दण्ड विहित किया गया है। कात्यायन के अभिमतानुसार एक ही प्रकार के अपराध में पुरुष को जितना दण्ड मिलता है, स्त्री को उसका आधा दण्ड देना चाहिए। जैसे यदि किसी अपराध विशेष में पुरुष को वधदण्ड मिलता है तो स्त्री को उसका आधा अर्थात् "अंगच्छेदन दण्ड" देना चाहिए।[१]

प्रायः सभी धर्मशास्त्रकारों ने अनिच्छा से या धोखों से संभुक्त नारी को भी अपराधिनी माना है। परन्तु उनके लिए दण्ड विधान नहीं था, उन्हें प्रायश्चित्त के द्वारा पवित्र होना पड़ता था। नारद स्मृति में ऐसी स्त्री को घर में गुप्त रूप से रखने तथा उसके लिए शृंगार वर्जना की व्यवस्था की है। ऐसी स्त्री को भूमि पर शयन करना चाहिए तथा मात्र जीवन-यापन के लिए अन्न ग्रहण करना चाहिए। हीन वर्ण के पुरुष द्वारा भोगी हुई स्त्री या तो त्याज्य है या वध्य।[२]

मनु के अनुसार यदि स्त्री-पुरुष के परस्पर अनुमति से व्यभिचार हो या काम के वशीभूत होकर कोई स्त्री पुरुष के पास स्वयं जाए तो वह गम्भीर रूप से अपराधिनी मानी जाती है।[३] बृहस्पति भी मनु के मत का समर्थन करते हैं। बृहस्पति के अनुसार यदि स्त्री स्वयं किसी पुरुष के घर जाकर स्पर्शादि से प्रलोभित करके कामोत्तेजित कर दे, वहाँ नारी गंभीरतम रूप से अपराधिनी होती है।[४]

कात्यायन ने भी कामभाव से किसी स्त्री का स्वयं आकर कामाचार करना गम्भीर अपराध माना है। पति के परदेश चले जाने पर यदि कोई स्त्री अभिसार करे तो उसका अपराध उपर्युक्त अपराध से कम होता है। कात्यायन ने ऐसी व्यभिचारिणी स्त्री को बन्धन में रखने का निर्देश दिया है।[५] वसिष्ठ ने व्यभिचार में सहमति वाली स्त्री के लिए

---

१. कात्यायन स्मृति—४८७

२. नारदस्मृति—उद्धृत स्मृतिचन्द्रिका—३२३

३. मनुस्मृति—८/३५८

४. बृहस्पतिस्मृति—उद्धृत स्मृतिचन्द्रिका ३२०

५. कात्यायनस्मृति—उद्धृत विवाद रत्नाकर—४००-४०५

शिरोमुण्डन करवाकर, सिर में घृत लगवाकर गधे पर नंगा करके बिठाने एवं घुमाकर मृत्यु यात्रा के लिए भेज देने की व्यवस्था दी है।[१]

गौतम एवं मनु ने अपने से छोटी जाति के व्यक्ति से व्यभिंचार करने पर उस स्त्री को जिसे रूप का गर्व है या जो अपने माता-पिता के धन का घमण्ड करती है कुत्तों से कटवाकर मार डालने की व्यवस्था की है।[२] वृद्ध हारीत ने व्यभिचारिणी या गर्भपातकारिणी स्त्री को पति द्वारा नाक-कान या अधर कटवाकर निकाल देने को कहा है। श्लोक–२२-२१ में आया है कि व्यभिचारिणी नारी को कटाग्नि में जला डालना चाहिए।[३]

नारद व कात्यायन ने कतिपय स्थितियों में स्त्री को निरपराधिनी माना है। यदि नपुंसक पुरुष अपनी पत्नी को स्वेच्छा से किसी परपुरुष को दे तो स्त्री का अपराध नहीं होता।[४] कात्यायन ने पराधीन स्त्री के साथ संभोग करने पर पुरुष का ही अपराध माना है।[५]

याज्ञवल्क्य स्मृति में स्त्रियों के तीन प्रमुख अपराधों का उल्लेख मिलता है।

१. निम्न जाति के साथ व्यभिचार करना

२. भ्रूण हत्या करना

३. अपने पति की हिंसा करना।[६]

मिताक्षरा की व्याख्या से कुछ इस प्रकार की प्रतीति होती है कि हीन वर्ण के साथ व्यभिचार करना ब्राह्मणी स्त्री के लिए पतन का कारण कहा गया है। अन्य वर्ण की स्त्री के लिए नहीं। इस मत की पुष्टि वहीं पर उद्धृत शौनक के मत से भी होती है–"पुरुष के पतन के जो निमित्त होते हैं वही स्त्री के भी होते हैं। किन्तु ब्राह्मणी हीन वर्ण की सेवा करने पर अधिक पतित होती है। सम्भवतः इन्हीं पतन के कारणों का

---

१. वसिष्ठस्मृति –२१/१-३

२. गौतमस्मृति – २३/१४. मनु स्मृति –८/३७१

३. बुद्ध हारीत –७/१९२, २२०-२१

४. नारदस्मृति –१५/६१

५. कात्यायनस्मृति–उद्धृत विवाद रत्नाकर ३८६

६. याज्ञवल्क्यस्मृति - ३/२९७

प्रतिपादन करने के लिए इससे पूर्व **याज्ञवल्क्यस्मृति** में मिताक्षरा द्वारा उद्धृत व्यास ने शूद्र के साथ व्यभिचार से गर्भधारण करने वाली, भ्रूण हत्या करने वाली, ब्रह्महत्या आदि पाप करने वाली, गुरु के साथ संभोग करने वाली, शिष्य के साथ संभोग करने वाली स्त्रियों को त्याज्य माना है।[१]

याज्ञवल्क्य के उक्त मत के आधार पर **मिताक्षरा** ने त्याग की व्याख्या उपभोग और धर्म कार्य से त्याग देना किया है, घर से निष्कासित करना नहीं। क्योंकि "निरुन्ध्यादेकवेश्मनि" तथा व्यास में आए हुए "जुङ्गित" पद का अर्थ "प्रतिलोमजचर्मकारादि" किया है।[२]

मनु के अनुसार सन्तान के लोभ से जो स्त्री पति का उल्लंघन करती है और परपुरुष-गमन करती है अथवा नीचवर्ण के पति को छोड़कर उच्चवर्ण के पति को ग्रहण करती है, वह इस लोक में निन्दित होती है और मरने के बाद शृगाल योनि को प्राप्त करती है तथा पापरोगों से पीड़ित होती है।[३] याज्ञवल्क्य ने व्यभिचारिणी स्त्री को सभी अधिकारों से वंचित कर तिरस्कृत जीवन यापन का निर्देश दिया है।[४]

धर्मशास्त्रों में स्त्रियों के समलैंगिक मैथुन को अत्यंत गम्भीर अपराध माना है। मनु ने ऐसी कन्या को जो दूसरी कन्या को दूषित करती हैं उसके पिता पर ४०० पण का दण्ड और अपराधिनी कन्या को दस कोड़े या बेत से ताड़ित करने का विधान किया है।[५] यदि कोई स्त्री किसी कन्या की योनि को अंगुलि प्रक्षेपण से दूषित करे तो तत्काल उसका शिरोमुण्डन एवं करच्छेदन कराकर गधे पर चढ़ाकर घुमाए।[६] गौतम के मत में यदि कन्या ही किसी कन्या की योनि को दूषित करने की चेष्टा करे तो गम्भीर अपराध होता है।[७]

---

१. याज्ञवल्क्यस्मृति -१/७२ पर मिताक्षरा द्वारा उद्धृत व्यास की व्याख्या।

२. याज्ञवल्क्यस्मृति –१/७२,

३. मनुस्मृति–५/१६१, १६२, १६३

४. याज्ञवल्क्यस्मृति–१/७०

५. मनुस्मृति–८/३६९

६. मनुस्मृति–८/३७०

७. गौतमस्मृति–उद्धृत सरस्वतीविलास–४७२

परन्तु यह कहना अनुचित होगा कि स्त्रियों के अपराध केवल व्यभिचार से सम्बन्धित होते थे। धर्मशास्त्रों का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि उनमें नारी द्वारा किए गए कई अन्य अपराधों का भी उल्लेख हुआ है। मनुस्मृति एवं याज्ञवल्क्य स्मृति में हत्यारिणी स्त्री का उल्लेख प्राप्त होता है। याज्ञवल्क्य के अभिमत में जो स्त्री विष से किसी को मार डालने की या आग लगाने की योजना बनाती है या जिसने अपने पति, गुरुजनों एवं अपनी सन्तान का वध किया है, उसे नाक, कान, अधर काटकर बैलों के सींगों में बाँधकर लहूलुहान करके मार डालना चाहिए।[१]

मनुस्मृति नें स्त्रियों के छः अपराधों का वर्णन किया है–मद्यादि मादक द्रव्यों का सेवन करना, दुष्टों का संसर्ग, पति से अलग रहना, इधर-उधर निरर्थक घूमना, असमय में सोना और दूसरे के घर में निवास करना।[२] इसी तरह से मनु ने दुराचार करने वाली, मारने या फटकारने वाली, और अधिक धन व्यय करने वाली स्त्री को भी अपराधिनी माना है।[३] जो स्त्री मना करने पर भी विवाहादि उत्सवों में निषिद्ध मद्यपान करे, और सबके सामनें नाचने गाने में सम्मिलित हो, वह स्त्री छः कृष्णल अर्थदण्ड से दण्डित होती है।[४] स्वेच्छा से विवाह करने वाली स्त्री माता-पिता, भाई के दिए अलंकार, धनादि यदि ग्रहण करती है तो चोर के समान अपराधिनी होती है।[५]

उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि धर्मशास्त्रों में स्त्रियों के व्यभिचार सम्बन्धीं अपराध विशेषरूप से तथा हत्या, मद्यपान, स्वेच्छाचारिता आदि अपराध स्वल्प रूप से दृष्टिगत होते हैं। धर्मशास्त्रकारों ने स्त्रियों के व्यभिचार सम्बन्धी अपराधों को पुरुषों की अपेक्षा अधिक गम्भीर माना है। इसका कारण यह है कि पुरुषों की अपेक्षा नारी का व्यभिचारशील होना समाज के लिए अधिक संक्रामक होता है। यही कारण है कि धर्मशास्त्रकारों ने स्त्रियों के प्रति कठोर दृष्टिकोण रखकर व्यभिचार पर नियंत्रण करने की चेष्टा की। दूसरा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि मनु, याज्ञवल्क्य, नारद आदि ने स्त्री के अपराध एवं दण्ड का निर्धारण करते समय वर्ण की अनुलोमता एवं प्रतिलोमता पर विशेष

---

१. याज्ञवल्क्यस्मृति–२/२७८, २७९

२. मनुस्मृति–९/१३

३. मनुस्मृति–९/८०

४. मनुस्मृति–९/८४

५. मनुस्मृति–९/९२

ध्यान रखा है। यही कारण है कि श्रेष्ठ पुरुष के साथ संगति करती हुई कन्या अपराधिनी नहीं है जबकि अपने से हीन जाति के साथ संगति करना गुरुतर अपराध माना गया है। व्यभिचार-अपराध के दण्ड निर्धारण में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि स्त्री ने व्यभिचार काम भाव से स्वयं किया है अथवा धोखे से या बलात् संभुक्त की गयी है। मनु और याज्ञवल्क्य का तुलनात्मक अध्ययन करने पर पता चलता है कि याज्ञवल्क्य की अपेक्षा मनु नारी के अपराधों के प्रति अधिक कठोर दृष्टि रखते हैं। नारद, कात्यायन के विचारों में अधिक उदारतापूर्ण दृष्टि परिलक्षित होती है। धर्मसूत्रकारों में विशेष रूप से गौतम ने नारी अपराधों का गम्भीर रूप ग्रहण करते हुए तदनुरूप कठोर दण्ड व्यवस्था का निर्देश किया है। नारी के प्रति दण्ड निर्धारण में प्रायः सभी धर्मशास्त्रकारों के मत में साम्य परिलक्षित होता है। प्रायः सभी धर्माचार्यों ने पुरुष को देने वाले दण्ड का आधा दण्ड नारी के लिए निर्धारित किया है।

भारतीय कला में मनके

मानिक चन्द्र गुप्ता

इलाहाबाद

The author in this paper has thrown light on the different types and usages of beads. The use of beads as a source of beautification of the body of women as well as of the stone-images and *stambhas* (posts) have been an important aspect of Indian Art from times immemorial. These are the basic evidences of the economy and the cultural consciousness of the society.

भारतीय कला में मनकों का निर्माण महत्वपूर्ण कलात्मक पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। "मनके" अंग्रेजी के "बीड्स" शब्द का हिन्दी अनुवाद है। इनका सम्बन्ध कला से है। सभ्यता के आदिम-चरण से कला और जीवन का अपरिहार्य सम्बन्ध रहा है। मूलतः जीवन की अभिव्यक्ति ही कला का रूप धारण करती है। कला की आत्मा सौन्दर्यानुभूति है। सौन्दर्यानुभूति प्रकृतितः जीवन की इच्छा है। इस प्रकार कला और जीवन सापेक्ष हैं। इस पृष्ठभूमि में मनकों की आवश्यकता एवं उपादेयता को समझा जा सकता है।

मानव ने सर्वप्रथम किस प्रकार स्वयं को आभूषित किया होगा? मनकों के प्रथम निर्माता के मन में क्या आदर्श रहे होंगे और इस ज्ञान के क्या स्रोत रहे होंगे? मनके कैसे बने? इत्यादि प्रश्नों का पूर्णतया उत्तर देना असम्भव नहीं तो दुष्कर अवश्य है। एतद्विषयक पीटर फ्रांसिस का कथन उल्लेखनीय है, "मानव पाषाण और अन्य अपेक्षाकृत् कम टिकाऊ वस्तुओं का प्रयोग उपकरणों के रूप में २० लाख वर्षों से अधिक समय से करता रहा है। लगभग ३५००० वर्ष पूर्व तकनीक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए और मनुष्य ने उपकरणों के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं का निर्माण प्रारम्भ किया। ये कला के प्रथम प्रारूप थे। मनके प्रथम कलावस्तु के परिचायक हैं। जैसा कि हम आशा करते हैं कि सर्वप्रथम मनके अपक्व हैं परन्तु वे मानव की कहानी में मील के पत्थर का प्रतिनिधित्व करते हैं।"[१]

---

१. पीटर, फ्रांसिस, (१९८०) "दि अर्लिएस्ट बीड्स इन इंडिया"

प्रारम्भिक भारतीय मनकों की समस्या पर विगत दशकों में नया प्रकाश पड़ा है। पुरातात्त्विक साक्ष्यों के आलोक में कहा जा सकता है कि मनकों का प्रारम्भ उच्च पूर्वपाषाण काल में हो चुका था।[१] गंगाघाटी में मध्य पाषाण युगीन नर-कंकालों के प्राप्त होने से मनकों के विषय में हमारी जानकारी बढ़ती है। ये नर-कंकाल अस्थि-निर्मित हार एवं कुण्डल धारण किए हुए हैं। इसके अतिरिक्त विविध आकार-प्रकार के अस्थि एवं शृंग-निर्मित आभूषण उपलब्ध हुए हैं।[२] बेलन घाटी में नवपाषाणिक महगड़ा नामक उत्खनित स्थल से मिट्टी के मनके एवं छिद्रयुक्त सीप के आभूषण प्राप्त हुए हैं।[३] ताम्रपाषाणिक स्थलों एवं दक्षिण भारत और विन्ध्य क्षेत्र की बृहद् पाषाणिक समाधियों के उत्खननों से मनकों का प्राप्त होना इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण है।

हड़प्पा की संस्कृति में मृत्पात्र एवं मुद्रा-निर्माण के समान ही मनकों के निर्माण का एक विकसित व्यवसाय था। इस संस्कृति को प्रकाश में लाने वाले सभी स्थलों से बहुसंख्यक मनके प्राप्त हुए हैं। ऐतिहासिक स्थलों में मुख्य रूप से तक्षशिला,[४] हस्तिनापुर,[५] अहिच्छत्रा,[६] कौशाम्बी,[७] राजघाट,[८] वैशाली,[९] इत्यादि उल्लेखनीय हैं, जहाँ से प्रभूत मात्रा में मनके प्राप्त हुए हैं।

प्रागैतिहासिक काल में मात्र अस्थि और शृंग को ही आभूषण के लिए प्रयुक्त किया गया है। ताम्रपाषाणिक युग में बहुमूल्य पत्थरों, धातुओं और मिट्टी का प्रयोग हुआ है। हड़प्पा-संस्कृति से सम्बन्धित अनेक स्थलों एवं ऐतिहासिक काल के स्थलों से मिलने वाले मनके इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि अगेट, कोराल, कार्नेलियन, गारनेट, ग्रेनाइट, जैस्पर, लैपिस-लैजुली, टोपाज, इत्यादि बहुमूल्य पत्थरों का प्रयोग मनकों के निर्माण के

---

१. वही, (१९८० ए) "अर्ली ह्यूमन एडार्नमेन्ट इन इण्डिया आर्ट : दि अपर पैलियोलिथिक (बुलेटिन डेकन कालेज) रिसर्च इंस्टीट्यूट, ४०

२. जी० आर० शर्मा, वी० डी० मिश्र, "एक्सक्वेशंस एट महदहा", इलाहाबाद, १९८०

३. जी० आर० शर्मा, मण्डल, डी० "एक्सक्वेशंस एट महगड़ा", पृ० ८६, १९७७-७८

४. एच० सी० वेक, "बीड्स फ्राम टैक्सिला", मेमॉयर्स आफ दि ए० एस० आइ०, नं० ६५

५. बी० बी० लाल, "एक्सक्वेशंस एट हस्तिनापुर", एन्शिएण्ट इण्डिया, नं० १०-११ पृ० ९२, १९५०-५२

६. एम० जी०दीक्षित, "बीड्स फ्राम अहिच्छत्रा", एन्शिएण्ट इन्डिया, नं० ८, पृ० ३३-६३, १९५०

७. जी आर० शर्मा, "एक्सक्वेशन्स एट कौशाम्बी", पृ० १०५-२५, १९४८-५०

८. ए० के० नारायन, पुरुषोत्तम सिंह, "एक्सक्वेशंस एट राजघाट", पार्ट ३, पृ० २२-५०, १९७७

९. एन्शिएन्ट इण्डिया नं० ८

लिए किया गया। कांचली मिट्टी, पेस्ट, मिट्टी, शंख, हाथीदांत आदि के भी मनके बनते थे। धातुओं में सोना, चांदी, और तांबे का विशेष प्रयोग मनकों के निर्माण में हुआ था।

भारतीय मनकों के आकार-प्रकार में विविधता दर्शनीय है। आकार-प्रकार के आधार पर इन्हें हम अनेक वर्गों में रख सकते हैं। यथा-बेलनाकार, छोटे ढोलाकार, लम्बे ढोलाकार, अण्डाकार, अर्द्धवृत्ताकार, डिस्क, गोलाकार, रेखांकित, खण्डशः विभक्त, पेण्डेन्ट इत्यादि। इन मनकों को परस्पर एक सूत्र में क्रमशः पिरोकर हार, वलय, मेखला आदि बनाया जाता है। योरोपीय देशों की तरह भारत में भी शिल्पियों ने कलाकृतियों के निर्माण में मनकों को विशिष्ट स्थान प्रदान किया है। हड़प्पा से उपलब्ध मृण्मूर्तियों से इस तथ्य की प्रवल पुष्टि होती है। मृण्मूर्तियों का साक्ष्य इस बात का द्योतक है कि स्त्रियाँ मनकों से निर्मित मेखला पहनती थीं।

सौन्दर्य-वर्धन के साधन के रूप में मनकों की अद्वितीय भूमिका रही है। साहित्यिक विवरण इसके प्रमाण हैं कि नारी की सौन्दर्यवृद्धि नाना प्रकार के आभूषणों से होती है। यथा–

"नानाभरणसंयोगाद्यथा नार्या विभूषणम्"। (वायु पुराण ८७/२४, ब्रह्माण्ड पुराण ३/६२/२४)

इन आभूषणों के निर्माता के लिए "शिल्पी" शब्द का उल्लेख मिलता है।

यथा–

"विश्वकर्मा___शिल्पी___भूषणादिषु।" (मत्स्य पुराण ५/२७/२८)

मनकों से निर्मित आभूषण मुख्य रूप से हार एवं मेखला के रूप में प्रयुक्त है। एतद्विषयक साहित्यिक साक्ष्य सिद्ध करते हैं कि इसका प्रयोग स्त्री-पुरुष दोनों ही करते थे।

भारतीय कला के विविध आयामों ने मनकों से स्वयं को अलंकृत किया है। इस सम्बन्ध में कौशाम्बी की विशिष्ट कलाकृतियाँ उल्लेखनीय हैं। पाषाण प्रतिमाओं में बोधिसत्त्व की प्रतिमा जो यज्ञोपवीत धारण किए हुए प्रदर्शित है वह मनकों के प्रयोग से अलंकृत है। इस प्रतिमा के गले में मनकों की बनी माला है। इसी प्रकार वस्त्र-विन्यास से चित्रित एक अन्य बोधिसत्व की प्रतिमा में मनकों का बना हार आकर्षक है। शिरों को मनकों की आकृतियों से सजाया गया है। एक खण्डित पाषाण-प्रतिमा में नारी मनकों के बने हार एवं मेखला से अलंकृत है। एक खण्डित स्तम्भ में उत्कीर्ण मिथुन मूर्ति में नारी की मेखला में मनकों का रूप प्रदर्शित है। मातृ-गोद में चित्रित शिशु गले में हार एवं कमर में करधनी धारण किए है, जो मनकों से चिह्नित हैं।

पाषाण-प्रतिमाओं को ही नहीं अपितु पाषाण-स्तम्भों को भी मनकों से बनी माला से अलंकृत किया गया है। अनेक मृण्मूर्तियों में मनकों का चित्रण आभूषण के रूप में हुआ है। कौशाम्बी[१] के निकटस्थ मैनहाई नामक स्थल से उपलब्ध पाषाण प्रतिमाओं में भी उक्त तथ्य का अंकन मिलता है। खण्डित नारी प्रतिमा में उत्कीर्ण मेखला मनकों के व्यवहरण का सुन्दर दृष्टान्त है। कला के महत्वपूर्ण अवयव के रूप में मनकों का महत्व इस बात से भी सिद्ध होता है कि पशुओं के अंकन में भी इनका समान उपयोग किया गया है। इसी स्थल से प्राप्त एक पाषाण-निर्मित अश्व की गर्दन पर माला उत्कीर्ण है, जो मनकों से बनी प्रदर्शित है। दो डील वाले ऊंट एवं सिंहों से उत्कीर्ण घंटाकृति का निम्न भाग मनकों से आवृत अंकित है। सांची, भरहुत, कुम्हार (पटना), मेहरौली, कौशाम्बी, अमरावती, मथुरा, महोली, वृन्दावन, सोख, जमसोत, (इलाहाबाद) आदि स्थलों से प्राप्त शालभंजिकाएं मनकों से निर्मित हार एवं मेखला से सुसज्जित हैं।[२]

मनकों का प्रयोग हार के रूप में गले में एवं मेखला के रूप में कटिप्रान्त में किया गया है। इसके अतिरिक्त हस्ताभूषण में वलय के रूप में भी इनका प्रयोग किया गया है, जैसा कि कौशाम्बी की अनेक कलाकृतियों से स्पष्ट है। पेन्डेन्ट के रूप में भी मनकों का उपयोग मिलता है। इसको स्त्री-पुरुष सभी धारण करते थे जैसा कि साहित्यिक साक्ष्य भी इसकी पुष्टि करते हैं–

"वलयांगद केयूर हार___। (वायुपुराण ४५/४५)

अमरावती और अजन्ता से प्राप्त मूर्तियों में भी मनकों का सुन्दर स्वरूप देखने को मिलता है। कण्ठाभूषण का उल्लेख वैदिक ग्रन्थों से ही प्राप्त है।

यथा–

'हिरण्यकर्णं मणिग्रीवम्' (ऋग्वेद १/१२२/१४)

नागार्जुनी कोण्डा[३] की कला कृतियों में एक स्थल पर नारी को कण्ठ में हार पहने हुए चित्रित किया गया है। अजन्ता की एक मिथुन मूर्ति में स्त्री और पुरुष दोनों ही गले में हार पहने हुए हैं। अन्यत्र नागार्जुनी कोण्डा[४] की एक दम्पति-मूर्ति में स्त्री और पुरुष आकृतियाँ कमर में मेखला धारण किए हैं।

---

१. द्रष्टव्य, संग्रहालय, प्राचीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।

२. यू० एन० राय, शालभंजिका, पृ० ३९-७४, १९७८

३. पी० आर० रामचन्द्रराव, "आर्ट्स आफ नागार्जुन कोंडा "फलक ५३, पृ० १४०

४. वही, फलक ४०, पृ० ११४

प्राचीन भारतीय जीवन के विभिन्न पक्षों का भी बोध मनकों के माध्यम से होता है। यह एक विशिष्ट उद्योग को इंगित करता है। मनकों के निर्माताओं के एक समुदाय का भी अस्तित्व विदित होता है। शिल्पियों के सामाजिक स्तर क्रम और अर्थव्यवस्था की भी जानकारी होती है। मनकों के आकार-प्रकार एवं निर्माण हेतु प्रयुक्त पदार्थों से आर्थिक स्थिति का अनुमान किया जा सकता है। बहुमूल्य पत्थरों पर बने मनके निश्चित रूप से धनी लोगों के रहे होंगे। मिट्टी एवं अन्य निम्न कोटि के पत्थर पर बने मनके निर्धन वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

आभूषण ही सौन्दर्य वर्धन के प्रमुख साधन हैं। सौन्दर्य के प्रति मानव की जागरूकता बौद्धिक चेतना के स्तर को द्योतित करती है। बौद्धिक चेतना से समाज विशेष की सांस्कृतिक चेतना का अनुमान होता है। मनकों का निर्माण विशिष्ट तकनीक का भी परिचायक है। इस प्रकार मनके जहाँ एक ओर कला को समृद्ध करने में सहायक हैं, वहीं दूसरी ओर समाज के विविध पहलुओं की जानकारी के मूलसाक्षी हैं।

गढ़वाल के प्रमुख संस्कृत-कवि एवं उनके काव्य

डॉ० जयकृष्ण गोदियाल

श्रीनगर, गढ़वाल

The ancient kings of Garhwal were well versed in Sanskrit and supported Sanskrit poets who enriched the Sanskrit literature with their writings on various subjects. In the present paper the writer has attempted to throw light on the ancient tradition of Sanskrit writings and their authors.

विश्व-साहित्य में अपनी निर्विवाद प्राचीनता, महत्ता तथा समृद्ध साहित्यिक-परम्परा के लिए संस्कृत-वाङ्मय सम्पूर्ण विश्व में सुप्रसिद्ध व सर्वोत्तम है। भाषा-विज्ञान के क्षेत्र में जो नवीनतम शोधकार्य व अन्वेषण हुए हैं उनके अध्ययन से स्पष्ट है कि संसार की समस्त भाषाओं की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से ही हुई है।[१]

भारतवर्ष के समस्त प्रान्तों में संस्कृत-भाषा के अध्ययन-अध्यापन की परम्परा नितान्त प्राचीन है। इस भाषा ने भारतीय जन-जीवन एवं उसके साहित्य को प्राचीन काल से ही अनुप्राणित किया, जिसका गहन प्रभाव भारतीय-मानसिकता पर आज भी परिलक्षित होता है। संस्कृत-लेखन की परम्परा को सृष्टि-रचना से जोड़ना कोई अतिशयोक्ति न होगी। सहस्रों वर्षों के उत्थान और पतन की ऐतिहासिक गाथाओं के सूक्ष्म विश्लेषण से यह सुस्पष्ट है कि प्राचीनकाल में समस्त आर्यावर्त की बोलचाल की भाषा संस्कृत थी। इसी कारण भारतीय-जीवन पर इसकी अमिट छाप दृष्टिगोचर होती है। यदि हम भारतीय जन शुद्ध, सात्विक अन्तःकरण से अपने आचार-विचार, धर्म-दर्शन, संस्कृति-सभ्यता, कला, इतिहास तथा वैयक्तिक जीवन का आत्मनिरीक्षण करते हुए उस पर चिन्तन-मनन करें, तो, हमें निःसन्देह यह अनुभूति होती है और की जा सकती है कि समस्त भारतीय लोगों का

---

१. *An Introduction to Comparative Philology*. Dr. P.D. Gune page-99-105
भाषा विज्ञान, डॉ० कर्णसिंह, पृ० ४९, ८०, १५४-२०४,

जीवन संस्कृतमय था तथा आज भी है। निष्कर्ष यह है कि संस्कृत भाषा भारतीय-संस्कृति की पर्याय है।

भारतीय जीवन को प्रतिबिम्बित करने वाली संस्कृत काव्य-धारा आर्यावर्त में सदैव सर्वत्र समान रूप से प्रवाहित होकर भारतीय जन-जीवन तथा उसके अनुपम साहित्य को सिंचित, पल्लवित एवं पुष्पित करती रही है।

उत्तुङ्ग हिमालय के शिखरों से प्रवहणशील अगाध जलधारा वाली भगवती भागीरथी जिस प्रकार, अनादि काल से, अपने अमृतमय रस से भारत-भूमि को सस्य-सम्पन्न एवं समृद्धिशाली बनाती आयी है उसी प्रकार गढ़वाल में, जिसे केदारखण्ड-देवभूमि आदि अनेक नामों से जाना जाता है, काव्य-स्रोतस्विनी वैदिक-काल से ही प्रवाहित होती रही है और उसने संस्कृत-वाङ्मय को सदैव समुन्नत किया है।

वैदिक काल से लेकर महाभारत काल तक इस प्रदेश में धार्मिक तथा आध्यात्मिक चेतना के अनेक ऐसे प्रेरणादायी केन्द्रों, मठों, विद्यापीठों व आश्रमों का उल्लेख मिलता है[१] जिनमें संस्कृत शिक्षण की व्यवस्था थी। इन आश्रमों में कई वैदिक एवं पौराणिक ऋषि-मुनियों व तपस्वियों ने साहित्य-साधना करते हुए परम-पुरुषार्थ को प्राप्त किया। उत्तरवर्ती काल में इसी परम्परा में भारतीय संस्कृति के आदर्श स्वामी रामतीर्थ, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द आदि महात्माओं ने देवभूमि गढ़वाल को साधना केन्द्र के रूप में अपनाया और उनमें कुछ सन्त काव्य-रचना करते हुए पञ्चतत्त्व में यहीं विलीन हो गये। इन आराधकों द्वारा विरचित अधिकांश साहित्य यद्यपि संरक्षण सुविधाओं के अभाव में विनष्ट होता गया, फिर भी, गढ़वाल में संस्कृत-वाङ्मय की विविध विधाओं पर लिखे गये असंख्य काव्य तथा शास्त्रादि प्रकाशित व अप्रकाशित रूप में आज भी उपलब्ध हैं, जो यहाँ (हिमालय) की सांस्कृतिक, सामाजिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, राजनैतिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, साहित्यिक तथा कलात्मक विशेषताओं एवं दीर्घकालीन अमोघ परम्पराओं को प्रकाशित करने की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण तथा उपादेय हैं। इन महत्त्वपूर्ण किन्तु अप्रसिद्ध ग्रन्थों के अध्ययन से कई ऐसे ऐतिहासिक तथ्य सामने आ सकते हैं जो आज तक अस्पष्ट हैं और संपूर्ण विश्व में विद्वानों के चर्चा के विषय बने हुए हैं। आर्यों के मूल स्थान के विषय में जहाँ विश्व भर के विद्वानों में आज भी

---

१. **उत्तराखण्ड का इतिहास**, भाग—१, २।

वैमत्य है वहीं एक शताब्दी पूर्व गढ़वाल में लिखे गये 'कनकवंश महाकाव्य' में कवि ने ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर इस प्रदेश को आर्यों का मूल स्थान माना है।[1]

गढ़वाल में संस्कृत-वाङ्मय की जो अभिवृद्धि हुई उनमें काव्य, नाटक, ज्योतिष, धर्मशास्त्र, तन्त्रविद्या, कर्मकाण्ड, आयुर्वेद, स्तोत्र, निबन्ध तथा कोशग्रन्थ प्रमुख हैं। इन समस्त काव्यों, शास्त्रीय ग्रन्थों एवं उनके रचयिताओं का विस्तृत विवरण देना प्रस्तुत प्रसंग में संभव नहीं है, किन्तु, गढ़वाल में विद्यमान संस्कृत लेखन की परम्परा एवं उसके कतिपय प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करना ही इस शोधपत्र का मुख्य विषय है।

वैसे तो संस्कृत-साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र, सरस्वती के विख्यात कलाकार महाकवि कालिदास को भी कतिपय विद्वानों ने गढ़वाली सिद्ध करने का प्रयास किया है और इसकी प्रामाणिकता के लिए चमोली जिले में स्थित प्राचीन मन्दिर कालीमठ तथा उनके द्वारा किये गये हिमालय के सूक्ष्म वर्णनों को साक्ष्य माना गया है, किन्तु, वास्तविकता यह है कि अपनी प्रतिभा के प्रकाश से सम्पूर्ण विश्व को आलोकित करने वाले कालिदासादि महाकवियों की महत्ता की इयत्ता देश तथा काल की परिधि से घेरी नहीं जा सकती। वे सार्वदेशिक तथा सार्वकालिक कवि थे। कालिदास के साहित्य में केवल हिमालय तथा गढ़वाल का ही सूक्ष्मातिसूक्ष्म वर्णन उपलब्ध नहीं होता, अपितु, उसमें सम्पूर्ण आर्यावर्त के भौगोलिक व प्राकृतिक चित्रण के साथ-साथ मानव धर्म का प्रतिपादन हुआ है।

इसी विषय-विशदता के कारण संस्कृत साहित्य के अध्येता, महाकवि कालिदास को कभी हिमालय का, कभी बंगाल का, व कभी उज्जयिनी का सिद्ध करते रहे हैं। इस प्रसंग में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि महाकवि कालिदास भारत के थे। प्राचीन कवियों की चिन्तन-दृष्टि ऐसी ही थी। संकीर्णता आज की शिक्षा की देन है।

ऐतिहासिक प्रमाणों से स्पष्ट होता है कि गढ़वाल के समस्त प्राचीन प्रशासक संस्कृतज्ञ, विद्याप्रेमी एवं संस्कृत-कवियों के आश्रयदाता थे। पँवारवंशीय प्रथम राजा 'कनक पाल' सातवीं शताब्दी में यहाँ का शासक था। उसके दरबार में कई संस्कृत-महाकवियों के रहने के संकेत मिलते हैं।[2] गढ़वाल के संस्कृत-कवियों में, जिनकी रचनाएँ आज उपलब्ध होती हैं, तेरहवीं शताब्दी के 'भट्ट अल्लाटनाथ' का नाम उल्लेखनीय है। महाकवि

---

१. **कनकवंश महाकाव्य,** १ व २ सर्ग।

२. **उत्तराखण्ड का इतिहास,** भाग ३.

'अल्लाटनाथ' सूर्यसेन नरेश के सभाकवि थे। इस महाकवि ने **'निर्णयामृत'** तथा **'सकल-पुराणसमुच्चय'** नामक दो संस्कृत काव्यों की रचना की जो क्रमशः धर्मशास्त्र व पौराणिक विषयों का प्रतिपादन करते हैं। धर्मशास्त्र के प्रमुख सिद्धान्तों के प्रतिपादन की दृष्टि से **'निर्णयामृत'** प्रामाणिक व ख्यातिप्राप्त ग्रन्थ है।

सोलहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में गढ़वाल नरेश 'मानशाह' के आश्रित तथा राजज्योतिषी महाकवि 'भरत' ने **'मानोदय'** नामक महाकाव्य की रचना की। इस काव्य में राजा मानशाह द्वारा चम्पावत नरेश को पराजित करने के वर्णन के साथ-साथ श्रीनगर की प्राकृतिक-सुषमा का हृदयग्राही चित्रण किया गया है। यह काव्य संस्कृत के ऐतिहासिक महाकाव्यों –**महाभारत, बुद्धचरित, विक्रमांकदेवचरित, राजतरंगिणी** जैसी समृद्ध व प्राचीन परम्परा-का अनुवर्तक है। इसी समय 'मेधाकर' नाम के एक अन्य महाकवि हुए। ऐतिहासिक उद्धरणों से स्पष्ट होता है कि महाकवि मेधाकर 'भरत' कवि के वंशज थे। इन्होंने भी कई काव्यों की रचना की। इनकी रचनाओं में **'रामायण प्रदीप'** महत्त्वपूर्ण कृति है। राहुलसांकृत्यायन के अनुसार महाकवि 'मेधाकर' प्रदीपशाह के समकालीन थे, जिनका समय १७१७ ई. माना जाता है।

'रामायण प्रदीप' में प्रदीपशाह की ऐतिहासिक गाथा के साथ-साथ राम का पवित्र आदर्श-चरित्र वर्णित है। प्रदीपशाह के अतिरिक्त इसमें अजयपाल, मानशाह, महीपतिशाह, पृथ्वीपतिशाह, फतेशाह एवं उपेन्द्रशाह आदि गढ़नरेशों की वंशावली, उनकी वीरता तथा तत्कालीन ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक घटनाओं का भव्य चित्रण किया गया है।

उत्तरवर्त्ती समय में मेधाकर कवि के पुत्र 'रामदत्त' संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित हुए। इन्होंने प्रद्युम्नशाह की प्रशस्ति के रूप में **'प्रद्युम्नोदय'** नामक काव्य लिखा।

अठारहवीं शताब्दी में देवलगढ़ के समीप बहुगुणा वंश में उत्पन्न 'कुमुदानन्द' बहुगुणा, माघ-भवभूति-श्रीहर्ष आदि-प्राचीन कवियों की परम्परा के महाकवि हुए। महाकवि 'कुमुदानन्द' ने **'सुदर्शनोदय'** नामक काव्य लिखा। इस काव्य में यहाँ के तत्कालीन शासक राजा सुदर्शनशाह, जो अनेक संस्कृत कवियों के आश्रयदाता थे, की जीवन-गाथा, गोर्खा शासन तथा श्रीनगर में टिहरी में राजधानी स्थानान्तरित करने का रोचक वर्णन किया गया है।

रस-छन्दोलंकार आदि समस्त काव्य-तत्त्वों की संयोजना की दृष्टि से भी यह काव्य महत्वपूर्ण है। इसमें वर्णन किया गया है कि राजा सुदर्शनशाह के शासन काल में वेदों के अध्ययन व उनके श्रवण की विशेष व्यवस्था थी।

सुदर्शनशाह के दरबार में संस्कृत के विभिन्न विषयों के प्रतिभाशाली विद्वान् विद्यमान थे। इनमें सत्यानन्द और दुर्गादत्त ज्योतिष के प्रकाण्ड पण्डितों में गिने गये हैं। इतिहासकारों ने इन दोनों कवियों को महान व अद्वितीय ज्योतिषी स्वीकार किया है। 'गुलदस्त तवारीख' के लेखक मीयाँ प्रेमसिंह के मतानुसार इनके समान ज्योतिषी न कोई हुआ है और न कोई होगा।[१]

गढ़वाल के ज्योतिषी विद्वानों की परम्परा यद्यपि काफी समृद्ध रही है, तो भी, इस परम्परा में पूर्वोक्त आचार्यों के अतिरिक्त 'वासवानन्द' ज्योतिषी का नाम उल्लेखनीय है। इनका समय सत्रहवीं शताब्दी का उत्तरार्ध माना गया है। इनका एकमात्र ग्रन्थ "प्रश्नसिन्धु" उपलब्ध होता है। इसमें संस्कृत के ललित छन्दों में ज्योतिष के सिद्धान्तों की व्याख्या की गई है। इन्होंने अपनी कृति के विषय में लिखा है :–

श्रीवासवानन्दकवेः प्रबन्धे प्रश्नाख्यसिन्धौ विमलोक्तियुक्ते
युक्तोष्टमोसौ त्रिविधिरेववृत्तैः वंशाभिधानो रुचिरस्तरंगः

महाकवि वासवानन्द विद्वत्ता के साथ ही महान पराक्रमी, स्वाभिमानी, कुशल तान्त्रिक एवं चातुर्य के धनी व्यक्ति थे। गढ़वाल में अंग्रेजों के प्रवेश के विरोध में पण्डितराज वासवानन्द ने बगावत का झण्डा खड़ा करने के साथ ही भूमिगत आन्दोलन भी चलाया।

सुदर्शनशाह के आश्रय में रहने वाले संस्कृत-विद्वानों में महाकवि 'हरिदत्त' शर्मा नौटियाल को विशेष ख्याति मिली। इनकी विद्वत्ता से प्रभावित होकर राजा सुदर्शनशाह ने इन्हें राजगुरु एवं धर्माधिकारी के पद पर नियुक्त किया। इनका धर्मशास्त्रीय ज्ञान उच्चकोटि का था। इन्होंने अनेक काव्यों की रचना की। इनकी कृतियों में **सभा-भूषण नाटक, विष्णुस्मृति, धर्म्मवल्ली, लघुरामायण, लघुभागवत्, नक्षत्रमालास्तोत्र, गंगालहरी, श्रृंगा-रलता, रामायणदीपिका, कामदूत, भोज्यावलि, उभयार्थसूचिका** आदि काव्य महत्वपूर्ण हैं।

महाकवि हरिदत्त शर्मा ने सभी शास्त्रों में अगाध पाण्डित्य प्राप्त किया था, फिर भी, काव्य-रचना में उनकी विशेष रुचि थी। गढ़वाल के संस्कृत कवियों में इनका विशिष्ट स्थान है। संस्कृत-वाङ्मय में इनका योगदान विशेष महत्व रखता है। इनके ज्येष्ठ भ्राता विष्णुदत्त भी संस्कृत के अच्छे कवि थे, किन्तु इनका कोई भी काव्य उपलब्ध नहीं होता।

---

१. **गुलदस्त तवारीख पृ० ८६.**

कतिपय उल्लेखों के अनुसार रस विषयक शास्त्रीयग्रन्थ 'शृङ्गारलता' की रचना इन दोनों बन्धुओं ने संयुक्त रूप से सम्पन्न की थी।

उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में श्रीनगर के समीपस्थ डाँग नामक गाँव में उर्वीदत्त डंगवाल नाम के कवि हुए। इन्होंने 'एडवर्डवंशम्' महाकाव्य लिखा। इस काव्य में कवि ने आंग्लदेशीय राजाओं का ऐतिहासिक तथा राजनैतिक वर्णन करते हुए बीस शताब्दियों की प्रमुख घटनाओं का विवेचन किया है। उत्तराखण्ड में लिखा गया यह एक उच्चकोटि का ऐतिहासिक महाकाव्य है। इसी समय डबरालस्यूँ पट्टी में सदानन्द डंगवाल नाम के एक अन्य कवि हुए जिन्होंने 'नर नारायण' नाम का काव्य लिखा। इस काव्य में सृष्टि-वर्णन के साथ ही अनेक पौराणिक उपाख्यान वर्णित हैं। यह काव्य धार्मिक महाकाव्यों की परम्परा का श्रेष्ठ रत्न है। सदानन्द डंगवाल ने इस महाकाव्य के अतिरिक्त 'रास-विलास' नामक एक गीतिकाव्य भी लिखा जो कि श्रीमद्भागवत् की रास-लीला पर आधृत है। यह काव्य कृष्ण और गोपियों की पारस्परिक अनुरक्ति, भक्ति तथा तन्मयता का प्रतीक है।

गढ़वाल में सदानन्द नाम के एक अन्य कवि हुए। इनका स्थान देवप्रयाग माना गया है। इन्होंने टिहरी नरेश कीर्तिशाह की प्रशंसा में बारह सर्गों का 'कीर्तिविलास' महाकाव्य लिखा।

महाराजा फतेशाह के दरबारी कवि रामचन्द्र कण्डियाल ने उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में अपने आश्रयदाता की तारीफ में 'फतेशाह यशोभूषण' काव्य की रचना की। यह काव्य संस्कृत एवं प्राकृत भाषा में लिखा गया है।

पौड़ी के समीप कोठार गाँव के निवासी विजयानन्द बहुगुणा ने उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में प्राकृतिक-प्रकोप बाढ़ की विनाश-लीला का वर्णन करते हुए 'बिरहीनदोदय' नामक काव्य-रचना की। इस काव्य में कवि ने बाढ़ का नैसर्गिक चित्रण किया है।

जिन प्रमुख संस्कृत कवियों एवं उनकी कृतियों का यहाँ विवेचन किया गया है, उनके अलावा अन्य बहुत से महाकवि इस उत्तराखण्ड (गढ़वाल) में हुए और इन्होंने शताधिक काव्यों का प्रणयन किया। इनमें जटाधर, देवराज कवि, हरिकृष्ण दौर्गादत्ति रुडोला, जिनेन्द्र भारतीय, रामप्रसाद हटवाल, शिव प्रसाद भारद्वाज, परमानन्द कोटियाल व चण्डी प्रसाद आदि कवियों का संस्कृत वाङ्मय में अविस्मरणीय योगदान रहा है। संस्कृत-साहित्य के पाश्चात्य समीक्षकों में सुप्रसिद्ध विद्वान् मैक्समूलर ने हरिकृष्ण दौर्गादत्ति रुडोला की

काव्य-प्रतिभा एवं उनके काव्यों–'शतश्लोकी रघुवंश' व 'प्रस्तावपुष्पाञ्जलि'–की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।

गढ़वाल में संस्कृत-विद्वानों की प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा आज भी साहित्य-सृजन में तल्लीनता के साथ अग्रसर है। बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में यहाँ बालकृष्ण भट्ट नाम से विख्यात महाकवि हुए। इन्होंने अपनी काव्य-प्रतिभा के प्रकाश से संस्कृत-साहित्य को गौरवान्वित किया है। महाकवि भट्ट की तीस से भी अधिक कृतियाँ समुपलब्ध हैं, जिनमें कुछ अभी भी अप्रकाशित हैं। इनकी प्रकाशित रचनाओं में **'कनकवंशमहाकाव्य', स्वतन्त्रभारत, तपोवनशतकम्,** काव्यप्रबन्ध उच्चकोटि के काव्य हैं। इनमें कतिपय काव्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किए गये हैं। महाकवि भट्ट का **'कनकवंश'** महाकाव्य संस्कृत-साहित्य के ऐतिहासिक महाकाव्यों की परम्परा में सर्वोत्तम रचना है। सत्ताईस सर्गों के इस महाकाव्य में साठ से अधिक गढ़नरेशों की सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक उत्थान-पतन की विस्तृत गाथाओं के चित्रण के साथ ही गढ़वाल की भौगोलिक एवं प्राकृतिक सम्पदाओं की प्रामाणिक विवेचना की गई है। गढ़वाल के प्राचीन इतिहास की जानकारी की दृष्टि से यह काव्य अत्यधिक उपयोगी एवं प्रामाणिक है।

प्रस्तुत लघु शोध-निबन्ध में जिन कवियों का उल्लेख किया गया है उनके अतिरिक्त गढ़वाल में कई अन्य विद्वान् कवि हुए जिन्होंने संस्कृत-वाङ्मय की विभिन्न काव्य-धाराओं को अपनी कृतियों से समलङ्कृत व समृद्ध किया। ऐसे कवियों में–मालू पंडित, बदरीदत्त शर्मा, महीधर, पंडित मोहनानन्द, सुरेशानन्द जोशी, मित्रानंद जोशी, भोलादत्त शास्त्री, लीलानन्द गोदियाल, श्रीधरानन्द घिल्डियाल, वाचस्पति गैरोला, शशिधर शास्त्री, श्रीकृष्ण सेमवाल, मार्गदत्त शर्मा, परमानन्द पाण्डेय-प्रभृति का नाम उल्लेखनीय है। इन साहित्यकारों में कुछ आज भी साहित्य-साधना में तल्लीन हैं और अपने विश्वविश्रुत संस्कृत-वाङ्मय को समृद्ध बनाने में लगे हुए हैं।

प्रस्तुत विवेचन से स्पष्ट हो जाता है कि 'शिव' की लीलास्थली, ऋषि-मुनियों की तपोभूमि हिमालय-गढ़वाल में अनादिकाल से काव्य रचना होती रही है और वह साधना आज भी निर्विघ्न रूप से जारी है जिस पर स्वतंत्र अध्ययन अपेक्षित है।

संस्कृत धातुपाठों में पठित धातुओं का समूहीकरण

(ध्वनि और अर्थ की दृष्टि से)

डॉ० सुमन सैनी

हरियाणा

Sanskrit amounting to 9375 *dhātus,* enumerated in traditional *dhātupāthas* may be reduced to 800, when examined in the light of the principles of Phonetics and Semantic. According to author, this will also help in tracing the line of development of Sanskrit *dhātus.*

संस्कृत-भाषा के धातुओं का प्राचीनतम रूप ऋग्वेद में उपलब्ध होता है। परन्तु संस्कृत, ग्रीक और लैटिन से भी प्राचीन भारोपीय-भाषा का अस्तित्व भाषा-वैज्ञानिकों द्वारा सिद्ध किया जा चुका है, जो इन भाषाओं की जननी थी। इस लुप्त भारोपीय-भाषा का वाल्डे पॉकार्नी, बुगमैन, वॉकरनागल, मायरोफर आदि विद्वानों द्वारा पुनर्निर्माण एवं व्याख्या की गई है, जिससे इस प्राचीन भारोपीय-भाषा में भी शब्दों के आधारभूत धातुओं की सत्ता सिद्ध होती है। संस्कृत-धातुओं का मूल-आधार भी भारोपीय धातु थे परन्तु इन भारोपीय-ध्वनियों के संस्कृत में रूपान्तरण तथा परिवर्तन का प्रभाव संस्कृत धातुओं पर पड़ा और भारोपीय-भाषा के अनेक धातु संस्कृत-भाषा में आने पर लुप्त अथवा परिवर्तित हो गए। जैसे eo-अ में, ēō-आ में परिवर्तित हुआ। भारोपीय तालव्यवर्ग अंशतः संस्कृत में ऊष्म-ध्वनियों में परिणत हो गया जैसे ky-श में। भारोपीय कण्ठ्य और कण्ठौष्ठ्य वर्ग संस्कृत में कण्ठ्य और तालव्य वर्ग में परिणत हो गया व समस्त मूर्धन्य वर्ग और तालव्य-वर्ग संस्कृत में आकर ही विकसित हुआ। इन ध्वनि-परिवर्तनों से अनेकानेक भारोपीय-धातु लुप्त, परिवर्तित तथा रूपान्तरित हो गए।

भारोपीय-धातुओं के संस्कृत में आने पर संस्कृत-धातुओं पर मूर्धन्य ध्वनियों, प्राकृत धातुओं, प्रादेशिक-विभाषा और संस्कृतेतर-भाषाओं के धातुओं का भी प्रभाव पड़ा तथा इससे कई नवीन धातु सत्ता में आए। वैदिक-संहिताओं की भाषा में प्रयुक्त ५० प्रतिशत धातुओं

का सम्बन्ध भारोपीय-भाषा के धातुओं से जोड़ा जा सकता है। परन्तु लौकिक-संस्कृत-साहित्य में प्रयुक्त संस्कृत-भाषा की धातुओं में यह प्रतिशत घट कर २७% रह गया है।

संस्कृत-व्याकरण-परम्परा के धातु पाठों में हमें साहित्य में प्रयुक्त एवं लोक में प्रचलित धातुओं का सङ्कलन प्राप्त होता है। धातुपाठों में सङ्कलित धातुओं का केवल एक-तिहाई भाग ही संस्कृत में साहित्यिक ग्रन्थों में प्रयुक्त है। संभवतः धातुपाठकारों की यह प्रवृत्ति रही थी कि उन्होंने साहित्य में प्रयुक्त रूपों के साथ ही प्रदेश-विशेष में बोले जाने वाले तत्तद् धातु के वैभाषिक-रूपों का भी ग्रहण धातुपाठों में किया। काशकृत्स्न-धातु-व्याख्यानम् में पठित कुल धातुओं की संख्या ४५७३ है। पल्सुले महोदय ने अपने *Concordance of Sanskrit Dhātupāṭhas* में संस्कृत-धातु-पाठों में पठित रॉथ-,[१] ह्विटने[२] और मोनियर विलियम्स[३] द्वारा स्वीकृत सभी संस्कृत धातुओं का सङ्कलन किया है। इसमें विभिन्न गणों में पठित भिन्न-भिन्न धातुओं की संख्या ९३७५ तक जा पहुँची है। इसका कारण मुख्य रूप से संस्कृत-भाषा में विविध-प्रदेशों में हुए क्रमिक विकास के कारण हुए स्थानीय प्रभाव, प्राकृत-प्रभाव, विविध ध्वनिवृत्तियों जैसे सादृश्य, लिपि, लोप, आगम, शब्दसिद्ध्यर्थ-धातु, अनुकरणात्मक धातुओं के धातुपाठों में समावेश से एक ही धातु का अनेक धातुओं में रूपान्तरण तथा अत्यधिक विस्तार होता गया। परन्तु वास्तव में यह इन धातुओं का प्रपञ्च मात्र ही है। इन सभी धातुओं का उपलब्ध ध्वनि सिद्धान्तों के आधार पर समूहीकरण कर देने पर धातुपाठों में पठित कई हजार धातुओं की संख्या मात्र ८०० के लगभग रह जाती है। इस शोधपत्र में धातुओं का समूहीकरण करते हुए केवल उसकी ध्वनि को ही दृष्टि में नहीं रखा गया प्रत्युत् उसके अर्थ की पृष्ठभूमि में ही ध्वनियों के परस्पर साम्य का विवेचन किया गया है।

समूहीकरण के सिद्धान्तों का निर्धारण वाकरनागल- (*Altindische Grammatik*), मैक्डॉनल- **(वैदिक व्याकरण)**, ज्यूलब्लॉख **(भारतीय आर्य भाषा)**, पिशेल **(प्राकृत भाषाओं का अध्ययन)**, जी.बी. पल्सुले आदि विद्वानों द्वारा निर्दिष्ट ध्वनि-नियमों के अनुसार किया गया है।

गुण और वृद्धि हुए धातु के स्वर वाले रूपों को एक समूह में लिया गया है जैसे इष्-एष्, इन्ध्-एध्, ऊष्-ओख्,गुह् गोह्, ऋज् अर्ज, तिप्-तेप् आदि। आधुनिक भाषा-वैज्ञानिक गुण-स्वर को मूल-स्वर मानते हैं तथा मूल-स्वर को उससे निष्पन्न करते हैं परन्तु पल्सुले के अनुसार मूल-स्वर ही मौलिक माने जाने चाहिए।[४]

---

१. Roth- *Sanskrit Wörterbuch.*

२. Roots, Verb-forms and their primary Derivatives.

३. *A Sanskrit-English Dictionary.*

४. *Skt Dps.*, p. 168

ह्रस्व स्वर वाले को धातुओं के दीर्घ-स्वर-युक्त रूप को भी एक समूह में रखा जाएगा जैसे—इण्, ईष्, धुर्व-धूर्व, कुट्-कुट्, कृ-कॄ, जृ-जॄ आदि।

इसके अतिरिक्त अन्य अनेक धातुओं में सम्प्रसारण होकर बनें दूसरे धातुओं को भी एक ही समूह में रखा जाएगा जैसे दिव्-द्यु, प्यै-पी, प्रथ्-पृथ् कप्-कृप्, त्वर्-तूर् आदि।

व्यञ्जनों से सम्बन्धित सिद्धान्त

स्वरों के समूहीकरण के सिद्धान्तों के उपरान्त व्यञ्जनों के समूहीकरण के लिए प्रयुक्त ध्वनि-सिद्धान्तों के अनुसार धातुओं का वर्गीकरण किया जाएगा। धातु-समूह देकर पादटिप्पणी में धातुओं के अर्थ तथा अन्य आवश्यक सूचना भी देने का प्रयास किया गया है, जिससे अर्थ-विकास का भी अनुमान हो सके। पादटिप्पणी में दिए गए अर्थ मुख्य रूप से धातुपाठों में पठित अर्थ हैं।

जहाँ धातु की पुनरुक्ति है, वहाँ अर्थ दोबारा नहीं दिया गया। जिन धातुओं के सामने किसी धातु-पाठकार का नाम दिया है, उसे केवल वही धातुपाठ देता है अन्य धातुओं को प्रायः सभी ने दिया है अतः किसी का नाम नहीं दिया गया। जो धातु प्राकृत अथवा आधुनिक भारतीय भाषाओं में मिलते हैं, उनका निर्देश किया गया है, अन्य सभी संस्कृत धातु है।

धातुओं के समूहीकरण में व्यञ्जनों से सम्बन्धित सिद्धान्त निम्नलिखित हैं :

क. एक वर्ग के व्यञ्जन एक समूह में—

एक वर्ग के व्यञ्जन से युक्त धातु प्रायः एक समूह में रखे गए हैं। प्रादेशिक विभाषाओं में प्रायः एक ही व्यञ्जन वर्ग के व्यञ्जनों में अन्तः परिवर्तन देखा जाता है। ब्लूमफील्ड तथा एडगर्टन[१] ने वैदिक पाठान्तरों में एक ही वर्ग के व्यञ्जनों के परिवर्तनों के अनेक उदाहरण दिए हैं। इनमें से मूल-व्यञ्जन कौन-सा रहा, यह कहना कठिन है। वैयाकरण व आधुनिक भाषाशास्त्री ऐसा मानते हैं कि भाषा का प्रवाह कठोरता से सरलता की ओर जाता है। इसी सिद्धान्त के आधार पर उन्होंने महाप्राण व्यञ्जनों को मूल माना है। यहाँ भी इसी का अनुसरण किया गया है परन्तु साथ ही यह सिद्धान्त भी माना गया है कि जो धातु वैदिक साहित्य तथा मूल भारोपीय भाषा में उपलब्ध होते हैं, वे प्राचीन रूप हैं।

---

१. वैदिक वैरिएन्ट्स. पृ. २०

*g^{w}hən[१]	*$g^{hәs}$ घस्, हस्[२]	alg^{w}h[३]
घन्/हन्		अर्घ्, अर्ह्
अंघ् अंह्, (विप.)	घष्, घंष् गस् जक्ष् (द्वि.)	अर्क्, अर्च्, ऋच्
अघ्	घिंष् ग्रस् (म. व्य. आ.)	
अग्	ग्लस्	
अक्		
घग्घ् (अनु. धा.)[४]	घर्ब्[५]	घम्ब्[६]
	गर्ब्	गम्ब्
गग्घ् घघ्		
खक्ख्	खर्ब्	खम्ब्
कक्ख्--जक्ख (जक्ष्)		
कख्	कर्ब्	कम्ब्
कक्, कर्क् (वो)		
कक्क (काश.)	चर्ब्	चम्ब्
कग् (कात.)		
घृ-गृ, गृ[७]		मघ् मङ्घ्[८]
घुर् गर् गल्		मंह्, मह मङ्ग्
घूर् गर्द्		मख्, मङ्ख्
घूर्ण् कर्द्		मङ्क्
		मक्क् (वो.)

---

१. हिंसा गत्याक्षेप, पाप, कुटिल गति
संघात

२. खाना खाना खाना
हंसना हंसना
चमक

३. योग्यत्व मूल्य, पूजन चमक
पूजन

४. हंसना (अनुकरणात्मक मूल)

५. गति

६. गति

७. गृ (शब्दार्थक) और घृ सेचनार्थक का परस्पर ध्वनि और अर्थ की दृष्टि से साम्य प्रतीत होता है। घुर्, घूर शब्दार्थ में व घूर्ण भ्रमणार्थ में मिलता है।

८. महान् होना-पूजनीय-मण्डन-गति-मण्डन-गति (मण्डन, गत्याक्षेप)

कई धातुओं के उदाहरण ऐसे मिलते हैं, जिनमें वर्ग का प्रथम वर्ण वाला रूप ही भारोपीय भाषा में उपलब्ध होता है तथा उससे अन्य रूप विकसित हुए प्रतीत होते हैं।

*krizd[1]				*kél[2]	
क्रीळ्				कळ्	
क्रीड्			कर्	कल्	गण्
			कुर्	कल्ल् (जै.)	गन्
किड्ड्	क्रुड् (काश.)	कील्, किल्		कड्	
	कुर्द्, कूर्द्, खुर्द्				
खिड्ड्		केल् क्ष्वेल--खेल् क्वेल(जै.)		कण्	
	खूर्द् (वो.)	केण् खेण् (काश.)			
खेड्ड्	गुर्द्	खैल्			
खेल्	घुर्द् (काश.)				

च वर्ग

चम्[3]	चर्च्[4]	gyeus[5]		कुच्[6]	
छम्	जर्च्	जुष्, युष्			
जम्	जर्ज्	जूष्	कुज्		कुञ्च्
झम्-झिम् (काश.)	चर्छ्	झूष्	कुञ्ज्		
	झर्च्				
	झर्झ्				
	झर्छ्				

चृत्[7]	जि[8]
छृत्-छेद्, छिद्र	ज्यु
	झु (काश.)
	झ्यु (मै. चा.)

---

१. क्रीड् के सभी वैभाषिक रूप खेलना अर्थ में मिलते हैं। कूर्द कूदना अर्थ में है।

२. कल् शब्द धारण, गणना से करना, गिनना शब्द करना अर्थों में विकसित हुआ तथा कुर्- शब्दे अर्थ में।

३. चम् का क्रिया-रूप **काठकसंहिता** व **मनु.** (४, २१२) में मिलता है तथा शेष सभी वैभाषिक धातु अदन अर्थ में।

४. चर्च् लिप्त होना अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। उपर्युक्त सभी धातु परिभाषण अर्थ में मिलते हैं।

५. प्रसन्नता

६. संकोच > स्तेयकरण

७. छेदन

८. जय > गति

एडगर्टन ने इस प्रकार के उदाहरण चन्-जन्,[१] प्र + अ च् तथा प्र + अ ज् तथा च् - अज् एवं चर् - जर् (ज्) तथा राज्-रोच्[२] दिए हैं।

त वर्ग

तवर्ग की ध्वनियों के साथ ही ट वर्ग की ध्वनियों से युक्त धातु भी इसी वर्ग में समाहित हैं क्योंकि ट वर्ग संस्कृत में *त वर्ग से ही विकसित हुआ है अतः टवर्ग के प्रायः सभी उदाहरण इसी वर्ग में आ जाते हैं। इस वर्ग की ध्वनियों पर 'ग्रासमैन नियम' भी लागू होता है जिसमें एक शब्द में दो महाप्राण आने पर प्रथम् वर्ण का अल्पप्राणीकरण हो जाता है।

*dheu[३]		अर्द्[४]	अर्त[५]	अत्	धा[६]		*ध्राध्[७]	
धू		अड्ड्	अट्ट्		दध्			
दुह्		अड्	अट्-	इट्	दद्	ध्राख्	द्राघ्	राघ्
			अठ्		दा	धाङ्क्ष्		
			एठ्				द्राख्	द्राह्
							द्राक्	
							द्राक्ष्	
त्रौक्[८]		*teks[९]			त्रुट्[१०]			धमा[११]
तौक्								
टौक्		तक्		तक्ष्	तुट्			धमति> नमति
ढौक्	तिक्	तङ्क	तच्	त्वक्ष्	(प्रा.) टुट्		तुड्, तुण्ड्	
ढुक्क्	तिग्	तङ्ग	तञ्च्	त्वक्	(प्रा.) टूट्		तूड्	
	तिघ् (क्षी.)		तञ्ज्	त्वच्			ताड् (वो. हे. शा.)	

१. वैदिक वैरिएन्ट्स, पृ. ३३

२. वही पृ. ३२

३. धू मूलतः वृक्ष के फल झाड़ने के अर्थ में आता रहा होगा और द्विकर्मक है बाद में दुह् दूध अलग करने के लिए प्रयुक्त हुआ और द्विकर्मक है।

४. ऋद्, अर्द् ऋ. वे. में गति व हिंसा अर्थ में है। अट्ट् का धातुपाठों में 'अभियाग' अर्थ मिलता है।

५. अर्त् से (समी.) अट्ट् तथा अत् से भी अट आदि धातुओं की व्याख्या की जा सकती है। ये सभी धातु गति अर्थ को द्योतित करते हैं। इट् ऋ.वे. (१०, १७, १) में मिलता है। वैदिक वैरिएन्ट्स में ईट्टे व ईळे का पाठान्तरण प्राप्त होता है (पृ. ३५)

६. धा मूल मान कर उससे दा का विकास माना जा सकता है।

७. द्राघ्-आयास, सामर्थ्य,शोषण,शब्द आदि अर्थों में विकसित हुआ। द्राह्, निद्राक्षय अर्थ में माना गया है।

८. गति अर्थ में विकास। ढौक् का महाभारत आदि में प्रयोग मिलता है।

९. तक्ष् गति अर्थ से कृच्छ गति में तथा तञ्च् भी इसी अर्थ में विकसित हुआ।

१०. छेदन > अनादर

११. शंख बजाना > झुकना (इसका (धम्-नम्) पाठान्तर ऋ. वे. तथा अ. वे. में मिलते हैं।

प वर्ग

भास्, भस्[१]	भष्[२]	रम्भ्[३]	
प्सा	भूष्		
		रम्ब्	रेभ्, रभ्
	*भूक्		
		अम्ब्, अम्म्	रप् लप्
	बुक्क्		
		अम्	अम्म् (का. शा.) अन्ब् (सा.)

त्रुफ, त्रुम्फ्[४]	भण[५]		भ्लक्ष्[६]
तुफ् तुम्फ्, तृफ्			प्लक्ष्
	बण्	भण्ड्	
	फण्		
तुम्ब्	पण्		
तुप् तृप्			

भ् के ब में परिवर्तन के अनेक धातु मिलते हैं परन्तु ब से प् में परिवर्तन अन्य वर्गों की अपेक्षा (तृतीय से प्रथम वर्ण में परिवर्तन) बहुत कम स्थलों पर है।[७] भ् का ब् में परिवर्तन (महाप्राण अल्पप्राण) भारोपीय भाषा में भी प्राप्त होता है, जहाँ दो महाप्राण व्यञ्जन एक शब्द में होने पर पहला अल्पप्राण में परिवर्तित होता है–इस नियम को ग्रासमैन नियम[८] के नाम से जाना जाता है। पाणिनि ने भी भू आदि धातुओं का द्वित्व होने पर सर्वत्र अभ्यन्त रूप को 'अभ्यासे चर्च'[९] सूत्र के द्वारा अल्पप्राण में परिवर्तित किया है–बभूव, बुभूषे, बभस्ति आदि।

---

१. भा-भास् दीप्ति अर्थ से भक्षण अर्थ। वेस्टरगार्ड ने (पृ. १३) इन धातुओं की तुलना की है।

२. बोलना > अलंकरण > बोलना। इसके लिए त्रिपाठी ने भारोपीय 'बु' दी है।

३. ये सभी ध्वनि, अव्यक्त ध्वनि तथा वार्तालाप अर्थ में आए हैं। अम् अम्ब् गति अर्थ में भी विकसित हुए।

४. हिंसार्थक धातु

५. परिभाषण

६. भक्षण

७. पि. प्रा. व्या. पृ. ३१३.

८. एडगर्टन, *सं. हिस्टा.* फो. ५.

९. अष्टा. ८, ४, ५४.

गुप्
गुफ्

गुम्फ् गुह, गूह्

इस रूप में प् का फ् में परिवर्तन हुआ है। गुप् के रक्षण अर्थ से छिपाना (गूह् में भी छिपाना) और इसीसे गुफ-गूंथ कर छिपाना में अर्थ, ध्वनि दोनों का साम्य है।

कवर्ग का चवर्ग के व्यंजनों के साथ सर्वाधिक अन्तःपरिवर्तन मिलता है। यह परिवर्तन मूल भारोपीय-भाषा में ही प्राप्त हो जाता है, जहाँ भारोपीय ध्वनियाँ kw, kwh, gw, gwh संस्कृत में eei तथा ə से पूर्व आने पर तालव्य ध्वनियों च् ज् झ् में क्रमशः परिवर्तित हुई तथा संस्कृत में अ, आ में परिवर्तित हुए। अन्य स्वरों से पूर्व ये ध्वनियाँ कण्ठ्य क्, ग्, घ्, के रूप में ही रहीं[१] अतः कवर्ग और चवर्ग का मूल स्रोत एक ही होने से संस्कृत में भी इनका परिवर्तन मिलता रहा। संस्कृत वैयाकरण भी यह अन्तः परिवर्तन स्वीकार करते हैं। **अष्टाध्यायी** के "चोः कु"[२] तथा "कुहोश्चु"[३] सूत्र इस परिवर्तन का विधान करते हैं। अतः इन धातुओं को अर्थसाम्य होने पर एक समूह में रखा गया है। अक्-अङ्. क् अच्-अञ्च्, कि-चि, कित्-चित् आदि। **वैदिक वेरिएन्टस्** में कवर्ग का तवर्ग[४] और पवर्ग[५] के साथ तथा च्-द्[६] एवं त् च्" का पाठभेद दिया है तथा **ऋग्वेद** में वाजि के स्थान पर वादिं प्रयोग को hyper-Sanskritism कहा है।

संस्कृत का मूर्धन्यवर्ग दन्त्यवर्ग से उत्पन्न हुआ माना जाता है। वॉकरनागल ने सादृश्य के कारण तालव्य से दन्त्य में परिवर्तन के उदाहरण दिए हैं।[७] परन्तु पिशेल के अनुसार प्राकृत में दन्त्य वर्ण अनेक स्थलों पर किसी समीपवर्ती व्यञ्जन के प्रभाव से मूर्धन्य व्यञ्जन में परिवर्तित हो जाते हैं[८] परन्तु न और ण् के सम्बन्ध में इससे भिन्न प्रवृत्ति दिखाई देती है।

---

१. बुग. १/पृ. ३३१.
२. अष्टा. ८, २, ३०.
३. वही, ७,४,६२.
४. (Vol. II) पृ. ७०.
५. वही, पृ. ८३.
६. वही, पृ. ८४.
७. वही, पृ. ८५.
८. वाकरनागल १/१४५-१४७.

ओष्ठ्य वर्ग के व्यञ्जनों तथा व् में परिवर्तन कई स्थलों पर मिलता है–

	वृ-अव्	क्षिप्		चि
आप्	अव्व् (काश)	क्षिव् क्षीव्	खेप्	चीव्
(काश) अप्		क्षिब्	खेव्	चीप्
(काश) अप्प्			केव्	चीभ्
(काश) अब्ब्			गेव्, ग्लेव्	

वैदिक वेरिएन्ट्स में इसके उदाहरण पत्सि-विवित्सि, वृञ्जते-पृज्यते, स्पृक्षत्-वृक्षस् आदि दिए हैं।[१]

प् और म् के उदाहरण तप्-तम्, स्पृधो-मृधो तथा ब् और व् के परिवर्तन के अनेक उदाहरण मिलते हैं।

(च) य् र् ल्, व् के परिवर्तन

य् > ज्-य का परिवर्तन ज् में निम्नलिखित धातुओं में मिलता है–

या - जा - जु	(गत्यर्थक)
युङ्ग-जुङ्ग-वुङ्ग्	(वर्जन)
युज् + त जुड्	(बन्धने)
द्युत्-जुत्	(भासने)
यभ्-जभ्	(मैथुन, खोलना)
येष्-जेष्-जेह्	(प्रयत्न)
यूष्-यष्-जष्-झष्-शष्	(हिंसा)

य् और र् का अन्तः परिवर्तन ईयसे, ईरसे, नि+यम्-नि+ रम्, चर्-चाय्, यच्छ्-रक्ष, यज्-रज आदि धातुओं में वैदिक संहिताओं के विभिन्न पाठों में मिलता है।

य्-और व् का परिवर्तन अनेक स्थलों पर हुआ है और इसकी पुष्टि वाकरनागल[२], व्हिटने[३] ने यिन्-विन् आदि उदाहरण देकर की है। पिशेल ने भी आयाति-आवइ, गायन्ति, गाव, न्याय-न्याव आदि उदाहरण दिए हैं।[४]

एडगर्टन ने इस परिवर्तन के उदाहरण जग्मये-जग्मवे, वेत्तवै-वित्तये, स्वद्-स्यद्, राय-राव आदि दिए हैं।[५]

---

१. पृ. १०४-१०५.

२. वाकरनागल १/१८८C.

३. ह्विटने, सं. व्या. १/२५८, २/१२३०.

४. पि. प्रा. व्या. पृ. ३६७.

५. पृ. १२८-१३०.

र्-ल् का अन्तःपरिवर्तन

र, ल् का अन्तःपरिवर्तन पूर्ण रूप से ध्वन्यात्मक है।[१] ऋग्वेद में जो धातु र् सहित प्रयुक्त है वे ही परवर्ती वैदिक साहित्य तथा लौकिक साहित्य में ल सहित मिलते हैं। जैसे—चर्-चल् रिख्-लिख्, रप्-लप् प्रु-प्लु, म्रुच-म्लुच, प्रुष्-प्लुष् आदि। यह प्रवृत्ति मन्त्रकाल के पश्चात् भी चलती रही। मागधी प्राकृत में तथा अन्यत्र भी र् के लिए ल् मिलने लगा परन्तु कुछ बोलियों में ल के लिए र् का भी प्रयोग मिला।[२] र् ल् का अन्तः परिवर्तन इतना अधिक हुआ कि वैयाकरणों ने भी इसके परिवर्तन के अनिश्चित स्वरूप को देख कर उसे एक ही वर्ण के रूप में मान लिया—रलयोरभेदः। संस्कृत धातुओं में हमें अनेक धातु ऐसे मिलते हैं, जिनके र् और ल् दोनों वर्णों के रूप प्रचलित हैं। ह्विटने के अनुसार 'ल्' ध्वनि युक्त ऐसा एक भी धातु मिलना कठिन है जिसका 'र्' वाला रूप न उपलब्ध होता हो।[३] सभी धातुओं को यहाँ दिखाना तो सम्भव नहीं है। इनमें से कुछ धातुओं को नीचे दिया जा रहा है :—क्रद्-क्लद्-क्लन्द्, क्रम्-क्लम्, क्रुश्-क्लिश्, क्रु-क्लु, क्षर्-क्षल्, गृ-गर्-गल् गड् गण्ड्, गृभ्-गर्ह-गल्ह्-गल्भ्, ग्रर्ह् ग्लह्, ग्रुच्-ग्लुच्, ग्लुञ्च, ज्वृ-ज्वर्-ज्वल्, टर्-टल्, राज्-लाज्, वृत् > वर् > वल् आदि।

वृत्-वर्-वल् [४] का उदाहरण बक ने दिया है।

परन्तु कुछ र् वाले रूप परवर्ती साहित्य में भी अधिक प्रचलित रहे क्योंकि ल् वाले रूप अधिक समस्याजनक थे।[५] जैसे कृ के धातुरूपों में ल् का स्थानापन्नत्व ही नहीं मिलता।

र्, व् का परिवर्तन भी अनेक धातुओं में हुआ है तथा एडगर्टन ने इसके उदाहरण रिष्-विद्, श्रित्-श्वित् आदि दिए हैं।[६]

ल् तथा ळ्, ड्

वाकरनागल के अनुसार प्रत्येक ड् तथा ढ्, जो दो स्वरों के मध्य में आता है, ऋग्वेद की शाकल और बाष्कल शाखाओं में ळ, ळ्ह् में परिवर्तित हो जाता है।[७] इसी

---

१. *वही*, पृ. १३४.

२. पि. प्रा. व्या. पृ. ३७४.

३. ह्विटने सं. व्या. १/५३.

४. बक, पृ. ६६४.

५. वाकरनागल १/ ∫ १९२b.

६. *वही*, पृ. १३९.

७. वाकरनागल १/∫ २२२.

परिवर्तन से **ऋग्वेद** में होने वाला ल तथा ल्ह का परिवर्तन भी सम्बन्धित है। इस प्रकार के कुछ उदाहरण हैं–क्रीळ्-क्रीड्-कील्-खेल्, हेळ, हेड्-हेल्-हील् (प्रा.) ईळे-इडे-ईल् आदि हैं।

ळ-ड-र् में कई धातुओं में अन्तःपरिवर्तन मिलता है–

ईळ्-इड् ईल् ईर् आदि।

(छ) ऊष्म ध्वनियाँ

भारोपीय भाषा में जहाँ केवल एक ही ऊष्म ध्वनि 'स्' थी, संस्कृत में चार ऊष्म व्यञ्जन मिलते हैं–श्, ष्, स्, ह् और प्राकृत के प्रभाव से संस्कृत में इन चारों ध्वनियों का बहुत अन्तःमिश्रण होता रहा है।[1] कितने ही धातुओं व शब्दों के ऊष्म स्वरों के विषय में भ्रांति अद्य-पर्यन्त चल रही है। कोश-कोष इसका ही एक उदाहरण है। ऊष्म ध्वनियों के परस्पर परिवर्तन के अनेक उदाहरण मिलते हैं—

श्-स्-–स्नु, श्नु, स्नम्भ्-श्रम्भ्, सूद्-शुभ् शो-सो, शीक्-सेक्, शम्-सम्, सद्-शद्, शक्-सक्, शुम्भ-सुम्भ्, आस्-अश् में ध्वनिगत तथा अर्थगत साम्य दृष्टिगोचर होता है।

श् तथा ष्–में भी परस्पर परिवर्तन अनेक धातुओं में हुआ–ष्टिप्-शिप्, ऋष् के अर्षत् अर्शत्। **वाजसनेयी** संहिता में शपामहे तथा **मैत्रायणी संहिता** में षपामहे रूप प्राप्त होता है। इष् और अश् का शिष् और शास् का परस्पर परिवर्तन हुआ है[2] स्पृश् व नश् के क्त प्रत्ययान्त स्पृष्ट, नष्ट आदि रूपों में श् का ष् में परिवर्तन मिलता है।

ष् तथा स्–संस्कृत धातुपाठों में प्रायः सभी सकारादि धातु ष् सहित पढ़े गए हैं–ष्ठा, स्था, ष्ठग्-स्थग्, ष्टेप्-स्लेप्, ष्टीम्-स्तीम्, ष्टु-स्तु, ष्टुभ्-स्तुभ्, ष्टम्-स्तम् आदि में ष् के स्थान पर स आया है। एडगर्टन के अनुसार ष् तथा स के वैदिक साहित्य में बहुत कम पाठभेद मिलते हैं।[3]

(ज) संस्कृत ह्

भारोपीय भाषा में इस ह ध्वनि का अस्तित्व नहीं था। प्रत्युत् यहाँ ह् भारोपीय gyh तथा gwh (स्वरों व अर्धस्वरों के पूर्व) ध्वनियों का प्रतिनिधित्व करता है। ये भारोपीय कण्ठ्य, तालव्य और कण्ष्ठौष्ठ्य सघोष महाप्राण ध्वनियाँ संस्कृत में तालव्य ह् में परिवर्तित हुईं।

---

१. वैदिक वैरिएन्ट्स, पृ. १४४.

२. *वही*, पृ. १४९-१५१.

३. *वही*, पृ. १५२.

एडगर्टन के अनुसार संरचनात्मक दृष्टि से यह महाप्राण ध्वनि संस्कृत तालव्य ध्वनि ज के समकक्ष है।[१]

कई धातुओं पर यह स्थिति वैदिक संस्कृत तक रही है तथा वैदिक से लौकिक संस्कृत में भ्, ध् तथा घ् का परिवर्तन हुआ है। सर्वप्रथम यहाँ हम उन्हीं धातुओं को लेंगे, जिनमें भ् से संस्कृत में ह् ध्वनि का विकास हुआ। ग्रभ् और भृ ये दो धातु लौकिक संस्कृत में ग्रह् और हृ के रूप में मिलते है। म्यूलर के अनुसार पालि में ऐसे भी उदाहरण हैं, जहाँ महाप्राण का प्रथम व्यञ्जन लुप्त हो जाता है और ह् ही अवशिष्ट रहता है। ह् और म् में ऐसा परिवर्तन म्यूलर लेखन के कारण मानते हैं क्योंकि उनके अनुसार ह् व भ् एक तरह से लिखा जाता है[२]।

भ् से ह् के उदाहरण हैं–ghélbh गृभ्-ग्रभ् > ग्रह् तथा bher भृ > हृ।

घ् से ह् के उदाहरण निम्नलिखित हैं–मङ्घ् से मघ्-मह्, अङ्घ् से अह् आदि। dhég^{w}h संस्कृत में दघ् तथा दह् के रूप में मिलता है। दघ् का अर्थ घातन तथा दह् का जलाना हे। दह् के धुक्ष्यति आदि रूपों में भारोपीय ध्, घ् का रूप प्राप्त होता है। सघ् seg^{w}h का सह् हिंसा से सहन करना अर्थ में परिवर्तन मिलता है। कई धातुओं में ह् का विकास संस्कृत ध् से भी मिलता है। जैसे guādh > गाध् गाह् गाथ् (काश) गाढ् (काश) इस विकास क्रम में गाध्[३] और गाह्[४] दोनों ही रूप ऋग्वेद के प्राचीन मण्डलों में मिलते हैं।

प्राकृत के प्रभाव से ह संस्कृत की ऊष्म ध्वनियों श्, ष्, व् स् से भी विकसित होता है। पाणिनि ने भी सेर्ह्यपिच्च[५]" आदि सूत्र से 'जहि' रूप में सि के स्थान पर हि का विधान किया गया है। ऋग्वेद का उपामसि रूप सामवेद में उपामहि रूप में मिलता है।[६]

(झ) व्यञ्जनों का प्राकृतीकरण

संस्कृत के प्रायः सभी व्यञ्जनों पर प्राकृत का प्रभाव पड़ा, जिनकी स्थान-स्थान पर चर्चा की गई है। यहाँ विशेष रूप से संयुक्त व्यञ्जनों पर हुए प्राकृत प्रभाव की चर्चा की जाएगी। संस्कृत-धातुओं के निम्नलिखित संयुक्त व्यञ्जनों में प्राकृत-प्रभाव के कारण

---

१. एडगर्टन, *सं. हिस्टा. फो.* पृ. ११.

२. *Pali Language* पृ. ३६.

३. **ऋ.वे.** ५,४७,७.

४. **वही** ९.६७, २०.

५. **अष्टा.** ३,४,८७.

६. **वैदिक वैरि**

महत्वपूर्ण परिवर्तन आया–क्ष > ख, स्क > ख्, स्त्, स्फ > थ्, ष् छ्, स्क्, श् छ्, ष्प् > फ्, र्त > ट्ट्, त्र > ट्ट् म्र > घ्

क्ष् > ख्–

प्राकृत प्रभाव के कारण क्ष का परिवर्तन ख् में हुआ और इसके धातुओं में अनेक उदाहरण प्राप्त होते हैं–

iék/eik [1]
ईक्ष
इक्ख्
ईख् ईह्

*uék [2] — क्षद् (ऋ. वे.) [3]

उक्ष् वक्ष् — खद् (श. ब्रा.) — क्षण् (श. ब्रा.)
*उक्ख् — खाद् (ब्रा. ग्र.) — *खड्
उख्, ओख् — खण्ड् (वा. रा.)

*kséip [4] — *ksāid [5] — *g^{N}hə m

क्षिप् — क्षुद्
क्षिव् — खुड् क्ष्मै-क्ष्माय् — क्षम् शम् (ऋ. वे.)
खुण्ड् — खम्ब्
खवखिव् खिब् — खोल् खोर् खोड् खोद् (हि.) — खम्, खाम् (प्रा.)
(मै.) खेव्
(प्रा.) खेप् गेव् (मै.)
ग्लेव् (मै.)
ग्रेव् (काश.)

---

१. देखना अर्थ से इक्ख् में देखना तथा ईह् इच्छा करना ।)

२. भारोपीय गीला करना अर्थ से सींचना तथा, वक्ष् में बढना, ओख्-शोषण अर्थ में मिलते हैं ।

३. हिंसा < खाना- हिंसा - टुकड़े करना । खड् लेखन के लिए भी प्रचलित है, जो ताम्रपत्र, आदि पर खोद कर लिखने को दर्शाता है ।

४. फेंकना अर्थ से संस्कृत में फेंकना, रिसना तथा खव् का भूत प्रादुर्भाव अर्थ ।

५. भारोपीय संचूर्णन अर्थ से संस्कृत पीसना, खुड् संवरण > खुण्ड् गतिवैकल्य तथा अन्य तीनों गति प्रतिघात तथा अ.भा.भा. में खोदना ।

when

g^{w}hér

क्षर् (ऋ. वे.)		क्षुभ्[1]		क्षुर्[2]	क्ष्विद्[3]
		खुब्म		खुर्	
क्षल्	*खर् (प्रा.)	खुभ्		खिद्	क्ष्विड्
	झर्/झ (लौ. सा.)	खोभ्, छोभ्			
चक्ष्[4]			चक्ष्		द्क्ष
					दक्ख्
ख्या	चक्	ख्या	चक्	चष्, चषघ्	धक्क्
	(हिं) छक्		छक् (हिं.) चक्ख प्रा.		
	(हिं.) छिक		छिक (हिं.) चख (हिं.)		

क्ष का क्क नक्ष् नक्क् आदि में प्राप्त होता है

स्क का परिवर्तन भी ख् में मिलता है–

स्कु - स्कुन्द[5]	स्कम्भ्/स्तम्भ्[6]	स्खल्[7]
स्खद्	खव्	खल्
खद्	खर्व्	
खर्द्	खर्ब्	

स्त का परिवर्तन थ् में हुआ तथा स्फ का भी थ्/त्थ में परिवर्तन मिलता है।

---

१. क्षुभ् सञ्चलने

२. क्षुर, विलेखने-खुर (पशुओं के लिए) रघु. २,२ में प्रयुक्त.)

३. क्ष्विद्–स्नेहमोहन से अव्यक्त शब्द । ऋग्वेद ४,२,५,९ में भी खिद् का प्रयोग मिलता है ।.

४. चक्ष से चक्ख् और इससे ख्या । वेस्टर-गार्ड (पृ. ।) पर चक्ष् का सम्बन्ध ख्या से मानते हैं । चक्ष के रूपों में ख्या का स्पष्ट सम्बन्ध प्रतीत होता है । दूसरी ओर यह चक् के रूप में मिलता है जहाँ इसका अर्थ तृप्ति है और च् > छ् में आधुनिक भारतीय भाषाओं में तृप्त होना के लिए छकना, हिलना रूप प्रयुक्त होता है । चष् भी भक्षण व हिंसा अर्थ में चक्ष् से ही विकसित है ।

५. गति-खदन-स्थैर्य हिंसा-दंशन.

६. प्रतिबन्ध, स्तम्भन, भूतप्रादुर्भाव-दर्प-गति.

७. स्खल् >खल् मायरोफर ने हिलना और ढ़ीला होना अर्थ में दिया है । सुश्रुत संहिता में भी खल्लते प्रयोग मिलता है ।

स्तम्भ्	स्फुट्, स्फुड्[१]
(प्रा) थम्ब्, खम्ब्	त्थुड्
	थुड्
	छुड्

प्राकृत प्रभाव के कारण ही ष् का परिवर्तन च्छ/छ् में मिलता है। इस प्रकार से परिवर्तित धातु निम्नलिखित है–

*iag^wh[२] *ués[३] *ér, érs[४]

इष्

ऊष्, उष् वस् ऋ/ऋष्

इच्छ् इख उच्, उच्छ्-उछ्

ईछ् इङ्ख (ऋ. वे.) (लौ. सा.) अर्ष् ऋच्छ्

ईह् (महा., वा.रा. श्रा. पु. में) उञ्छ् (म. भा., सा.)

* sque[५]

क्षुर्

छुट्

छोट्, छुण्ट्

चुण्ट्

स्क, स्प-छ

स्क स्प का परिवर्तन भी छ में मिलता है। मायरोफर ने skṛro skéro > स्कु > छुर्[६] तथा स्पृश > छुप् का विकास माना है।

---

१. संवरण

२. इष्, गति इच्छा अर्थ में √ईष् उञ्छे तथा गति हिंसादर्शन अर्थ में मिलता है। इख-ईख्- इङ्ख ईङ्ख गति अर्थ में व √इच्छ्,√ईछ्√ईह् इच्छा करना अर्थ में मिलता है।

३. उष 'दाहे' अर्थ में वस् 'चमकने' तथा 'रहने' के अर्थ में/ उछ् विवासे अर्थ में तथा उच् समवाय (ह्वि प्रसन्नता) अर्थ में पठित है। उष् दाह से ऊष् 'रोग' अर्थ में पठित है।

४. ऋष् - ऋच्छ् हिंसा > प्रवाह से ऋच्छ् प्रापणार्थ में।

५. मायरोफर ने काटना अर्थ वाली इन धातुओं को इस प्रकार विकास माना है।

६. श. ब्रा. ४, ३, २, ३

श का परिवर्तन छ में शो > छो (काटना) में दृष्टिगोचर होता है।

प्स > च्छ

गृप्स - गुच्छ[1]

र्त्-ट्ट्

पिशेल के अनुसार जिस व्यञ्जन समूह में र रेफ रूप में व्यञ्जन से पूर्व आता हो, तो उसमें दन्त्य वर्णों के स्थान पर बहुधा मूर्धन्य वर्ण आ जाते हैं। यह ध्वनि परिवर्तन विशेषतः अर्धमागधी में होता है।[2] वररुचि और हेमचन्द्र आदि वैयाकरणों के अनुसार र्त में मूर्धन्यीकरण का नियम निश्चित है। परन्तु पिशेल के अनुसार विभिन्न प्राकृत बोलियों में इस विषय पर बहुत अस्थिरता है।[3] इस प्राकृत नियम ने संस्कृत के धातुओं को अत्यधिक प्रभावित किया तथा र्त् के संयोग वाले प्रायः सभी धातु इस नियम से प्रभावित हुए। कुछ उदाहरण निम्नलिखित है- र्त् से ट्ट् का विकास हुआ और इससे अन्य धातु रूप भी विकसित हुए।

skert[4]	नृत, नर्त[5]	भृ भृत् भर्त[6]	वृत्, वर्त्[7]	
कृत्	नट्	भट्	वट्	
कर्त्	नथ्	भट्ट		
कट्ट्	(काश.)	(काश.)	वण्ट्	वठ्
कट्			वण्ड्	
			वण्ठ्	

इसी प्रकार त्र का ट्ट में परिवर्तन हुआ है–[8]

---

१. मायरोफर, पृ. ८.

२. पि. प्रा. व्या. पृ. ४१०.

३. वही.

४. काटना-गति-वैक्लव्य.

५. नृत्य करना.

६. धारणपोषण-पोषित-भृतौ, परिभाषणे.

७. होना-वेष्टन, परिभाषण-बांटना-सहायत्व इसी से हिन्दी में बाँटना विकसित हुआ।

८. पि. प्रा. व्या. पृ. ४१५.

त्रुट्	त्रौक्[1]	
तुट्ट[2]	ट्टौक्क्	
तुट्	टौक्	
तुड्	ढौक्	टीक्
तुण्ड्		

र्द > ड्डु - र्द् का परिवर्तन ड्ड् में मिलता है–

चृत्[3]	तृद्	méld[4]
छृद्, छर्द्	तड्डु (प्रा.)	मृद्, मर्द, म्रद्
छड्डु	तड्	मड्डु
छुड्	तण्ड्	मड्डु (प्रा.)
छुट्		मठ्
		मण्ठ्
		मण्ट् (काश)

ग्-घ्

निम्नलिखित धातुओं में ग्-घ् में परिवर्तित हुआ–[5]

	ghérbh		ग्रन्थ्, ग्रथ्	
	गृभ् ग्रभ्			
	ग्रह		(प्रा.) गंथ्	घट्
(सा) ग्रिह्	गिण्ह (पा.)	ग्रस्	(प्रा.) गठ, गट्ट्	घट्ट्
			(हि.) गांठ	
	* घिण्ह्			
	घिण्ण्			
	घृण्ण्			
	घुण्ण्			
(काक्) घुंण्, घुण् घूर्ण				

---

१. अपभ्रंश में त्रुटयति का दुट्टई रूप मिलता है । छेदन-कलह-तोड़ना.

२. गत्यर्थक

३. दीप्ति >छेदन > संवरण

४. क्षोदक, चूर्णन मद, निवास-शोक

५. पिशेल के अनुसार वर्ग का तीसरा वर्ण चतुर्थ में बहुत ही कम परिवर्तित होता है । परन्तु यह परिवर्तन उपर्युक्त उदाहरणों में देखा जाता है । (पि. प्रा. व्या. पृ. ३१३).

संस्कृत-भाषा की ध्वनियों पर विभिन्न ध्वनिप्रवृत्तियों ने भी प्रभाव डाला है। **निरुक्त** में यास्काचार्य ने इन ध्वनियों का उल्लेख किया है[१]– धात्वादि-शेष, लोप, अन्तलोप, उपधा-लोप, वर्णलोप, वर्णविपर्यय आदि। श्रीमन्नारायणमूर्ति[२] ने तथा श्री देवीदत्तशर्मा[३] ने मूर्धन्यीकरण तालव्यीकरण, द्वित्वीकरण, घोषीकरण अल्पीकरण आदि अनेक ध्वनिप्रवृत्तियों का उल्लेख किया है। इनके कारण घटित परिवर्तनों को धातु पर भी घटाया जा सकता है–

आदि स्वरागम	–	नक्ष्-इनक्ष्, वृ-उर्णु, वै-उय्, वृ-उर्व।
समीकरण	–	अर्द्-अड्ड्, अर्त-अट्ट्, कर्व-कव्व्।
आगम	–	कस-कंस्, कुथ्-कुन्थ्।
विपर्यय	–	द्युत्-ज्युत्, हन्-धन्, ह्वी-रह्, स्था-तिष्ठ्।
स्वरभक्ति	–	जृ-जर्-जिर्, ध्मा-ध्म्।
द्वित्व	–	कल्-कल्ल, तिल्-तिल्ल, चिल्-चिल्ल्।
द्विरुक्त धातु	–	कास्-चकास्, द्रा-दरिद्रा, गृ-जागृ।
सन्नन्त धातु	–	भज्-भिक्ष, कम्-काङ्क्ष्, शास्-शिक्ष्।
अभिवृद्ध धातु	–	जृ-जुर्-जुर्व्-जूर्व्,
		पृ, पूर्, पुर्व, पूर्व।

शब्दसिद्ध्यर्थ धातु–

जिन शब्दों की स्पष्टरूप से किसी धातु से निष्पत्ति सम्भव नहीं थी, उन्हें संभवतः धातु के रूप में धातुपाठों में सङ्कलित कर लिया गया और उस वस्तु के गुण अथवा क्रिया से सम्बद्ध अर्थ उस धातु को प्रदान कर दिया होगा। जैसे अङ्क् लक्षणे, इन्द् परमैश्वर्ये, उख् गतौ, तृण् अदने, पुष्प विकासे, ऋक्ष् हिंसायाम् आदि।

अनुकरणात्मक धातु–

कु कू, कुच्, गुज्, खु, गु, घु आदि धातु "अव्यक्ते शब्दे" अर्थ में पठित है।

इसके अतिरिक्त छद्, तर्प, मत्, वीज्, व्यज्, श्मील आदि धातु अव्यक्त अर्थ में पठित हैं, जिन पर द्रविड़ धातुओं का प्रभाव लक्षित होता है तथा झम्प्, तुल, दुल् आदि धातु मुण्डा-भाषा से संस्कृत में गृहीत माने जाते हैं। उपर्युक्त सभी धातुओं के संस्कृत में गृहीत हो जाने पर उनके भी वैभाषिक-रूपों के ग्रहण से संस्कृत-भाषा की धातु-राशि में अनन्त वृद्धि होती चली गई। परन्तु वास्तव में अर्थ को पृष्ठभूमि में रखकर उपर्युक्त ध्वनि-सिद्धान्तों को

---

१. निरु. २,१,१-२.

२. ऐन इन्ट्रोडक्शन टु संस्कृत लिंग्विस्टिक्स, पृ. १७७-१८३.

३. संस्कृत का ऐतिहासिक एवं संरचनात्मक परिचय पृ. ८१.

धातुओं पर घटा कर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भारोपीय पृष्ठभूमि से विकसित होने पर भी संस्कृत-धातुओं के विकास-क्रम की अपनी सुदीर्घ परम्परा रही। संस्कृत धातुकोशकारों की समस्त वैभाषिकरूपों को धातुपाठों में सङ्कलित करने की प्रवृत्ति ने यद्यपि धातुपाठों में पठित धातुओं की संख्या में अनन्त वृद्धि कर दी परन्तु संस्कृत-साहित्य में इन धातुओं के लगभग एक-तिहाई धातु ही प्रयुक्त मिलते हैं। उपर्युक्त प्रकार से इन सभी धातुओं को विभिन्न ध्वनिसिद्धान्तों के आधार पर लगभग ८०० धातुओं में समूहीकृत किया जा सकता है और इस प्रकार से इन धातुओं के ध्वन्यात्मक एवं अर्थसम्बन्धी विकास-क्रम को हम भली प्रकार जान सकते हैं।

सङ्केत सूची

अष्टा.	:	अष्टाध्यायी
ऋ. वे.	:	ऋग्वेद
कात.	:	कातन्त्र
काश.	:	काशकृत्स्न
चा.	:	चान्द्र धातुपाठ
जै.	:	जैनेन्द्र
दि.	:	द्वित्व
पिप्रा.व्या.	:	पिशेल-प्राकृत भाषाओं का व्याकरण
प्रा.	:	प्राकृत
म.व्य.आ.	:	मध्य-व्यञ्जन-आगम
मै.	:	मैत्रेय
विप.	:	विपर्यय
बो.	:	बोपदेव
श.ब्रा.	:	शतपथ ब्राह्मण

शा.	:	शाकटायन
सा.	:	सायण
हे.	:	हेमचन्द्र
ह्वि.सं.व्या.	:	ह्विटने-संस्कृत व्याकरण
B.E.V.V.	:	Bloomfield & Edgerton *Vedic Variants* Vol. II.
Brugg	:	Karl Bruggmann, *Elements of Comparatine grammar of Indo-Germanic Languages.*
Buck	:	*A Dictionary of selected synonyms in the Principal Indo-European Languages* by C.D. Buck.
Edg. Skt. Hist. Phon.	:	*Sanskrit Historical Phonology* by Franklin Edgerton.
Skt. Dps	:	*Sanskrit Dhātupāṭhas-A Critical Study* by G.B. Palsule.
Wackernagel	:	*Altindiché Grammatik.*

ऋग्वेद के विश्वेदेवाः सूक्तों में देवता-निर्धारण

डॉ० शशि तिवारी

दिल्ली

In *Ṛgveda*, the word *viśvedevāḥ* does not denote any specific deity or a group of fixed deties. After examining the *Viśvedevāḥ* hymns in *Ṛgveda*, the author following *Yāska*, concludes that if a *mantra* or hymn is intended for many deities, there the term *Viśvedevāḥ* is used. *Bahudaivata* is the basic factor in determining *Viśvedevāḥ*.

निरुक्तकार का प्रतिपादन है कि "जिस किसी पदार्थ की कामना करता हुआ ऋषि जिस देवता से अर्थपतित्व चाहता हुआ स्तुति करता है, वह मन्त्र उसी देवता का समझना चाहिए"।[१] आचार्य शौनक ने इस सम्बन्ध में कहा है "किसी पदार्थ को चाहता हुआ ऋषि जिस-जिस की प्रधानता से या गौण रूप से स्तुति करता हुआ कहता है "यह हो"– वह मन्त्र उस देवता का है"।[२] अर्थात् उस मन्त्र का देवता वही है। सामान्य रूप से कहा जा सकता है कि मन्त्रों का वर्ण्य विषय 'देवता' है। यह व्याख्या सर्वप्रथम संकेत रूप में कात्यायन ने "यस्य वाक्यं स ऋषिः। या तेनोच्यते सा देवता" (अनु. २/४-५) और स्पष्ट रूप में षड्गुरुशिष्य ने "तेन वाक्येन यत्प्रतिपाद्यं वस्तु सा देवता" (वे.दी. २/५) दी है। कात्यायन की **ऋक्सर्वानुक्रमणी** में **ऋक्संहिता** के जिन सूक्तों या मन्त्रों को "विश्वेदेवाः" का बताया गया है, उनकी संख्या पर्याप्त बड़ी है। तदनुसार लगभग ६० सूक्त सम्पूर्ण रूप से और २० सूक्त आंशिक रूप से 'विश्वेदेवाः" को समर्पित हैं। "विश्वेदेवाः" को नामित इन इन सूक्तों या मन्त्रों में देवता-निर्धारण का उपर्युक्त प्रकार से एक ही स्पष्ट आधार रहा है– ऐसा प्रतीत नहीं होता है।

---

१. यत्काम ऋषिर्यस्यां देवतायामार्थपत्यमिच्छन् स्तुतिं प्रयुङ्क्ते तद्दैवतः स मन्त्रो भवति ॥नि. ७/१/४.

२. अर्थमिच्छनृषिर्देवं यं यमाहायमस्त्विति ।
प्राधान्येन स्तुवन्भक्त्या मन्त्रस्तद्दैव एव सः । बृ.दे. १/६.

ऋग्वेदसंहिता में 'विश्वेदेवाः' से कौन सा देवसमूह या देवता अभिप्रेत रहे हैं–यह प्रायः अस्पष्ट और धूमिल है। विश्वेदेवाः के ऋग्वेदीय सूक्तों के विवेचन से उनमें देवता निर्धारण विषयक जो तथ्य उभर कर सामने आते हैं, वे यहाँ अध्येय हैं।

'विश्वेदेवाः' को प्रदत्त कतिपय मन्त्रों में उनका चित्रण एक देवगण की भाँति हुआ है। कहा गया है कि जो इस गण (ईं गणं) की उत्तम स्तुतियों से उपासना करता है, वह सदैव धन से पूर्ण, यज्ञ करने वाला, कुटिल जनों का नाशक, ज्ञान-सम्पन्न, शक्तिशाली, शत्रुहन्ता होता है और दोनों वरों के प्रति प्रगति करता है।[१] विश्वेदेवाः का यज्ञार्थ स्तवन करते हुए उनकी संख्या ३३ बताई गई है।[२] अन्यत्र भी महान् स्तुत्य, यज्ञिय, हिंसकों के नाशक ज्ञानी, विश्वेदेवों की संख्या ३३ कही गई है।[३] विश्वेदेवाः को समर्पित एक दूसरे मन्त्र में उनकी संख्या का निर्देश स्थानानुसार किया गया है–"हे देवों! द्युलोक में तुम अपनी शक्ति से ग्यारह हो, पृथिवी पर ग्यारह हो, अन्तरिक्ष में ग्यारह हो।"[४] जब विश्वेदेवों का आवाहन आदित्याः, वसवः (२/३/४) या वसवः, रुद्राः, मरुतः (८/५४/३) इत्यादि सुनिश्चित देवगणों के साथ किया गया है, तब भी वे दूसरे देवगणों के समान ही एक विशेष देवगण प्रतीत होते हैं।[५] मैकडॉनल और कीथ ने वैदिक देवताओं के वर्गीकरण में उन्हें देवगणों में ही आम्नात भी किया है।[६]

प्राचीन भारतीय परम्परा "विश्वेदेवाः" को 'सर्वे देवाः' अर्थात् सभी देवताओं का समूह मानने के पक्ष में है। (विश्वे = सर्वे + देवाः)। यास्क ने विश्वेदेवाः को 'सर्वे देवाः' कहा है[७] और कई ब्राह्मण ग्रन्थों में भी यही दृष्टिकोण दिखलाई देता है।[८] डा. सूर्यकान्त की मान्यता है कि सम्पूर्ण देवों को जहाँ एक साथ उद्दिष्ट करने की आवश्यकता समझी गई है, वहाँ उन्हें 'विश्वेदेवाः' के नाम से अभिहित किया गया है।[९] डा. फतेह

---

१. उभा स वरा प्रत्येति भाति च यदीं गणं भजते सुप्रयावभिः ऋ. ५/४४/१२.

२. ये त्रिंशति त्रयस्परो देवासो बर्हिरासदन्। ऋ. ८/२८/१.

३. इति स्तुतासो असथा रिशादसो ये स्थ त्रयश्च त्रिंशच्च। ऋ. ८/३०/२.

४. ये देवासो दिव्येकादश स्थ पृथिव्यामध्येकादश स्थ।
अप्सुक्षितो महिनैकादश स्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम्॥ ऋ. १/१३९/११.

५. **वैदिक देवशास्त्र,** मैकडॉनल (अनूदित डा. सूर्यकान्त) पृ. ३३९.

६. वही; **वैदिकधर्म और दर्शन,** भाग एक, कीथ (अनूदित डॉ. सूर्यकान्त पृ. २७४.

७. विश्वेदेवाः सर्वे देवाः। **निरुक्त** १२/४०.

८. एते वै सर्वे देवा यद् विश्वेदेवा। **कौषीतकि ब्रा.** ४/१४;५/२; **गोपथ ब्रा.** २/१/२०.
सर्वं वै विश्वे देवाः। **शतपथ ब्रा०** १/७/४/२२.

९. **वैदिक कोष,** डा. सूर्यकान्त, पृ. ४८७.

सिंह ने भी इसे शाब्दिक अर्थ के आधार पर सभी देवताओं का समुदाय बताया है, जो अपने मूल रूप में सूर्य-रश्मियों का वाचक रहा होगा अथवा प्राणों का द्योतक रहा होगा, किन्तु वस्तुतः एक ही सत्य की अनेकता का प्रतीक है।[1] स्वामी दयानन्द ने 'विश्वे' के 'सर्वे' अर्थ के आधार पर 'विश्वेदेवाः' से यथास्थान सब विद्वान्, द्योतक वेदमन्त्र, इन्द्रियाँ, सूर्यादि किरणें अर्थ ग्रहण किए हैं।[2]

'विश्वेदेवाः' को समर्पित कुछ सूक्तों और मन्त्रों में सर्वदेवों के उद्देश्य से किया गया आवाहन और स्तवन पर्याप्त सुस्पष्ट है। विशेषकर उन ऋचाओं में जहाँ 'देवाः' (१/१०५/३;२/२९), देवासः (२/३१/२), 'विश्वेदेवाः' (१/८९/७;६/५०/१४;६/५१/७), 'विश्वे देवासः' (१/३/७-८/५४/३;१०/३३/१) अथवा 'विश्वे' (१/१२२/१२) पदों का प्रयोग कर्ता या सम्बोधन रूप में हुआ है, सभी देवताओं के स्तवन की भावना स्पष्टतया व्यंजित है। ऋ. १/३/७-९ सङ्ख्यक मन्त्रों में 'विश्वेदेवासः' की प्रत्यक्ष स्तुतियाँ हैं, क्योंकि इन तीन मन्त्रों में उनके नाम को सम्बोधित किया गया है, जबकि सूक्त के शेष मन्त्र अश्विनौ, इन्द्र, और सरस्वती के हैं। दर्शनीय है कि विश्वेदेवाः के इन तीनों मन्त्रों में किसी अन्य देवता का नाम तक नहीं आया है और 'अस्रिधः (अहिंसनीय), अद्रुहः (द्रोहरहित), अप्तुरः (कर्मकुशल), तूर्णयः (शीघ्रकर्मी), ओमासः (सर्वरक्षक), चर्षणीधृतः (मनुष्यों के धारक), आदि विशेषणों द्वारा विश्वेदेवों का स्वरूप वर्णित हुआ है। अतः यहाँ विश्वेदेवाः से सामान्य रूप से सभी देवताओं का अभिप्राय सरलतया ग्राह्य है। द्वितीय मण्डल के ४१वें सूक्त में २१ मन्त्र हैं, सर्वानुक्रमणी के अनुसार इसमें १३ से १५ सङ्ख्यक मन्त्र 'विश्वेदेवाः के हैं और शेष वायु, इन्द्र, इन्द्रवायू, मित्रावरुणौ, अश्विनौ, सरस्वती, द्यावापृथिवी इत्यादि के हैं। इन तीनों मन्त्रों में से दो में विश्वेदेवाः से यज्ञ में आने और प्रार्थना सुनने का नामतः अनुरोध किया गया है और किसी दूसरे देवता के नाम का प्रयोग नहीं है, अतः देवता-निर्धारण का आधार स्पष्ट ही उसमें प्रार्थनीय देव हैं। ७/५० संख्यक चार मन्त्रों के सूक्त में अनुक्रमणी के अनुसार तीसरा मन्त्र 'विश्वेदेवाः' का है, जिसमें उनसे वृक्षों, वनस्पतियों और जलों में होने वाले नाना प्रकार के विष को दूर करने की प्रार्थना है–'विश्वेदेवाः' पद का भी व्यवहार हुआ है। (८/३०) इस सूक्त में एक समूह के रूप में विश्वेदेवाः का स्तवन है, जिनकी संख्या ३३ है। इसमें किसी दूसरे देवता के नाम को लिए बिना विश्वेदेवासः, देवाः, देवासः पदों के प्रयोग के साथ विश्वेदेवों की विशेषताओं का चित्रण

---

१. तस्य ये रश्मयस्ते विश्वे देवाः। शतपथ ब्रा. ४/३/१/२६;
प्राणा वै विश्वेदेवाः। शतपथ ब्रा. १४/२/२/३७; अनन्ता विश्वेदेवाः। शतपथ ब्रा. १४/६/१/११;
दि वैदिक एटीमोलोजी, फतह सिंह, पृ. २१७.

२. दयानन्द-वैदिक-कोष, राजवीरशास्त्री, पृ. ८८९.

है। अठारह मन्त्रों के ८/६९ संख्यक सूक्त में **सर्वानुक्रमणी** के अनुसार ग्यारहवें मन्त्र का उत्तरार्ध 'विश्वेदेवाः' के निमित्त है; इसमें इन्द्र और अग्नि के सोम पीने और विश्वेदेवों के सोम पीकर, आनन्दित होने की बात कही गई है, परन्तु इस अर्धर्च के देवतानिर्धारण में विश्वेदेवाः के नामतः उल्लेख ने अवश्य ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्यथा आधी ऋचा और एक अन्य ऋचा वरुण को और शेष ऋचाएं इन्द्र को किस आधार पर दी गई हैं' ? एक सम्पूर्ण सूक्त (१०/१६५) में सामान्य रूप से देवों को सम्बोधित करते हुए कपोत दूर भगाने की प्रार्थना है, जिसे 'विश्वेदेवाः' को अर्पित किया गया है। १०/११४ संख्यक सूक्त में देवयजन और देवस्तवन का विशद और विविधतया चित्रण है। देवताओं के अपने-अपने हविर्भाग पाने का वर्णन है (यत्र देवा दधिरे भागधेयम्/१०/११४/३); अतः देव सामान्य को विषय बनाने वाले सूक्त का देवता 'विश्वेदेवाः' कहना उसके वर्ण्यविषय के अनुकूल बैठता है। विश्वेदेवाः के ३/५५ संख्यक सूक्त में २२ मन्त्र हैं, जिनमें उषा, अग्नि, विष्णु, उषा, रात्रि, सूर्य, विद्युत्, त्वष्टा, मेघ, सूर्य आदि अनेक दिव्य शक्तियों के अद्भुत कार्यों का आलङ्कारिक शैली में गम्भीर आध्यात्मिक विवेचन हुआ है और प्रत्येक मन्त्र के अन्तिम पाद के रूप में 'महद्देवानामसुरत्वमेकम्' कह कर देवों के अद्भुत कर्मों की अनुशंसा की गई है, अतः अप्रत्यक्षतया सभी देवों के महान् कर्मों का स्तवन हो जाने से सूक्त का देवता 'विश्वेदेवाः' को बताना सुस्पष्ट है। 'विश्वेदेवाः' को समर्पित एक सूक्त (०८/२९) को श्री हरिदामोदर वेलणकर ने "कूट सूक्त" की संज्ञा दी है। इसमें दस मन्त्र हैं; प्रत्येक में अलग-अलग देवता वर्णित अवश्य हैं, परन्तु प्रत्यक्ष रूप से उनका नाम उस ऋचा में नहीं पाया जाता है। श्री वेलणकर ने देवताओं के स्वरूप वर्णन के आधार पर उनमें सोम, अग्नि, इन्द्र, रुद्र, पूषा, विष्णु, अश्विनौ, सूर्या, मित्रावरुणा, अङ्गिरस आदि का संकेत माना है।[१] श्री सातवलेकर ने भी इसी प्रकार से अभिप्राय लिया है।[२] स्पष्टतया किसी देवता का नाम न होने पर भी बहुत देवताओं की चर्चा होने से सूक्त का देवता 'विश्वेदेवाः' को मानना सहजतया युक्तियुक्त है। इस प्रकार के ऋग्वेदीय विश्वेदेवाः सूक्त या मन्त्र अपेक्षाकृत कम ही हैं; जिनमें 'विश्वेदेवाः' को देवता मानने का आधार स्पष्ट रूप से उनमें चर्चित 'सर्वेदेवाः' रहा है।

ऋक्संहिता में प्राप्त और **ऋक्सर्वानुक्रमणी**[३] में निर्दिष्ट 'विश्वेदेवाः' के शेष सूक्तों या मन्त्रों (जो उपर्युक्त सूक्तों की तुलना में कहीं अधिक हैं) में प्रमुख और गौण सभी प्रकार के देवताओं की चर्चा या स्तुति पाई जाती है। इन ऋचाओं को दो श्रेणियों में रखा जा सकता

---

१. **ऋक्सूक्त वैजयन्ती,** प्रा. हरिदामोदर वेलणकर, पृ. २८१.

२. **ऋग्वेद का सुबोध भाष्य,** श्रीपाददामोदर सातवलेकर, तीसरा भाग, पृ. १३३.

३. कात्यायन विरचिता **ऋग्वेदसर्वानुक्रमणी,** उमेश चन्द्र शर्मा, अलीगढ़, १९७७ पृ. १०४.

है–(१) वे सूक्त या मन्त्र जिनमें स्पष्टतया किसी प्रसिद्ध देवता-या देवताओं का स्तवन और वर्णन हैं; और 'विश्वेदेवाः' या इसके समकक्ष नाम भी यदा-कदा व्यवहृत और आमन्त्रित हुए हैं। (२) वे सूक्त या मन्त्र, जिनमें केवल दूसरे देवताओं के ही वर्णन या सम्बोधन हैं और 'विश्वेदेवाः' पद तक के प्रयोग का अभाव है। प्रथम श्रेणी में आने वाली ऋचाएँ ही सर्वाधिक हैं। ऋ. १/१२ में ९ मन्त्रों का देवता 'विश्वेदेवाः' बतलाया गया है; जब कि इनमें से पाँच मन्त्रों में स्पष्टतः 'अग्नि' को सम्बोधित करते हुए ऋषि की प्रार्थना है कि वे आएँ और प्रार्थना सुनें। यद्यपि विश्वेदेवों को साथ लाने का अनुरोध भी उनसे है (विश्वान् देवान्)। ऋ. १/२३/१०-१२ संख्यक तीन मन्त्रों का देवता 'विश्वेदेवाः' कहा गया है, पर तीनों ही मन्त्रों से मरुतों से आने और रक्षा करने के लिए प्रार्थना है। यहाँ प्रयुक्त 'विश्वान् देवान्' 'पद' 'मरुतः' का विशेषण प्रतीत होता है।[१] ऋ. १/८९/३-७ संख्यक पाँच मन्त्रों का देवता 'विश्वेदेवाः' निर्देशित है; यद्यपि इनमें भग, अदिति, मित्र, दक्ष, अर्यमन्, वरुण, सोम, अश्विनौ, सरस्वती, पृथिवी, द्यौ, ग्रावन्, पूषा, इन्द्र, तार्क्ष्य, बृहस्पति, वायु, मरुत्, आदि अनेक देवताओं के साथ नामतः 'विश्वेदेवाः' का स्तवन किया गया है। ऋ. १/१२२ संख्यक विश्वेदेवाः के सूक्त में १५ मन्त्र हैं; पर विश्वेदेवाः (३,१४), विश्वे (१२) नाम से कुछ मन्त्रों में उनका साक्षात् स्तवन है, अन्यथा शेषमन्त्रों में रुद्र, उषा, सूर्य, वायु, इन्द्र, पूषा, मित्रावरुणा आदि देवों का स्पष्ट उल्लेख हुआ है। ग्यारह मन्त्रों के १/१८६ सूक्त में अलग-अलग मन्त्रों में एक या अनेक प्रसिद्ध देवताओं की स्तुतियाँ और प्रार्थनाएं हैं, यथा-सविता, वरुण, मित्र, अर्यमा, अग्नि, उषासानक्ता, अहिर्बुध्न्य, इन्द्र, मरुत, रोदसी, मरुद्गण, अश्विनौ, पूषा इत्यादि; केवल दूसरे मन्त्र के 'विश्वेदेवाः' और ग्यारहवें मन्त्र में 'यजत्रा' पदों द्वारा सामान्य देवों का स्मरण किया गया है। प्रथम मण्डल के ही १०५वें सूक्त में रोदसी, चन्द्र, सूर्य, अर्यमा, वरुण, अग्नि, मित्र, सिन्धु, पृथिवी आदि के स्तवन के साथ कभी-कभी देवों को सम्बोधित करते हुए शत्रु-पराभव काम्य रहा है। 'विश्वेदेवाः' को समर्पित १/१०६, २/२९; २/३१; ३/५४; ३/५७; ४/५५; ५/४१; ५/४२, १-१०, १२-१८; ५/४३; ५/४४; ५/४५; ५/४६/१-६; ५/५१/१-३, ८-१५; ६/२१/९, ११; ६/४९; ६/५०; ६/५१; ६/५२; ७/३४/१-१६, १८-२५; ७/३५; ७/३९; ७/४३; ८/२७; ८/८३; १०/३१; १०/३३/१; १०/३५; १०/३६; १०/५२; १०/६१; १०/६३/१-१४, १७; १०/६४; १०/६५; १०/६६; १०/९२; १०/९३; १०/१००; १०/१०१; १०/१०९; १०/१२६; १०/१२८; १०/१३७; १०/१४१; १०/१५५/५; १०/१५७ संख्यक अनेक सूक्तों में भी इसी प्रकार अनेकानेक देवताओं के नामतः उल्लेख और स्तवन के साथ ही यदा-कदा एक या एक से अधिक मन्त्रों में विश्वेदेवाः, विश्वेदेवासः, देवाः या देवासः जैसे पदों के प्रयोग द्वारा विश्वेदेवों का भी आह्वान किया गया है। जिन देवताओं के नाम आये हैं वे हैं–आदित्याः, रुद्राः, वसवः, मरुतः, द्यावापृथिवी; मित्रावरुणा,

---

१. विश्वान् देवान् हवामहे मरुतः सोमपीतये। ऋ. १/२३/१०.

उषासानक्ता, अश्विनौ, इन्द्र, अग्नि, वरुण, सोम, मित्र, अर्यमन्, भग, अदिति, पूषा, त्वष्टा, अहिर्बुध्न्य, सविता, सूर्य, पृथिवी, पर्वत, सिन्धु, नदियाँ, नदी, देवपत्नियाँ, पितर, ऋभु, आपः, चन्द्र, रुद्र, ऋक्षुभा, वात, वायु, उषा, बृहस्पति, सरस्वती, राका, अध्वर्यु, विष्णु, पर्जन्य, अजएकपात्, इन्द्रवायू, इन्द्रावरुणा, इन्द्रासोमा, वनस्पति, द्यौस्। कह सकते हैं कि लगभग सभी-ऋग्वेदीय देव, देवयुग्म, देवियाँ, दिव्यगण इनमें उल्लिखित हुए हैं। इनकी विवेचना करने पर हम पाते हैं कि जिस प्रकार पवमान मण्डल (नवम मण्डल) में केवल एक ऋचा 'विश्वेदेवाः' को समर्पित है (९/६७/२७) ; उसी प्रकार इन देवताओं में सोम देवता का नाम अपेक्षाकृत कम बार आया है। जिनके नाम अधिक बार आ रहे हैं, वे हैं, अश्विनौ, मरुतः, द्यावापृथिवी, सूर्य, सविता, मित्र, भग, वरुण, अर्यमन्, अग्नि, मित्रावरुणा, इन्द्र, अदिति और आदित्याः।

'विश्वेदेवाः' को समर्पित वे ऋग्वेदीय सूक्त या मन्त्र जिनमें 'विश्वेदेवाः' पद अप्राप्त है, और दूसरे देवताओं का नामतः स्तवन का वर्णन है, कई हैं यथा-१/९० में ९ मन्त्र हैं, जिनमें वरुण, मित्र, अर्यमा, इन्द्र, मरुत्, पूषा, भग, विष्णु, वात, उषा, रात्रि, द्यावापृथिवी, वनस्पति, सूर्य, बृहस्पति आदि से सर्वविध सुख और शान्ति काम्य है, अर्यमा को देवों के साथ (देवैः सजोषा अर्यमा) आने के लिए कहा गया है, अन्यथा 'विश्वेदेवाः' नाम तक अप्रयुक्त रहा है।[१] १/१०७ तीन मन्त्रों का छोटा सा विश्वेदेवाः का सूक्त है, जिसमें आदित्याः, अदिति, इन्द्र, वरुण, अग्नि, अर्यमा, सविता, मित्र, सिन्धु, पृथिवी, द्यौ आदि देवों से प्रार्थना है, परन्तु 'विश्वेदेवाः' नाम तक नहीं आया है।[२] १/१३९/१ ऋचा विशेष रूप से विश्वेदेवाः की कही गई है, जिसमें देवों (देवान्) के साथ अग्नि और इन्द्रवायू से प्रार्थना की गई है। ३/२० संख्यक सूक्त के दो मन्त्र (१, ५) 'विश्वेदेवाः' को निर्दिष्ट हैं और शेष अग्नि को। प्रथम मन्त्र में 'अग्नि, उषा, दधिक्रा, अश्विनौ के अतिरिक्त 'सजोषसः देवाः' से भी प्रार्थना की गई है, परन्तु पंचम मन्त्र में कई देवताओं का नामतः यज्ञ में आवाहन है और 'विश्वेदेवाः' की कोई चर्चा नहीं है।[३] ३/५६ संख्यक सूक्त में आठ मन्त्र हैं, जिनमें से चार में सविता, आदित्य, भग, सिन्धु, की सम्बोधनपूर्वक प्रार्थनाएं हैं, सामान्य रूप से देवों का स्वरूप वर्णन (मन्त्र ८) किया गया है और देवताओं के प्रथम और ध्रुव नियमों की चर्चा है,[४] परन्तु 'विश्वेदेवाः' पद कहीं भी नहीं

---

१. शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा।
शं न इन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः ॥ ऋ. १/९०/९.

२. तन्न इन्द्र स्तद् वरुणस्तदग्निस्तदर्यमा तत् सविता चनो धात्।
तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ॥ ऋ. १/१०७/३.

३. दधिक्रामग्निमुषसं च देवीं बृहस्पतिं सवितारं च देवम्।
अश्विना मित्रावरुणा भगं च वसून् रुद्राँ आदित्याँ इह हुवे ॥ ऋ. ३/२०/५.

४. व्रता देवानां प्रथमा ध्रुवाणि। ३/५६/१.

आया है। ५/४७ से ५० संख्यक चार सूक्तों में भी 'विश्वेदेवाः' नाम से स्पष्टतया न तो उनका उल्लेख हुआ है और न ही स्तवन। ४७ और ४८वें सूक्तों में सूर्य-किरण, उषा और सूर्य-तेज आदि का विवेचन, ४९वें सूक्त में अश्विनौ पूषा, भग अदिति आदि की[1] और ५०वें में नेता देव अग्नि से प्रार्थनाएं की गई हैं। ७/३६ और ७/३७ संख्यक सूक्तों में मित्रावरुणा, इन्द्र, रुद्र, सरस्वती, मरुत्, विष्णु, ऋभु देवों और सविता को सम्बोधित करते हुए उनका गुणगान किया गया है, तो ७/४० और ७/४२ में भी सविता, मित्र, वरुण, द्यावापृथिवी, मरुत्, अर्यमा, अदिति, रुद्र, अश्विनौ, विष्णु, अग्नि, पूषा, पर्जन्य, आदि देवताओं का नामतः उल्लेख और स्तवन है—इन चारों सूक्तों में भी 'विश्वेदेवाः' पद अप्रयुक्त ही है। २४ मन्त्रों के ८/२५ संख्यक सूक्त में तीन ऋचाएं (१० से १२) 'विश्वेदेवाः' की हैं और शेष 'मित्रावरुणौ' की—जबकि इन तीनों मन्त्रों में नामतः देवी अदिति, अश्विनौ, मरुत्, विष्णु, सिन्धु आदि से रक्षणार्थ और इच्छापूर्ति के लिए प्रार्थना सुनने का अनुरोध किया गया है, बिना 'विश्वेदेवाः' का नाम लिए कूट-सूक्त (८/२९) में अलग-अलग देवों का सांकेतिक चित्रण अवश्य है, पर 'विश्वेदेवाः' नाम यहाँ भी नहीं लिया गया है। ८/५४ संख्यक सूक्त में आठ मन्त्र हैं, दो 'विश्वेदेवाः' के हैं, और शेष इन्द्र के। विश्वेदेवाः के एक मन्त्र में कई देवताओं को नाम लेकर यज्ञ की रक्षा करने और प्रार्थना सुनने के लिए बुलाया गया है।[2] इसी प्रकार ८/५८ संख्यक सूक्त के जो दो मन्त्र (२, ३) 'विश्वेदेवाः' के बताए गए हैं, उनमें से भी एक में तो स्पष्टतः अग्नि, सूर्य और उषा द्वारा सारे विश्व को प्रकाशित करने का वर्णन है। 'एक ही इस सबके रूप में प्रकट हो रहा है'—कथन द्वारा वस्तुतः एक ही प्रभु के विविध रूप 'विश्वेदेवाः' हैं—यह लाक्षणिक अर्थ आध्यात्मिक व्याख्या को उपन्यस्त करता है।[3] दशम मण्डल में विश्वेदेवाः के कई सूक्त हैं, परन्तु वहाँ भी एक सूक्त (५७) में इन्द्र, अग्नि, मन, सोम—आदि दूसरे देवताओं का आवाहन किया गया है, परन्तु विश्वेदेवाः नाम का प्रयोग तक नहीं हुआ है।

दर्शनीय है कि ऋक्सर्वानुक्रमणी में कुछ सूक्त या मन्त्र, 'देवाः' को भी दिए गए हैं (ऋ. १/८९/१-२, ८-९ इत्यादि) जिनमें सामान्य रूप से देवताओं की स्तुतियाँ हैं।[4]

---

१. अदब्धया दयते वार्याणि पूषा भगो अदितिर्वस्त उस्रः।
इन्द्रो विष्णुर्वरुणो मित्रो अग्निरहानि भद्रा जनयन्त दस्माः॥ ऋ. ५.४९/३.

२. पूषा विष्णुर्हवनं मे सरस्वत्यवन्तु सप्त सिन्धवः। आपो वातः पर्वतासो वनस्पतिः शृणोतु पृथिवी हवम्॥ ऋ. ८/५४/४.

३. एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः। एकैवोषाः सर्वमिदं विभात्येकं वा इदं विबभूव सर्वम्॥ ऋ. ८/५८/३.

४. देवानां सख्यं उप सेदिम वयम्। ऋ. १/८९/२.

कई बार 'विश्वेदेवाः' के सूक्तों में भी मात्र 'देवाः' या 'देवासः' सम्बोधनपूर्वक देवसामान्य का स्तवन किया गया है (२/२९, २/३१/२ इत्यादि)। निश्चय ही 'देवाः' और 'विश्वेदेवाः' के सूक्तों को स्वरूपतः पृथक् कर पाना कठिन है। इसीलिए कुछ सूक्त जिन्हें ऋक्सर्वानुक्रमणी और अनुवर्ती सायणादि भाष्यकारों ने 'देवाः' का माना है (जैसे १०/७२) , आधुनिक भाष्यकार श्री वेलणकर के विचार में 'विश्वेदेवाः' के हैं।[1]

'विश्वेदेवाः' की विशेषताएं जो बहुचर्चित रही हैं, अधिकांशतः ऋत और यज्ञ से सम्बद्ध हैं। वे यज्ञियाः (६/५२/१४), यज्ञियासः (७/३५/१४), यजत्राः (२/२९/६, २/३१/७), ऋतावृधः (६/५०/१४, ६/५२/१०, १०/६६/१), ऋतज्ञाः (७/३५/१५), ऋतस्य रथ्याः (ऋत के नेता) (८/८३/३), ऋतधीतयः सत्यधर्माणः (५/५१/२), विश्ववेदसः (८/२७/१९,२१), अमृताः (१०/६६/५) और इन्द्रज्येष्ठाः (२/४१/१५, ६/५१/१५) बार-बार बतलाए गए हैं। इससे उनका यज्ञीय सम्पर्क ध्वनित होता है। मैक्डानल के विचार में तो इस गण की रचना के पीछे याज्ञिक प्रयोजन ही निहित है, वह यह कि ये देवता सभी देवताओं के प्रतिनिधि बनकर बुलाए जाते हैं।[2] विश्वेदेवों के नाम नमस्कार और स्तुति करने योग्य हैं, और वे यज्ञार्ह भी हैं; वे आकाश, अन्तरिक्ष और पृथिवी तीनों स्थानों में उत्पन्न हुए हैं और यज्ञ में आकर आह्वान सुनने के लिए प्रार्थनीय हैं।[3] वे कर्तव्य पालन में सदा तत्पर, बलवान्, यज्ञ को पूर्ण रूप से अलंकृत करने वाले, महान् तेजस्वी, यज्ञों के सेवक, अग्नि को बुलाने वाले और द्रोहरहित हैं।[4]

'विश्वेदेवाः' 'त्रिः रोचनानि' से सम्बद्ध होने के कारण तीन प्रकार से प्रकाशित होते हैं। वे तो असुरस्वरूप, परमेश्वर के सत्यनिष्ठ, उत्साहपूर्वक काम करने वाले और कभी न दबने वाले वीर हैं।[5] 'असुरस्य वीराः'—कहकर ऋचा ने विश्वेदेवों के अधिष्ठाता रूप परमात्मा को प्रतिपादित किया है। अन्यत्र भी अक्षर परम में विश्वेदेवों का निवास निर्दिष्ट है।[6] अतएव वैदिक दृष्टि में अनेक होकर भी विश्वेदेवाः अपने वास्तविक स्वरूप में एक परम तत्त्व के ही अंगस्थानीय हैं।

---

१. ऋक्सूक्त वैजयन्ती, हरि दामोदर वेलणकर, पृ. — ३५५.

२. वैदिक देवशास्त्र, मैकडानल (अनूदित) पृ. ३३९.

३. विश्वा हि वो नमस्यानि वन्द्या नामानि देवा उत यज्ञियानि वः । ये स्थ जाता अदितेरद्भ्यस्परि ये पृथिव्यास्ते म इह श्रुता हवम् ॥ ऋ. १०/६३/२.

४. धृतव्रताः क्षत्रिया यज्ञनिष्कृतो बृहद्दिवा अध्वराणामभिश्रियः । अग्निहोतार ऋतसापो अद्रुहोऽपो असृजन्ननु वृत्रतूर्ये ॥ ऋ. १०/६६/८.

५. त्रयो राजन्त्यसुरस्य वीराः । ऋतावान इषिरा दूळभासः । ऋ. ३/५६/८.

६. ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधिविश्वे निषेदुः । ऋ. १/१६४/३.

ऋग्वेद के 'विश्वेदेवाः' सूक्तों में इन देवताओं का स्वरूप जितना स्पष्ट और निश्चित है, ये सूक्त देवता के विषय में स्वरूपतः उतने ही उलझे हुए और कई प्रश्न उपस्थित करने वाले हैं। विश्वेदेवाः की एक ऋचा (६/५१/१) में सूर्यदेव का स्तवन करते हुए उन्हें चक्षु, मित्र और वरुण का प्रिय, अहिंसित, निर्मल, दर्शनीय, ऋत का अनीक और द्युलोक का रुक्म बताते हुए आकाश पर उदित होने वाला कहा गया है,[1] जबकि लगभग इसी विषय का प्रतिपादन करने वाली एक दूसरी ऋचा का देवता 'सूर्य' कहा गया है।[2] ६/२१ संख्यक सूक्त में दो ऋचाएं 'विश्वेदेवाः' की हैं और शेष इन्द्र की। विश्वेदेवाः का स्तवन करने वाली नवीं ऋचा में ऋषि से कहा जा रहा है कि 'आज वरुण, मित्र, इन्द्र, मरुत, पूषा, विष्णु, अग्नि, पुरंधि अग्नि, सविता, ओषधी, पर्वत आदि देवों को हमारी सुरक्षा और प्रगति के लिए अभिमुख करो। विश्वेदेवाः को प्रदत्त ग्यारहवीं ऋचा में 'सहस्रसूनु' इन्द्र को सम्बोधित करते हुए यजत्र देवों के साथ (विश्वेभिः यजत्रैः) आने की प्रार्थना है और मन्त्र के उत्तरार्ध में विश्वे देवों का स्वरूप वर्णित किया गया है। इन दोनों ऋचाओं को विश्वेदेवाः के लिए निर्धारित देखकर यह प्रश्न उठता है कि क्या (१) जहाँ अनेक देवताओं का एक साथ एक मन्त्र में नाम लिया जाए (२) और जहाँ विश्वेदेवाः का नामतः गुणगान किया जाए-वे विश्वेदेवाः के मन्त्र हैं? पर यह निष्कर्ष खण्डित हो जाता है जब हम ५/४२ संख्यक सूक्त पर ध्यान देते हैं। इसमें अठारह मन्त्र हैं, ग्यारहवें को रुद्र का और शेष को विश्वेदेवाः का बताया गया है। यहाँ सविता (३), इन्द्र (४), बृहस्पति (७), मरुत (१०), (अश्विनौ १८) आदि कुछ देवताओं का स्वतन्त्ररूप से एक-एक मन्त्र में वर्णन है उसी प्रकार जैसे रुद्र का ११ वें में। जब शेष मन्त्र विश्वेदेवाः के हैं, तो ११ वां रुद्र का क्यों है? क्या कई देवताओं का एक साथ एक सूक्त में स्तवन 'विश्वेदेवाः' का सूक्त कहलाने का आधार है। पर स्वयं रुद्र-मन्त्र इस निर्णय तक पहुँचने में बाधक है। २५ मन्त्रों के ७/३४ वें सूक्त में दो मन्त्र (१६ अहिः, १७ अहिर्बुध्न्य) छोड़कर शेष 'विश्वेदेवाः' के कहे गए हैं, जबकि यहाँ भी पूर्वोक्त प्रकार से अलग-अलग देवों का स्तवन अलग-अलग मन्त्रों में किया गया है, यथा अग्नि (८), वरुण (१०), अग्नि (१४), अपां नपात् (१५), त्वष्टा (२१), और एक मन्त्र में कई देवों का वर्णन भी प्राप्त है (२५)। 'विश्वेदेवाः' के कुछ सूक्तों में न विशेष देवों का स्तवन किया गया है और न देव सामान्य का ही। उनके विषय किंचित् बिखरे हुए और कदाचित् देवयजन और पूजन से सम्बद्ध हैं, जैसे १०/६२ वें सूक्त के प्रारम्भिक ६ मन्त्र अंगिरसों के हैं और शेष पाँच विश्वेदेवों के,

---

१. उदु त्यच्चक्षुर्महि मित्रयोराँ एति प्रियं वरुणयोरदब्धम्। ऋतस्य शुचि दर्शतमनीकं रुक्मो न दिव उदिता व्यद्यौत्। ऋ. ६/५१/१.

२. चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च॥ ऋ. १/११५/१.

परन्तु इनमें गोधन की मुक्ति और दान तथा सावर्णिमनु की चर्चा है; १०/६१ वें सूक्त के २७ मन्त्र विश्वेदेवाः के बताए गए हैं, पर अश्विनौ, मित्र, वरुण आदि को सम्बोधित कर कुछ स्तुतियों के अतिरिक्त इसमें स्तोता-स्तोत्र सम्बन्ध आदि की भी विवेचना है, १०/५६वें सूक्त में 'विश्वेदेवाः' देवता की संस्तुति न होकर बृहदुक्थ ऋषि के अपने मृत पुत्र वाजि के लिए अन्तिम आशीर्वचन और देवलोक प्राप्ति तथा तत्सम्बद्ध विवरण हैं। 'विश्वेदेवाः' के १०/१८१ संख्यक सूक्त में 'धाता', सविता, विष्णु आदि के 'देवयान धर्म' इत्यादि की चर्चा है; १/१६४ संख्यक सूक्त के ४१ मन्त्र विश्वेदेवाः को अर्पित हैं, परन्तु इनमें प्रधानतया सृष्टि की पूर्वावस्था, सूर्य के चक्र-रश्मि आदि, पृथ्वी और आकाश-का सम्बन्ध, समय और सृष्टि चक्र, गाय रूप महाप्रकृति, आत्मा और वाक् इत्यादि का विवेचन है। १/११४ संख्यक सूक्त में देवयजन औद देवस्तवन तथा ३/५५ संख्यक सूक्त में देवों के अद्‌भुत कर्मों की अनुशंसा की गई है। अतः देवता सम्बद्ध दूसरे विषयों को प्रतिपादित करने वाले कतिपय सूक्त भी 'विश्वेदेवाः' को समर्पित हैं।

संक्षेप में ऋग्वेदीय विश्वेदेवाः-सूक्तों और मन्त्रों को विवेच्य विषय की दृष्टि से पाँच भागों में रखा जा सकता है (१) जहाँ वह एक गण प्रतीत होता है। (२) जहाँ उससे सभी देवता अभिप्रेत हैं। (३) जहाँ किसी प्रसिद्ध एक देवता या अनेक देवताओं का स्तवन है और साथ ही 'विश्वेदेवाः' या 'देवाः', भी बुलाए गए हैं। (४) जहाँ दूसरे देवताओं का आवाहन है, पर विश्वेदेवाः का नहीं। (५) जहाँ कोई स्पष्ट देवता स्तवनीय न होकर देवपरक कोई अन्य विषय वर्णित है। अतः ऋग्वेदीय सूक्तों में विश्वेदेवाः के सूक्तों और मन्त्रों के निर्धारण के अनेक आधार हैं। परन्तु यास्क-मत की शौनकीय व्याख्या कि–'कोई भी मन्त्र जिसमें अनेक देवताओं का सन्निवेश हो, विश्वेदेवों को सम्बोधित होता है, 'बहुदैवत' ही 'वैश्वदेव' होना चाहिए'[१]— विश्वेदेवाः सूक्तों में देवतानिर्धारण का मूलाधार है।

---

१. बह्वीनां संनिपातस्तु यस्मिन्मन्त्रे प्रदृश्यते। आचार्यौ यास्कशाण्डिल्यौ वैश्वदेवं तदाहतुः॥ वैश्वदेवं वदेत्सर्वं यत्किंचित् बहुदैवतम्॥ बृ.दे. २/१३२-३.

नीलकण्ठ दीक्षित का संस्कृत काव्य साहित्य में योगदान

डॉ० अमिता शर्मा

चंडीगढ़

Nīlakaṇṭha Dīkṣita is well known for his contribution to Sanskrit literature and the other different śāstras but unfortunately the details of his life are lacking. The present article throws light on the personality and works of Nīlakaṇṭha.

महाकवि कालिदास से लेकर श्री हर्ष के समय तक तो हमें महाकाव्यों की अविच्छिन्न परम्परा प्राप्त होती है परन्तु परवर्ती समय में भी कुछेक ऐसे महाकाव्य रचे गये जिन्होंने आज तक रचे गये महाकाव्यों की दीर्घ परम्परा को बनाये रखा। इन महाकवियों में प्रख्यात दार्शनिक आप्तदीक्षित के भ्राता अच्चा दीक्षित के पौत्र नीलकण्ठदीक्षित का महत्वपूर्ण स्थान है।[१] काव्य की प्रायः सभी विधाओं के तथा शास्त्रीय ग्रन्थों के प्रणेता नीलकण्ठ दीक्षित मदुरा के राजा तिरुमल नायक के सभा पण्डित थे।[२] कवि ने स्वरचित **नीलकण्ठविजयचम्पू** का रचना काल ४७३८ कलि शताब्द अर्थात् १८३७ ई. बताया है।[३] (कलियुग का प्रारम्भ ३१०२ ई. पूर्व माना गया है) इस आधार पर विद्वानों ने इनका समय १७वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध निर्धारित किया है। नीलकण्ठ दीक्षित का समाधिस्थल नीलकण्ठसमुद्र के नाम से अड्यल नामक ग्राम में विख्यात है।[४] वस्तुतः संस्कृत साहित्य की पुस्तकों में नीलकण्ठ दीक्षित विषयक सम्पूर्ण जानकारी का सर्वथा अभाव है। कवि के कुछेक काव्यों का मात्र नामोल्लेख ही प्राप्त होता है।

---

१. एम. विन्टरनिट्ज़, **हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिटरेचर**, भाग तृतीय (१)। पृ. ८७.

२. आर सत्यनाथ अय्यर, **हिस्ट्री ऑफ नायकज़ ऑफ मदुरा**, पृ. २०२;
जे. घोष, **एपिक सोर्सेज़ आफ संस्कृत लिटरेचर**, पृ. १०९.

३. **नीलकण्ठविजयचम्पू** १-१०.

४. केशव रामाराव जोशी, **नीलकण्ठ दीक्षित व त्यांची काव्य सम्पदा**, अध्याय 4.

काव्यशास्त्र का यह सिद्धान्त है कि कोई भी कृति कलाकार के व्यक्तित्व के अनुरूप होती है। राजशेखर के शब्दों में–

'सः यत्स्वभावः कविः तद्नुरूपं काव्यम् ।
यादृशाकारः चित्रकारः तादृशाकारमस्य चित्रमिति प्रायोवादः ॥'[१]

आनन्दवर्धन ने भी ध्वन्यालोक में इस तथ्य को स्पष्ट किया है–

'श्रृङ्गारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्।
स एव वीतरागश्चेत् नीरसं सर्वमेव तत् ॥'[२]

अतः कृतिकार की सांस्कृतिक व साहित्यिक पृष्ठभूमि तथा उसके व्यक्तित्व का ज्ञान होने पर कृति को समझना सरल हो जाता है। इस दृष्टि से कवि का सूक्ष्म परिचय आवश्यक है।

कवि का जन्म तंजौर नामक नगर में दक्षिण के एक विद्वान् कुल में हुआ। इनका गोत्र भारद्वाज था।[३] कवि रुक्मिणीपरिणय, तथा अनेक दार्शनिक व काव्यशास्त्र सम्बन्धी ग्रन्थों के प्रणेता अप्पयदीक्षित के भ्राता के पौत्र थे।[४] स्वरचित गंगावतरणम् नामक महाकाव्य में कवि ने स्वयमेव अपना परिचय विस्तारपूर्वक दिया है।[५] इनके पूर्वज अद्वैतवादी ब्राह्मण थे जिनमें अच्यान् दीक्षित बहुत प्रसिद्ध हुये जो अप्पयदीक्षित के पितामह थे।[६] अद्वैत विद्यामुकुर तथा अन्य अनेक ग्रन्थों के निर्माता श्री रंगराजाध्वरी इनके पांचवें पुत्र थे। अप्पयदीक्षित इन्हीं से हुये जिन्होंने १०८ के लगभग ग्रन्थों का निर्माण करके अपने अखण्ड पाण्डित्य से ख्याति पाई। अप्पयदीक्षित के सहोदर विद्वान् अच्यादीक्षित के एक मात्र पुत्र नारायणाध्वरी के ही द्वितीय पुत्र नीलकण्ठ दीक्षित थे। इनकी माता का नाम भूमि देवी था तथा इनके पांच पुत्र थे–

---

१. राजशेखर, काव्यमीमांसा, अध्याय दशम, पृ. ४९.

२. आनन्दवर्धन, ध्वन्यालोक, पृ. ५०३.

३. गंगावतरणम् १-३२.

४. आर. सत्यनाथ अय्यर, वही, पृ. २०२.

५. गंगावतरणम् प्रथम सर्ग,

६. नलचरित नाटक पृ. ३.

जयन्ति तनयास्तस्य पंच सौभ्रात्रशालिनः ।
गर्भदासाः महेशस्य कवयश्च विपश्चितः ॥[१]

कवि के अनुज अतिरात्र यज्विन् का 'त्रिपुरविजयचम्पू' कुशकुमुद्वतीय नाटक अति प्रसिद्ध है।[२]

शंकरराम शास्त्री के अनुसार अप्पयदीक्षित की मृत्यु के पश्चात् कवि चिदम्बरम् से अपनी माता के साथ मदुरा की ओर आ गये। वहीं आकर कवि शास्त्रों में पारङ्गत हुये तथा उनका विवाह हुआ। इनके गीर्वाणेन्द्र नामक पुत्र का उल्लेख शृङ्गारकोष भाण की पुष्पिका में किया गया है–

'नीलकण्ठदीक्षितस्य तृतीयनन्दनेन गीर्वाणदीक्षितेन विरचितः शृङ्गारकोशो नाम भाणः समाप्तः ॥[३]

इनके चार पुत्रों का नामोल्लेख प्राप्त होता है–आच्चान् दीक्षित, अप्पा, स्वामि मखी (गीर्वाणेन्द्र), समरपुंगव।[४] मदुरा में राजा तिरुमलनायक के सभा कवि के रूप में कई वर्षों तक प्रतिष्ठित रहे। अन्त में संन्यास ग्रहण किया। राजा ने इन्हें उपहार स्वरूप अडययपल नामक ग्राम दिया जो कि मद्रास राज्य के दक्षिण अर्काट जिले में विद्यमान है। इस वंश के पुरुष आज भी इस ग्राम में रहते हैं।[५]

नीलकण्ठ दीक्षित का दूसरा नाम अय्यादीक्षित भी प्राप्त होता है। कवि के जन्म स्थान नगर तंजौर में वैद्भूमि जम्बुनाथ भट्ट के सरस्वती भाण्डागार में नीलकण्ठविजयचम्पू नामक दो प्राचीन कोश प्राप्त हुये हैं। इन कोशद्वय के अन्त में लिखा है–समाप्तं चेदम् अय्यादीक्षितविरचितं चम्पूकाव्यम्।"[६]

यज्ञादि का सफल प्रतिष्ठान करने के कारण कवि के लिये दीक्षित मखिन्, अध्वरी, यज्विन्, याजिन् इत्यादि उपनामों का प्रयोग प्राप्त होता है। यथा–

---

१. गंगावतरणम् १-४८.

२. पी. एस. फिलिओजेट, ओवेरेस पोयटीक द नीलकण्ठ दीक्षित पृ. २४.

३. गंगावतरणम्, प्रस्तावना, पृ. १३.

४. केशव रामाराव जोशी, नीलकण्ठ दीक्षित व त्यांची काव्यसम्पदा, पृ. २९.

५. Aiyer, R. Sathyanatha; Op. Cit, P. २०२.

६. गंगावतरणम्, प्रस्तावना, पृ. १३.

'श्रीनीलकण्ठाध्वरी श्लाघा सीमनि।[१]

'चोलोर्वीपतिनीलकण्ठमखाभिश्रीचित्ररत्नाकरे।[२]

'नीलकण्ठेन यज्वना।'[३]

अप्पयदीक्षित को कवि साक्षात् शिवावतार मानते हैं।[४] अपनी प्रत्येक रचना की पुष्पिका में अप्पयदीक्षित का सादर उल्लेख कर उन्हें सम्मानित किया है–'इति श्रीमद्भारद्वाजकुलजलाधि-कौस्तुभश्रीकण्ठमतप्रतिष्ठापनाचार्य– चतुरधिकशतप्रबन्धनिर्वाहकमहाव्रतयाजिश्रीमदप्पयदीक्षितसोदर्य–श्रीमदच्चादीक्षितपौत्रेण नारायणदीक्षितात्मजेन-भूमिदेवीगर्भसंभवेन नीलकण्ठेन विरचिते मुकुन्दविलासे विश्वम्भरानिर्वासनं नाम प्रथमः सर्गः।'[५]

नीलकण्ठदीक्षित के गुरु वेंकटाध्वरी वशिष्ठवंशोत्पन्न थे।[६] वेंकटाध्वरी (वेंकटेश्वरमखी) गोविन्ददीक्षित के योग्य पुत्र थे जो तंजौर के राजा रघुनाथ के सम्मानित मन्त्री थे। कांची के कामकोटि पीठ के आचार्य चन्द्रशेखर सरस्वती इनके मातुल थे। इनमें भी कवि ने उच्च शास्त्रीय शिक्षा प्राप्त की थी।

वीरराघवकृत **आच्चानदीक्षितवंशावलि** नामक कृति में तथा शिवानन्दयोगीन्द्र कृत **नीलकण्ठाध्वरी** नामक कृति में कवि विषयक विवेचन प्राप्त होता है।[७]

कविकृत रचनायें–

वस्तुतः सभाकवि होने के कारण जनरुचि को दृष्टि में रखते हुए नीलकण्ठदीक्षित ने मात्र सरस काव्य की रचना कर लोकाराधन के मार्ग को अपनाया। कविकृत तीनों महाकाव्यों की कथावस्तु पुराणों, **रामायण** व **महाभारत** से ली गई है। **रामायणसार-संग्रह, रघुवीरस्तव** तथा **चण्डीरहस्यम्** नामक लघुकाव्यों के अतिरिक्त शेष लघुकाव्य कविकल्पना प्रसूत हैं। कविकृत रचनाओं को दो भागों में विभक्त करके प्रस्तुत किया जा सकता है।

(क) कविकृत काव्य, (ख) कविकृत अन्य रचनायें।

---

१. चक्रकवि, जानकीपरिणय, ६-७६.

२. गंगावतरणम्, भूमिका, पृ. १२.

३. सभारंजनशतक १०५.

४. शिवोत्कर्षमंजरी ५२.

५. मुकुन्दविलास, प्रथम सर्ग।

६. गंगावतरणम्, १-३८ से ४७ तक

७. पी. एस. फिलियोजेट, वही, १०, पृ. ३४९.

कविकृतकाव्य–

शिवलीलार्णवम्-[१]

२२ सर्गों में विभक्त इस महाकाव्य में दक्षित भारत में स्थित (मदुरा) मदुरई नामक स्थान में पूजित शिव की चतुःषष्टि लीलाओं का सांगोपांग वर्णन प्रस्तुत किया है। अपने भक्तों की रक्षा के लिये शिव अनेक रूपों को धारण करते हैं। महाकाव्य में सर्वत्र अद्‌भुत रस की सृष्टि है। अधिकांश लीलायें पाण्ड्‌यवंशीय राजाओं से सम्बद्ध हैं। वेटममनि महोदय ने भी इन लीलाओं का उल्लेख किया है।[२] लीलाओं का क्रमिक उल्लेख इस प्रकार है–

१. इन्द्र को ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त करना (सर्ग : ३)

२. ऐरावत को पापमुक्त करना (सर्ग ४, १-४०)

३. कदम्बवन में मधुरापुर का निर्माण करवाना (सर्ग ४, ४१-१०८)

४. तटातका के रूप में पार्वती का जन्म। (सर्ग ६)

५. पाण्ड्‌यदेव (सुन्दरपाण्ड्‌य, सुन्द्रेश्वर शिव) का तटातका से विवाह। (सर्ग ७ से ११ तक)

६. महर्षि पंतजलि के समक्ष नृत्य करना। (सर्ग १२, ३३-५७)

७. अधिक अन्न समाप्त करने के लिये कुण्डोदर को शक्ति देना। (सर्ग १२, ६७-७२)

८. अन्न से कुंडोदर की भूख प्यास को तथा वेग नदी के जल को शान्त करना। (सर्ग १२, ७२-९५)

९. अपनी पत्नी को प्रसन्न करने के लिये सात समुद्रों को उपस्थित करना। (सर्ग १३, १६-३०)

१०. मलयध्वज को देवलोक से पृथ्वी पर लाना। (सर्ग १३, ३१-४०)

११. उग्र नामक पुत्र को उत्पन्न करना। (सर्ग १३, ४१-४९)

१२. अपनी ओर से समुद्र को दूर करना। (सर्ग १३, ७२-७४)

१३. इन्द्र के मुकुट को तोड़ना। (सर्ग १३, ८७-९४)

१४. महामेरु द्वारा उग्रपाण्ड्‌य को स्वर्ण दिलवाना। (सर्ग १४, १-३४)

१५. महर्षियों को वेदार्थ बताना। (सर्ग १४, ३५-५४)

१६. मुकुटनिर्माण के लिये राजा को मणियाँ बेचना। (सर्ग १४, ५५-७१)

---

१. सम्पादक–टी. गणपतिशास्त्री, त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सीरीज–४.

२. वेटममनि, पौराणिक इन्साइक्लोपीडिया, पृ. ७३०

१७. बादलों द्वारा सागर का पानी सुखवाना। (सर्ग १५, १-२५)

१८. अत्यधिक वर्षा को रोकना (सर्ग १५, २७-४२)

१९. सिद्ध (प्रत्यक्षीकरण) के पराक्रम को दिखाना (सर्ग १५, ४३-५७)

२०. गन्ना खाने के लिये पत्थर का हाथी बनाना। (सर्ग १५, ५२-७०)

२१. बौद्ध संन्यासी द्वारा जादू टोने के प्रयोग में लाये गये हाथी को मारना। (सर्ग १५, ७१-८८)

२२. एक ब्राह्मण बाला को वरदान देना (सर्ग १६, १-१५)

२३. तरह-तरह के नृत्य करना। (सर्ग १६, ३४-४८)

२४. ब्राह्मण स्त्री की मृत्यु को प्रमाणित करना तथा उसे प्रकाश में लाना।(सर्ग १६, ३४-४८)

२५. माता के साथ सोने तथा पितृहत्या के पाप को मिटा देना। (सर्ग १६, ५१-६१)

२६. धनुर्विद्या सिखाने वाले गुरु की पत्नी को बचाने के लिये सिद्ध को मारना। (सर्ग १६, ६२-७६)

२७. बौद्ध संन्यासी द्वारा भेजे गये सर्पों को विषहीन करना। (सर्ग १६, ७७-८६)

२८. उस संन्यासी द्वारा भेजी गई गायों को मारना। (सर्ग १६, ७७-८७६)

२९. पाण्ड्य सेना के सेनापति को बचाने के लिये असंख्य सेना को प्रकट करना। (सर्ग १७, ११-२१)

३०. पाण्ड्य राजा को धनसंग्रह के लिये ऐसा थैला देना, जो कभी भी खाली नहीं हो सकता। (सर्ग १७, २२-२६)

३१. वैश्य के रूप में स्वयं को छिपाना तथा चूड़ियाँ बेचना। (सर्ग १७, २७-४५)

३२. यक्षणियों को अष्ट सिद्धियाँ देना। (सर्ग १७०, २७-४५)

३३. चोल राजा के लिये मन्दिर के द्वार खोलना। (सर्ग १७, ७६-८४)

३४. पाण्ड्य सेना के लिये जल वितरित करना। (सर्ग १७, ८२-८३)

३५. लोहे व पीतल आदि को स्वर्ण में परिवर्तित करना। (सर्ग १८, १-५)

३६. चोलनृप को पराजित करना। (सर्ग १८, ६-२७)

३७. एक शूद्र को बीजों से भरा बर्तन देना। (सर्ग १८, १९-३०)

३८. वैश्य लड़के को विजयी करना। (सर्ग १८, ३१-३३)

३९. पाण्ड्य राजा को ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्त करना। (सर्ग १८,३५-४०)

४०. भद्र नामक भक्त की रक्षा के लिये ईंधन धारण करना। (सर्ग १८, ४१-५२)

४१. भद्र के निमित्त चेर राजा को पत्र लिखना। (सर्ग १८, ५३-६२)

४२. भद्र को एक काष्ठफलक उपहार में देना। (सर्ग १८, ६४)

४३. गानविद्या में भद्र की पत्नी को विजयी करना। (सर्ग १८, ७०-७९)

४४. सूअर के मांस को स्वीकार करना तथा बच्चे को बचाना। (सर्ग १९, १-१४)

४५. शिशु सूअर को मन्त्री बनाना। (सर्ग १९, १५-२२)

४६. खजरीट पक्षी को मृत्युंजय मन्त्र पढ़ाना जिससे वह कौओं के प्रहार से बच सके। (सर्ग १९, २३-२७)

४७. शरारि पक्षी को मोक्ष प्रदान करना। (सर्ग १९, २८-३५)

४८. सर्पों द्वारा मधुरा की सीमा को दिखाना। (सर्ग १९, ७४-८२)

४९. चोलनृप को पराजित करना। (सर्ग १९, ८३-८७)

५०. द्रविड विद्वानों को संघम् काष्ठफलक देना। (सर्ग २०, १-४३)

५१. पाण्ड्य नृप के प्रार्थना करने पर एक ब्राह्मण के लिये पद्य लिखना। (सर्ग २०, ४४-५७)

५२. नक्कीर कवि की रक्षा करना। (सर्ग २०, ५२-६५)

५३. नक्कीर को सूत्र पढ़ाना। (सर्ग २०. ६६-६७)

५४. ग्रन्थों का तुलनात्मक अध्ययन करना। (सर्ग २०. ६८-७२)

५५. उत्तरीय हालास्य नामक स्थान को जाना। (सर्ग २०-७५-७६)

५६. दाश (धीवर) कन्या से विवाह करना। (सर्ग २०. ७७-८७)

५७. वातपुरीश नामक पाण्ड्यमन्त्री को ज्ञान दीक्षा। (सर्ग २१, १-२०)

५८. पाण्ड्य राजा को जादू वाले घोड़े बेचना। (सर्ग २१, २२-२४)

५९. नदी का विस्तार करना। (सर्ग २१, ४५, ५७)

६०. मालपुओं के लिए कीचड़ लाना। (सर्ग २१, ५९-१०४)

६१. ज्वर की चिकित्सा करना तथा कुब्ज पाण्ड्य को कुब्ज बनाना। (सर्ग २२, १-२०)

६२. ज्ञानसम्बन्ध को शूल द्वारा मारने की शक्ति देना। (सर्ग २२, २२-३५)

६३. प्रमाण के लिये वृक्ष-तालाब, शिवलिंग को मधुरा में लाना। (सर्ग २२, ४२-५२)

कवि ने स्वयं **शिवलीलार्णवम्** महाकाव्य की कथा का मूल स्रोत पुराण बताया है–

"लीलास्वनन्तास्वपि यस्य दृष्टा।
लीलाचतुःषष्टिरियं पुराणे ॥[१]

कवि ने यहाँ पुराण विशेष का नामोल्लेख नहीं किया है। परन्तु टी. गणपतिशास्त्री ने **शिवलीलार्णवम्** का मूल **स्कन्दपुराण** के हालास्य माहात्म्य को बताया है।[२] अपि च वेंटममनि महोदय ने इसका उद्‌भव मात्र **'हालास्यमाहात्म्य'** को बताया है।[३]

सम्प्रति उपलब्ध **स्कन्दपुराण** में इन लीलाओं के विषय में संकेत मात्र भी प्राप्त नहीं होता। मद्रास के प्रो. गंगाधरन भी **स्कन्दपुराण** से **हालास्यमाहात्म्य** की अप्राप्ति को स्वीकार करते हैं। उनके मत में **हालास्यमाहात्म्य** नामक एक स्वतन्त्र कृति का संदर्भ प्राप्त होता है जो वाणी विलास प्रेस, मदुरा से ग्रन्थ लिपि में १८७० ई. में प्रकाशित हुई।[४] प्रो. केशव रामाराव जोशी को **हालास्यमाहात्म्य** नामक एक दुर्लभ प्रति नीलकण्ठ दीक्षित के वंशज पालामाडई के निवासी श्री विश्वनाथ शास्त्री की कृपा से उपलब्ध हुई। उनके मतानुसार इस पुराण में शिवकृत चतुःषष्टि लीलायें पौराणिक पद्धति से कहीं अति संक्षेप से तथा कहीं अति विस्तार से वर्णित हैं।[५]

गंगावतरणम्–[६]

प्रस्तुत महाकाव्य में कवि ने आठ सर्गों में गंगा की भव्यता की प्रतिष्ठा की है। गंगावतरण की लोक प्रसिद्ध कथा **वाल्मीकि रामायण,**[७] **महाभारत,**[८] तथा विभिन्न पुराणों[९] में भी प्राप्त होती है। कवि ने स्वयं इस कथा को **वामन पुराण** से उद्धृत बताया है–

---

१. **शिवलीलार्णवम्** २२-६१.

२. **वहीं,** भूमिका, पृ. १, त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सिरीज, ४.

३. वेटममनि, **वही,** पृ. ७३०.

४. **इंडिया आफिस प्रिन्टेड बुक कैटॉलाग,** पृ. ९९२० (साभार प्रो. गंगाधरन)

५. केशवरामाराव जोशी, पू. उद्ध. पृ. १५२.

६. सम्पादक- टी.एस. कुप्पुस्वामी शास्त्री -**काव्यमाला** ७६, बम्बई।.

७. **बालकाण्ड,** सर्ग ३६, २ से ११ तक।

८. **आदि पर्व** अध्याय ८५, २२, २३, २५, अ. ८६, २, ३, ५, १०,

९. **भागवतपुराण** ९.९, **वामनपुराण** २५, ७५ **वाल्मीकि रामा.** अ. ४३, ४४, ४५, **विष्णु पुराण** ४-४, **ब्रह्मपु.** ७८.

"सा च वामनपुराणवचोभिः स्पष्टमेव विवृता ते।[१]

मुकुन्दविलासम्–[२]

कवि कृत नलचरित नाटक में इस महाकाव्य का नामोल्लेख प्राप्त होता है।[३] प्रस्तुत महाकाव्य के तीन सर्ग पूर्ण तथा चतुर्थ अपूर्ण प्राप्त होता है। कथा इस प्रकार है–दैत्यों के भार से डरी हुई पृथ्वी ब्रह्मा तथा देवताओं के पास आकर अपनी व्यथा सुनाती हैं। विष्णु कंसवधार्थ श्री कृष्ण के रूप में जन्म लेते हैं। इसके साथ ही राजा उग्रसेन उनके पुत्र कंस तथा वसुदेव देवकी का भी विशद विवेचन है। यह कृष्णकथा भागवतपुराण के दशमस्कन्ध के पूर्वाद्‌र्ध में तथा अन्य पुराणों में भी प्राप्त होती है।[४]

रामायणसारसंग्रह रघुवीरस्तव–[५]

सम्पूर्ण रामायण के आधार पर रामचरित की प्रत्येक प्रमुख घटना को ३३ पद्यों में संकलित कर श्री राम की स्तुति की गई है। श्री राम के नाग पाश में बन्ध जाने के विषय में कवि का कहना है–

"नागास्त्रबन्धपरुषां स्मर नाथ वेलाम्
कीदृग्व्यथा तव तदास कियद् विधोति।
नित्या दशा चलति सा भवबन्धतो मे
ज्ञातव्यथे सुकरुणे किमितो वदेयम्॥[६]

चण्डीरहस्यम्–[७]

प्रस्तुत लघुकाव्य में देवी का वर्णन व स्तुति काव्यात्मक भाषा में की है। प्रस्तुत स्तुति का मूल मार्कण्डेय पुराण में वर्णित दुर्गासप्तशती है। कवि ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पंचम व एकादश अध्याय से वर्ण्यविषय लेकर ३६ पद्यों में देवी की स्तुति की है।

---

१. गंगावतरणम् १-१५.

२. सम्पादक–राधावल्लभ त्रिपाठी,–सागर, १-८०.

३. नलचरित नाटक, पृष्ठ ३.

४. विष्णु पुराण अ. ५, १ से ३ तक, श्री हरिवंश पुराण, विष्णु पर्व, १ से ४ अ. तक

५. ब्रह्म पुराण अ. १८०-१८२ तक फिलियोजट, वही, पृ. १७७.

६. रामायणसारसंग्रह रघुवीरस्तव, २१.

७. फिलियोजट, वही, पृ. १५९.

शिवोत्कर्षमंजरी–[१]

५२ पद्यों में निबद्ध शिव के माहात्म्य वर्णन से कवि की शिव भक्ति तथा शैव सिद्धान्त विषयिकी श्रद्धा प्रकट होती है।

आनन्दसागर स्तव–[२]

१०८ पद्यों में भगवती अम्बिका की ही विविध प्रकार से स्तुति की गई है।

गुरुतत्त्वमालिका–[३]

शिवस्तुतिपूर्वक कवि ने यहाँ स्वगुरुमहिमा का प्रतिपादन २८ पद्यों में किया है।

वैराग्यशतक–[४]

प्रस्तुत शतक में मनुष्य जीवन में वैराग्य का महत्व तथा उसकी उपयोगिता को ही सर्वश्रेष्ठ सिद्ध किया है। कवि ने कहा है–

"निध्यायसि विषयसुखं
न ध्यायसि विषममस्य परिपाकम्।
बन्धुं तमेव चिन्तय
बद्धुं भोक्तुं च य क्षमते॥[५]

शान्तिविलासम्–[६]

संसार की असारता को ५१ पद्यों में विभिन्न प्रकार से प्रकट करते हुये अन्त में कवि ने शिव सान्निध्य की ही कामना की है–

"नाहं याचे पदमुडुपतेर्नाधिकारं मघोनो
नापि ब्राह्मीं भुवनगुरुतां का कथान्यप्रपंचे।
अन्यस्यान्यः श्रियमभिलषन्नस्तु कस्तस्य लोकः
मह्यं शम्भो! दिश मसृणितं मामकानन्दमेव॥"[७]

---

१. वही -पृ. १२०.
२. वही- पृ. २४७, काव्यमाला-११.
३. फिलियोजट, वही, पृ. २१७.
४. वहीं पृ. २३१, काव्यमाला-१.
५. वैराग्यशतक पद्य ८७;
६. फिलियोजट, वही, पृ. २१७.
७. शान्तिविलासम् ४९.

अन्यापदेशशतक–[१]

इस शतक में विभिन्न अन्योक्तियों का संकलन किया गया है। यहाँ कवि ने प्रमुख रूप से पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों, चन्द्रमा, अभ्रसरिता तथा शंकर को लक्ष्य बनाया है।

सभारंजनशतक–[२]

यहाँ कवि ने उस मार्ग के विषय में निर्देश किया है जिसका अनुसरण करने में सभ्यजनों में सदगुणों का विकास हो सके। इस प्रसंग में कवि ने ज्ञान, काव्य, दान, बल, शौर्य, काल, क्षमा, शान्ति, धर्म, अर्थ, गृहस्थाश्रम तथा राजा की चर्चा की है। यथा–

"अशिक्षितानां काव्येषु शास्त्राभ्यासो निरर्थकः।
किमस्त्यनुपनीतस्य वाजपेयादिभिः मखैः।[३]
"न धैर्येण विना लक्ष्मी न शौर्येण विना जयः।
न ज्ञानेन विना मोक्षो न दानेन विना यशः॥[४]

कलिविडम्बनम्–[५]

१०२ पद्यों के इस लघु काव्य में कवि ने कलियुग के प्रभाव का व्यंग्यात्मक वर्णन किया है। कलियुग में विद्यमान् पण्डित, मान्त्रिक, ज्योतिषी, भिषज, कवि, बन्धु, बान्धव, उत्तमर्ण, दरिद्रता, धनिक, पिशुन, लोभी, धार्मिक व दुर्जनों का यथार्थ चित्रण किया है–

"वाच्यतां समयोऽतीतः स्पष्टमग्रे भविष्यति।
इति पाठयतां ग्रन्थे काठिन्यं कुत्र वर्तते॥"[६]
"ब्रुवाणाः सर्वथा ग्राह्याः लोके ज्योतिषिकाः जनाः।[७]
"दरिद्रता के विषय में कवि का कहना है–
दैन्यं राज्यादपि ज्यायो यदि तत्त्वं प्रबुध्यते॥"[८]

---

१. फिलियोजट, वही, पृ. ४७ काव्यमाला- ४.
२. वही, पृ. २९ काव्यमाला- ४.
३. सभारंजनशतक १७.
४. वही- ४२.
५. फिलियोजट, वही, पृ. ३. काव्यमाला- ५.
६. कलिविडम्बनम् ८.
७. वही- १८.
८. वही- ५७.

त्यागराजस्तव–[१]

इस स्तुतिकाव्य का मात्र नामोल्लेख प्राप्त होता है।

कवि कृत अन्य रचनायें–[२]

नीलकण्ठविजयचम्पू–[३] पांच आश्वासों में विभक्त इस चम्पू में समुद्र-मंथन की कथा का ही प्रमुख रूप से वर्णन है।

नलचरितनाटक–[४]

यह नाटक छः अंकों में प्राप्त होता है। यह अपूर्ण नाटक है। नल दमयन्ती की प्रसिद्ध कथा को ही यहाँ सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

शास्त्रीय ग्रन्थ–

शिवतत्त्वरहस्यम्–[५] इस ग्रंन्थ का नामोल्लेख नीलकण्ठ दीक्षित के नाम से कवि के तृतीय पुत्र गीर्वाणेन्द्र कृत **शृङ्गारकोष** भाण में प्राप्त होता है।[६] इस ग्रन्थ में कवि ने वैष्णवों के आक्षेपों का खण्डन युक्तिवाद तथा वैष्णव पुराणों के आधार पर किया है। इस प्रसंग में शैवागम, पुराण, वेद, उपनिषद, व्याकरणभाष्य, अमरकोष, साहित्यशास्त्र इत्यादि के अनेक उद्धरण दिये हैं। इसका विषय **स्कन्दपुराण** के गौरीनारायण संवाद से लिया गया है।[७]

कैय्यटव्याख्यानम्–[८]

यह व्याकरण विषयक ग्रन्थ है। पातंजल **महाभाष्य** की सुप्रसिद्ध कैय्यट प्रदीप नामक टीका का विशद अर्थ कैय्यट व्याख्यान प्रसिद्ध है।

---

१. पुरुषोत्तम शर्मा चतुर्वेदी—**हिन्दी रसगंगाधर,** पृ. २४.

२. सम्पादक सी.पी. रामस्वामी अय्यर, **बालमनोरमा सीरीज,** ७.

३. सम्पादक सी.पी. रामस्वामी अय्यर, **बालमनोरमा सीरीज,** ७.

४. सम्पादक सी. शंकरम्मा शास्त्री **बाल मनोरमा** ८.

५. आफरेख्ट, **कैटालागस कैटालागरम्,** पार्ट १; पृ. ६४८.

६. टी.एस. कुप्पुस्वामी शास्त्री, भूमिका, **गंगावतरणम्,** पृ. १२.

७. केशवरामाराव जोशी, पू. उदृ. पृ. ३५५.

८. टी. एस. कुप्पुस्वामी शास्त्री, भूमिका, **गंगावतरणम्,** पृ. १२.

चित्रमीमांसा दोषधिक्कार–[१]

काव्य शास्त्र विषयक इस ग्रन्थ में पण्डितराज जगन्नाथ द्वारा अप्पयदीक्षित की की गई आलोचना का प्रत्युत्तर दिया गया है तथा अप्पयदीक्षित के काव्य विषयक सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। चित्रमीमांसा नामक काव्यशास्त्र विषयक ग्रन्थ अप्पयदीक्षित द्वारा विरचित है। चित्रमीमांसा खण्डन पण्डितराज जगन्नाथ कृत है। चित्रमीमांसादोषधिक्कार नीलकण्ठ दीक्षित द्वारा विरचित ग्रन्थ अनुपलब्ध है।[२]

सौभाग्यचन्द्रातप–[३]

शाक्त तन्त्र पर आधारित कवि की यह एक दुर्लभ रचना है। पुराने भोजपत्र पर अपूर्ण तथा खण्डितावस्था में यह प्राप्त हुई थी। यह ग्रन्थ लिपि में निबद्ध है।

काव्य की प्राय: समस्त विधाओं की रचना करने के कारण नीलकण्ठ दीक्षित की कृतियों में उनकी सर्वतोमुखी प्रतिभा दृष्टिगोचर होती है। उनके काव्य के अनुशीलन से पाठक को काव्यरसास्वादानुभूति तो होती है परन्तु साथ ही इतिहास के तथ्यों में कल्पना का किंचित् मात्र भी समावेश नहीं प्राप्त होता। प्रमुख रूप से **शिवलीलार्णवम्** महाकाव्य में तटातका की विजययात्रा का वर्णन करते हुये कवि ने कहा है कि तटातका ने मदुरा से हिमालय तक प्रयाण करते समय कनखल क्षेत्र में गंगा के तीर पर स्थित मायापुर नामक स्थान में विश्राम किया।[४] यहाँ कनखल से कर्णखल अभिप्रेत है तथा आधुनिक मायापुर नगर हरिद्वार व कर्णखल के मध्य स्थित हैं।[५] इसी प्रकार मदुरा पाण्ड्यवंश की राजधानी के रूप में वर्णित है।[६] पाण्ड्यदेश से मदुरई तिन्नैवली तथा दक्षिणी त्रावणकोर अभिप्रेत है।[७] कवि द्वारा उल्लिखित चेर, चोल व पाण्ड्य राज्यों के नाम अशोक के लेखों में भी प्राप्त होते हैं।[८]

---

१. आफरेख्ट, वही, पार्ट ३, पृ. ४०.

२. कृष्णमाचारी, हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर, पार्ट १, पृ. २३७; एस. के. डे. हिस्ट्री ऑफ संस्कृत पोयटिक्स, पृ. ४२४.

३. जर्नल आफ ओरि. रिसर्च, २६, पृ. ५०.

४. शिवलीलार्णवम् ९-२७.

५. एन. एस. डे., द जियोग्राफिकल एण्ड मीडिएवल इण्डिया, पृ. १२९; एम. आर. सिंह, ए क्रिटिकल स्टडी आफ दि जियोग्राफिकल डाटा इन द अर्ली पुराणज पृ. २६६,

६. शिवलीन्गार्णवम् २- १ से ३० तक

७. परमानन्द गुप्त, जियोग्राफी इन एन्शिएन्ट इंडियन इन्सक्रिप्शन्स, पृ. ५४; डे, वही, पृ. १४७; शिवलीलार्णवम् २- १, ४- ११.

८. शिवलीलार्णवम् १८-५३. राजबली पाण्डेय, अशोक के अभिलेख, द्वितीय लेख, पृ. ३.

कवि द्वारा किये गये कतिपय ऐतिहासिक उल्लेख भी विवेचनीय हैं। नीलकण्ठ दीक्षित स्वयं नायकवंशीय मदुरा के राजा तिरुमलनायक के सभा कवि थे। राजा का समय १६२३-१६४९ ई. है।[१] **शिवलीलार्णवम्** महाकाव्य में कवि नें प्राचीन पाण्ड्यवंशीय राजाओं का वर्णन किया है। पाण्ड्यवंश ने ईसा की प्रथम शताब्दी से लेकर ११वीं शताब्दी तक राज्य किया।[२] पाण्ड्यदेश के संस्थापक के रूप में राजा कुलशेखर का उल्लेख किया है।[३] ततः मलयध्वज, दिव्यकन्या तटातका, सुन्दरेश्वर, उग्रपाण्ड्य, वीरपाण्ड्य विक्रममाण्ड्य, अरिमर्दन तथा कुब्जपाण्ड्य का विशेष उल्लेख है। मदुरा के स्थलपुराण में भी इन्हीं राजाओं का (पाण्ड्यदेश) मदुरा के शासकों के रूप में उल्लेख प्राप्त होता है।[४] राजा कुलोत्तुगं के पुत्र कुलभूषण के शासन काल में चोल व पाण्ड्यों के मध्य भीषण युद्ध होने का उल्लेख भी ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।[५]

एवमेव **शिवलीलार्णवम्** में उल्लिखित शिवकृत चतुःषष्टि लीलाओं का उल्लेख भी दक्षिण भारतीय मन्दिरों, भित्तिचित्रों तथा इतिहास ग्रन्थों में प्राप्त होता है। आधुनिक मदुरई (मदुरा) की मीनाक्षी मन्दिर की उत्तरी पूर्वी भित्तियों पर चतुःषष्टि लीलायें अंकित हैं।[६] Temples of Tamil Land नामक पुस्तक में आर. के दास महोदय ने भिन्न लीलाओं का उल्लेख कर उन्हें ऐतिहासिक प्रमाणित किया है।

शिवलीलार्णवम् में उल्लिखित शैव संत भी दक्षिण भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। ईस्वी सन् की प्रारम्भिक शताब्दी के तथा प्राचीन मदुरई के तमिल संगम के ये महाकवि माने जाते हैं।[७] कीर (नक्कीर) नामक शिवभक्त का समय ईस्वी सन् की प्रारम्भिक शताब्दी माना गया है।[८] कपिल (कपिलार) भी तमिल के प्रसिद्ध कवि व शिव

---

१. जे. घोष, **एपिक सोर्सेज इन संस्कृत लिटरेचर,** पृ. १६.

२. डी. पी. देवकुंजरी, **मदुरई थ्रू दि एजेज़** फ्राम अर्लिएस्ट टाइम टु १८०१ ए. डी. पृ. १.

३. **शिवलीलार्णवम्** २-७१.

४. **स्थलपुराण** पृ. १४, १५.

५. **शिवलीलार्णवम्** १७-७६ से ८१ तक आर. सत्यनाथ अय्यर **हिस्ट्री आफ नायकाज आफ मदुरा,** पृ. २६२.

६. अय्यर, **वही,** पृ. २१७.

७. सी. वी. एन. अय्यर, **ओरिजिन एण्ड अर्ली हिस्ट्री आफ शैविज़्म इन साउथ इंडिया,** पृ. १११, ३९९.

८. **शिवलीलार्णवम्** २०, ४३ से ६७ तक के. ए. एन. शास्त्री, **डेवेलपमेन्ट आफ रिलिजन इन साउथ इंडिया,** पृ. १२१.

भक्त थे।[१] वातपुरीश नामक शैव संत का उल्लेख मणिक्कवासगर के नाम से भी प्राप्त होता है।[२] वातपुरीश राजा अरिमर्दन के मंत्री थे। इनके विषय में प्रसिद्ध है कि इन्होंने अश्व लाने के लिये दिये गये धन से शिवार्चना की थी। राजा द्वारा क्रोधित होने पर शिव ने इन्द्रजाल के द्वारा अश्वों का मिर्माण कर दिया तथा भक्त की अद्‌भुत चमत्कारों के द्वारा रक्षा की।[३] ब्राह्मण जाति के इस शैव संत ने बौद्धों के विरुद्ध शास्त्रार्थ भी किया था।[४] अब भी दिसम्बर-जनवरी के दस दिन मदुरई में मणिक्कवासगर उत्सव मनाया जाता है—जो कि इनकी ऐतिहासिकता व लोकप्रियता का परिचायक है।[५]

शैव संत सम्बन्ध (ज्ञानसम्बन्ध सम्बदर) के विषय में प्रचलित है कि जैन धर्म से प्रभावित राजा कुब्जपाण्ड्य के ज्वरग्रस्त हो जाने पर सम्बन्ध ने ही उन्हें रोगमुक्त किया। इसछे जैन धर्मावलम्बी बहुत भयभीत हुये तथा उन्होंने सम्बन्ध से धर्मविषयक शास्त्रार्थ किया। इससे जैन धर्मावलम्बी पराजित हुये। परिणामस्वरूप राजा ने शैव धर्म स्वीकार किया।[६] इनका समय ६७०-७०० ई. प्राप्त होता है।[७] मदुरा में इन्होंने प्रमुख धर्म के रूप में शैव धर्म की स्थापना की। मदुरा में इनकी प्रतिमा भी विद्यमान है।[८]

वस्तुतः १७वीं शताब्दी के कवि नीलकण्ठदीक्षित ऐसे ऐतिहासिक कवि थे जिन्होंने लोकाराधन के लिये काव्य रचना तो की तथा साथ ही एक सफल मंत्री के रूप में भी दीर्घ समय तक कार्य किया।

---

१. शिवलीलार्णवम् २०-१.

२. शिवलीलार्णवम् २१, १ से ५९ तक

३. यदुवंशी, शैवमत, पृष्ठ १४८. आर. नागास्वामी, आर्ट एण्ड कल्चर आफ तमिलनाडु, पृ. ३५.

४. के.ए.एन. शास्त्री, वही, पृ. १३३.

५. सत्यनाथ अय्यर, वही, पृ. १५.

६. शिवलीलार्णवम् २१, १ से ३५ तक। योगी शुद्धानन्द भारती, द ग्रैन्ड एपिक आफ शैविज़्म, पृ. १४५.

७. इंडियन एन्टीकरी, २५, पृ. ११३.

८. योगी शुद्धानन्द भारती, वही, पृ. १३०. डी. देवकुञ्जरी, वही, पृ. १००९.

आचार्य प्रकाशानन्दकृत 'वेदान्त-सिद्धान्त-मुक्तावली' में वर्णित अज्ञान का आश्रयत्व एवं विषयत्व

डा० शैल वर्मा

शिकोहाबाद

The writer in this article has elaborately discussed the view of Prakashananda in *Vedānta-Siddhānta-Muktāvali, that ātmatattva alone, is both the āśraya* and *viṣaya* of *ajñāna*.

उपनिषदों में निहित अध्यात्म-विषयक विवेचन को आचार्य बादरायण व्यास ने '**ब्रह्म-सूत्र**' में सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया है। ब्रह्मसूत्रों की अर्थ-व्याख्या करने हेतु अनेक आचार्यों ने अपने-अपने ढंग से भाष्यग्रन्थ लिखे। ब्रह्मसूत्रों का अद्वैतपरक अर्थनिष्पादन आचार्य शंकर ने अपने ग्रन्थ '**शारीरक-भाष्य**' में किया। ब्रह्मसूत्र के '**शांकर भाष्य**' को आधार मानकर पद्मपादाचार्य ने **पञ्चपादिका** टीका लिखी, जो परवर्तीकाल में प्रकाशात्मा द्वारा और अधिक विविक्त होकर '**विवरण-प्रस्थान**' के नाम से विख्यात हुई। '**शांकर भाष्य**' को सुस्पष्ट करने के लिये श्री वाचस्पति मिश्र ने **भामती** व्याख्या लिखी, जो '**भामती-प्रस्थान**' के नाम से प्रख्यात हुई।

परवर्ती अद्वैताचार्यों ने **विवरण** तथा **भामती** व्याख्या का आश्रय लेकर अपनी-अपनी विचारशीलता से अद्वैत-सिद्धि का प्रयास किया तथा अनेक स्वतंत्र ग्रन्थ लिखे। स्वतंत्र ग्रन्थों के मध्य स्वामी प्रकाशानन्द कृत '**वेदान्त-सिद्धान्त-मुक्तावली**' का महत्वपूर्ण स्थान है। आचार्य प्रकाशानन्द ने अपने ग्रन्थ में **विवरण-प्रस्थान** की अनेक मान्यताओं को श्रुति, युक्ति और अनुभव सम्मत सिद्ध किया है। उदाहरणार्थ - अविद्या का अभिन्नाश्रय-विषयत्व, जीव का एकत्व, प्रतिबिम्बवाद का समर्थन, निदिध्यासन को उपकारक मानने की संधारणा - ये मान्यतायें उन्होंने अद्वैत सिद्धान्त की व्याख्या के लिये स्वीकार की हैं।

अविद्या की अपेक्षा– अद्वैत वेदान्त में परम तत्त्व का ज्ञान प्राप्त करने के लिये अविद्या का विश्लेषण किया गया है। यह ऐसा प्रबल तथ्य है, जिससे जगत् को परम सत्य मानने की भ्रान्ति होती है, एवं जिसके प्रवाह में जीव स्वरूप-विस्मृतिवश भ्रान्त होता है। इस भ्रान्ति

को दूर करने के लिये शास्त्रों में भ्रान्ति का विवेचन भी उसी प्रकार किया गया है, जिस प्रकार तत्त्वबोध के लिये तत्त्व का वर्णन किया गया है। वस्तुतः अविद्या के विवेचन के बिना परिच्छिन्न, इन्द्रियादि गोचर और जड जगत के परम सत्य न होने को स्पष्ट नहीं किया जा सकता।

अविद्या सूचक अज्ञान, अध्यास, माया, प्रकृति, तमस्, अव्यक्त इत्यादि अनेकानेक पद हैं। आचार्य शंकर ने **'शारीरक भाष्य'** में अज्ञान को सृष्टि की बीजशक्ति कहा है। इस अविद्या के वश में हुए जीव स्वरूपज्ञान से रहित होकर सोते रहते हैं।[१]

आचार्य सुरेश्वर ने इसे जड, अविवेक तथा अन्धकार कहते हुए, इसे समस्त द्वैत का उपादान कारण कहा है। इनके अनुसार अविद्या की स्थिति तभी तक है, जब तक यह विचार का विषय नहीं होती।[२]

सर्वज्ञात्म मुनि ने अज्ञान को मृषा पदार्थ मानते हुए भी इसकी भावरूपता का वर्णन बड़ी सुन्दरता से किया है। इनके अनुसार अज्ञान चैतन्य का आवरक है, इसलिये अभावरूप नहीं, क्योंकि अभाव कभी किसी को ढंकता नहीं।

इन सभी आचार्यों के पूर्व गौडपादाचार्य ने **माण्डूक्यकारिका** में अविद्या को जीवकल्पना का हेतु कहा है, वस्तु का विपरीत रूप में दर्शन होना ही माया है, वस्तुतः यह कुछ भी नहीं है-

'सा च माया न विद्यते। (मां० का०, ४/५८)

इसी के अनुरूप **योगवाशिष्ठ** ने भी अविद्या की अविद्यमानता पर विशेष बल दिया है। इनके अनुसार मृगमरीचिका और मनोराज्य के समान अविद्या है।

अविद्या के यथार्थ स्वरूप को व्यक्त करना सम्भव नहीं, तथापि उसके अस्तित्व में अनुभव और श्रुति दोनों प्रमाण हैं। सत्य को खोजने के लिये प्रयत्नशील होना इस बात का सूचक है कि सत्य के प्रति अज्ञान है। यह अज्ञान हमारे अनुभव का विषय है, इसीलिये इसे शास्त्रों में 'साक्षिभास्य' कहा है। अज्ञान जड है, वह स्वयम्प्रकाश नहीं है, इसका प्रकाशित होना चैतन्य के अधीन है। अज्ञान के सत्त्वरहित अस्तित्व का बोध साक्षी

---

१. अविद्यात्मिका हि बीजशक्तिरव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया। मायामयी महासुषुप्तिः, यस्यां स्वरूप-प्रतिबोधरहिताः शेते संसारिणो जीवाः। (ब्र.सू.शां. भाष्य, १/४/३ पृ० २८८)

२. न च जाड्यातिरेकेण ह्यविद्या काचिदिष्यते। (बृ.भा.वा, १/४/२५६११)
अविचारितसंसिद्धिः सर्वानर्थैककारणम्।
प्रत्यङ्मात्रैकसाक्षित्वात् तमस्तत्प्रत्यगात्मनि॥ (वही, १/४/१३४१)

प्रत्यगात्मा से होता है।[१] साक्षी प्रत्यगात्मा से अतिरिक्त किसी प्रमाण से अज्ञान का ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास व्यर्थ है। जैसे अन्धकार को दीपक के प्रकाश में देखना किसी प्रकार सम्भव नहीं, वैसे ही अज्ञान को भी प्रमाणों से नहीं जाना जा सकता।[२] जब तक वह तत्त्वबोध नहीं होता तभी तक इसका अनुभव किया जाता है।

अविद्या अनादि है। अविद्या को अनादि मानने पर यह शंका हो सकती है कि ब्रह्म के समान अनादि होने से अविद्या को अनन्त भी मानना चाहिये, किन्तु अविद्या को अनन्त मानने पर तो अविद्या की निवृत्ति सम्भव नहीं, इससे मोक्ष की असिद्धि होगी। इस शंका का प्रशमन यह है कि अविद्या कल्पित है, ब्रह्म सत्य है। अविद्या अनादि होने पर सान्त है, ब्रह्म अनादि होने पर भी सत्य होने से अनन्त है। अविद्या को अनादि उचित है, जिसने सत्य का साक्षात्कार किया उसे अविद्या के विनाश का ज्ञान तो हुआ, किन्तु उसकी उत्पत्ति का ज्ञान नहीं हुआ। यह अनादिकाल से प्रवहमान है।

अविद्या के प्रति प्रमाणों की अपेक्षा व्यर्थ है क्योंकि अज्ञान और प्रमाण विरोधी हैं। प्रमाण ज्ञान के साधन हैं और अज्ञान ज्ञान का विपरीत भाव है, जैसे दीपक के समक्ष अन्धकार अस्तित्व हीन हो जाता है। प्रकाश और अन्धकार के विपरीत होने से समान काल में वे द्रष्टव्य नहीं हैं, इसी प्रकार ज्ञान और अज्ञान भी परस्पर विरोधी हैं। अविद्या पर विचार करते हुए आचार्य प्रकाशानन्द ने स्पष्ट कहा है कि अविद्या का युक्ति और प्रमाणों से सिद्ध न होना वेदान्तियों के लिये गर्व की बात है, यदि अज्ञान युक्ति और प्रमाणों से सिद्ध हो जाय, तो अज्ञान को कल्पित मानना असम्भव हो जाय।[३] वस्तुतः अज्ञान विषयक अनेक प्रश्नों की उद्‌भावना ही अज्ञान के अस्तित्व का बोध कराती है।

अज्ञान का आश्रय-विषय- जिस वस्तु में अज्ञान आश्रित होता है, वह वस्तु अज्ञान का आश्रय तथा जिस वस्तु के प्रति अज्ञान होता है, वह वस्तु अज्ञान का विषय होती है। आचार्य प्रकाशानन्द के अनुसार अज्ञान की आश्रय वस्तु ही, उसका विषय भी होती है। अज्ञान के आश्रय और विषय हेतु भिन्न वस्तुओं की अपेक्षा नहीं होती। जैसे-

---

१. प्रत्यङ्मात्रैकविषयत्वात् ___। बृ.भा.वा. १/४/१३४१।
अज्ञानस्य साक्षिसिद्धत्वे___। वे.सि.मु. पृ. १२०

२. अज्ञानं ज्ञातुमिच्छेद्यो ज्ञानेनात्यन्तमूढधीः।
स तु नूनं तमः पश्येद्दीपेनोत्तमतेजसा॥ वही पृ. १२५

३. वे.सि.मु. पृ. ११९

अन्धकार जिसे अपना आश्रय बनाता है, उसे ही अपना विषय बनाता है। अज्ञान का आश्रय और विषय जीव ब्रह्म विभाग से रहित शुद्ध आत्मतत्त्व ही है।[१]

कुछ विद्वान् अज्ञान का आश्रय विषय एक पदार्थ को ही न मानकर भिन्न भिन्न पदार्थों को मानते हैं और अज्ञान को अभिन्नाश्रय विषयक नहीं मानते। इनके अनुसार अज्ञान का आश्रय जीव तथा विषय ब्रह्म है। अज्ञान विषयत्व ब्रह्म में ही है, यह जीव में नहीं हो सकता। इस मत का वर्णन करते हुए आचार्य ने इसे 'तत्त्वविन्मता' कहा है,[२] किन्तु उन्होंने अज्ञान के भिन्नाश्रयविषयत्व को स्वीकार नहीं किया है। अज्ञान के भिन्नाश्रयविषयत्व मानने वाले आचार्यों में मण्डनमिश्र तथा वाचस्पति मिश्र प्रमुख हैं। आचार्य मण्डन ब्रह्म को अविद्या का विषय मानते हैं, किन्तु अविद्या के आश्रयत्व के विषय में कहते हैं–

'यत्तु कस्याविद्येति। जीवानामिति ब्रूमः।...... अनादित्वादुभयोरविद्या जीवयोर्बीजांकुर-सन्तानयोरिव नेतरेतराश्रयक्लृप्तिभाव इति।' (ब्र. सि. १०)[३]

अर्थात् जीव ही अविद्या का आश्रय है ब्रह्म नहीं। अविद्या जीवाश्रया है। जीव और अविद्या दोनों ही बीजांकुरसंतान के समान अनादि है। वाचस्पति भी बीजांकुरसंतान के समान अविद्या को जीवाश्रया स्वीकार करते हैं।

नाविद्या ब्रह्माश्रया, किन्तु जीवे।..........(वा.भा.पा. १२६)

अनादित्वेन जीवाविद्ययोर्बीजांकुरवद्‌वकलृप्तेरयोगात्। (वा.भा.पा. २३५)

आचार्य प्रकाशानन्द को उक्त मत अभीष्ट नहीं है। इस मत का खण्डन करने के लिये उन्होंने अनेक तर्क इस प्रकार प्रस्तुत किये हैं -

अज्ञान का आश्रय जीव तथा विषय ब्रह्म को मानकर भिन्नाश्रयविषयत्व का प्रतिपादन करना उचित नहीं, क्योंकि आत्मतत्त्व से भिन्न कोई वस्तु है ही नहीं, जिसे आश्रय से अन्य विषय माना जा सके। यदि यह कहा जाय कि अज्ञान से उपहित आत्मा 'जीव' संज्ञक होकर आश्रय तथा अनुपहित होने से 'ब्रह्म' संज्ञक होता हुआ विषय कहलाता है तो इस स्थिति में भी आश्रय विषय भिन्न नहीं, क्योंकि जीव और ब्रह्म दोनों पदों का लक्ष्य आत्मा ही है।[४]

---

१. अविद्या स्वाश्रयाभिन्नविषया स्यात्तमो यतः।
यथा बाह्यं तमो दृष्टं तथा चेयं ततस्तथा॥ ६ ॥ वे.सि.मु.

२. जीवाश्रया ब्रह्मपदा ह्यविद्या तत्त्वविन्मता।
तद्विरुद्धमिदं वाक्यमात्मा त्वज्ञानगोचरः॥ ३ ॥ वही पृ. ५।

३. द्र० वेदान्तप्रक्रियाप्रत्यभिज्ञा - पृ० १८७

४. ब्रह्मशब्देनापि तस्यैवाभिधानात्। वे.सि.मु. पृ. ९।

अज्ञान का आश्रय और विषय भिन्न मानने के लिये जीव और ब्रह्म को सर्वथा भिन्न नहीं माना जा सकता क्योंकि इन दोनों में यह निश्चय करना असम्भव है कि जीव चैतन्य है या ब्रह्म। किसी एक को चैतन्य मानने से दूसरे में जडत्त्वापत्ति होती है। यदि जीव जड है, तो उसे किसी प्रकार का ज्ञान नहीं होना चाहिये। ज्ञानादि संस्फुरण चैतन्य के अभाव में नहीं हो सकते। यदि ब्रह्म को जड स्वीकार करें तो भी युक्त नहीं, क्योंकि ब्रह्म ही अज्ञानोपहित होने पर जीव कहा जाता है। ब्रह्म में जीव का और जीव में ब्रह्म का अभाव न होने से इन दोनों में स्वाभाविक भेद सम्भव नहीं।[१] अतः जीव और ब्रह्म को अज्ञान का आश्रय और विषय भिन्न रूप में नहीं माना जा सकता।

अज्ञान को भिन्नाश्रयविषयक सिद्ध करने के लिये जीव और ब्रह्म के औपाधिक भेद को प्रस्तुत करना भी युक्त नहीं, क्योंकि यदि अज्ञान भिन्नाश्रय-विषयापेक्षी है तो आश्रय-विषयापेक्षी से पूर्व यह भेद सिद्ध होना चाहिये। जीवब्रह्म विभाग से पूर्व अज्ञान केवल आत्मा में ही आश्रित रहता है। अज्ञान की स्वतन्त्र सत्ता वेदान्त में स्वीकृत नहीं है।[२] आत्मा में ही आश्रित रहने वाला अज्ञान आत्मा को ही विषय भी बनाता है। एक आत्मतत्त्व में ही आश्रयविषय की अपेक्षा होने पर जीवब्रह्मविभाग होता है। अज्ञान के आश्रय-विषय भिन्न होने के लिये जीवब्रह्मविभाग पहले से उपस्थित होना चाहिये, किन्तु यह भेद तो आश्रय और विषय के होने के बाद ही सम्भव है। इस स्थिति में अज्ञान का आश्रय और विषय भिन्न नहीं माना जा सकता।

अज्ञान के भिन्नाश्रयविषयत्व की व्यवस्था के लिये यदि जीव-ब्रह्मभेद को स्वीकार भी कर लिया जाय, तो इस भेद को कभी सम्बन्ध नहीं बनना चाहिये, क्योंकि भेद कभी सम्बन्ध नहीं होता, जैसा कि जीवब्रह्म भेद में होता है। दो वस्तुओं के भेद में धर्मी और प्रतियोगी में एक दूसरे का अभाव होता है। जीव और ब्रह्म में भेद मानने पर जीवब्रह्मैक्य रूप शास्त्रप्रयोजन ही असिद्ध हो जायेगा और यह शास्त्र सम्मत न होने के साथ ही अनुभव के भी विरुद्ध होगा, जब कि अज्ञानावरण के हटने पर जीव और ब्रह्म का अद्वयत्व सिद्ध होता है। यदि अज्ञान के आश्रय-विषय की अपेक्षा से पूर्व जीवब्रह्म भेद सिद्ध होता हो, तो इन्हें अज्ञान का आश्रय-विषय भिन्न-भिन्न रूप में माना जा सकता है, किन्तु आश्रयविषय से पूर्व जीवब्रह्म भेद की सम्भावना न होने से अज्ञान को भिन्न आश्रय-विषय वाला नहीं माना जा सकता।

---

१. ब्रह्मात्मनोर्विभिन्नत्वे भेदः स्वाभाविको यदि।
औपाधिकोऽथवाभेदः सर्वथानुपपत्तिकः ॥ ७ ॥ वे.सि.मु. पृ. ११

२. भेदोत्पत्तेः पूर्वमेव केवले आत्मन्यज्ञानसिद्धेर्भेदानपेक्षणात् स्वतन्त्रज्ञानानंगीकारात्।

प्रकाशानन्द ने अविद्या को अभिन्नाश्रयविषयक सिद्ध करने के लिये अज्ञान को अन्धकार के समान माना है। जैसे अन्धकार जिस स्थल में रहता है, उसे ही अपना विषय भी बनाता है। ऐसा नहीं होता कि अन्धकार किसी अन्य स्थल पर रहकर विषय किसी अन्य स्थल को बनाये। इसी प्रकार अज्ञान भी जिसमें रहता है, उसे ही अपना विषय भी बनाता है। जीवब्रह्मभेद से रहित, आत्मतत्त्व ही अज्ञान का आश्रय और वही विषय भी है।[१] वस्तुतः आत्मा अद्वयानन्द स्वरूप में अनुभूत नहीं होता, चैतन्य मात्र से प्रतीत होता है, यह चैतन्य ही अज्ञान का साधक है। प्राणियों को चैतन्य मात्र की प्रतीति होती है। यदि आत्मचैतन्य की प्रतीति न हो, तब तो प्रमाता के अभाव में अज्ञान की ही सिद्धि नहीं हो सकेगी। आत्मचैतन्य की प्रतीति होने पर भी आत्मा के अद्वयानन्दत्व की अनुभूति नहीं होती। इसीलिये आत्मा को ही अज्ञान का विषय भी मानते हैं। यद्यपि आत्मचैतन्य और अद्वयानन्दत्व अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही आत्मस्वरूप हैं किन्तु अज्ञान से आत्मचैतन्य और अद्वयानन्द के भिन्न होने की कल्पना की जाती है। अतः अद्वयानन्दत्व की अनुभूति न होने तक आत्मा को ही अज्ञान का विषय भी मानना चाहिये।[२]

अपने उक्त मत की पुष्टि के लिये प्रकाशानन्द जी ने सङ्क्षेपशारीरक का उद्धरण भी प्रस्तुत किया है। सर्वज्ञात्ममुनि के अनुसार अद्वितीय शुद्धचैतन्य ही अज्ञान का आश्रय और विषय भी है। तदुक्तम् -

आश्रयत्वविषयत्वभागिनी-निर्विभागचितिरेव केवला।
पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाश्रयो भवति नापि गोचरः॥ द्र. वेसिमु. पृ. १३

वस्तुतः समस्त प्रपञ्च तथा जीवत्व अज्ञान का कार्य होने से अज्ञानात्मक हैं, इसलिये वे अज्ञान का आश्रय नहीं हो सकते। अज्ञान को अज्ञान का आश्रय मानने पर तो अज्ञान की निवृत्ति सम्भव नहीं। जीवेश्वर-विभाग-शून्य अद्वितीय शुद्धचैतन्य ही अज्ञान का आश्रय और विषय है।

इस प्रसंग में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण वक्तव्य विवेचनीय है। डा. राममूर्ति शर्मा ने डी.लिट के लिए प्रस्तुत अपने शोध प्रबन्ध 'अद्वैतवेदान्त' में 'अद्वैतवाद का व्यवस्थित इतिहास' संज्ञक अध्याय के अन्तर्गत पृ. १७९ में प्रकाशानन्द के सिद्धान्तों का वर्णन किया है। शर्माजी ने प्रकाशानन्द के अविद्या सम्बन्धी विचारों का उल्लेख करते हुए लिखा है—"प्रकाशानन्द ने अविद्या को जीवाश्रया एवं ब्रह्मविषयिणी कहा है—

---

१. तस्माज्जीवब्रह्मविभागशून्यमात्मानमाश्रित्य तमेव विषयीकरोतीत्यज्ञानविषयत्वमात्मनः सिद्धम्। पृ.१३

२. स्वयम्प्रकाशपरिपूर्णानन्दस्वरूपेण भासमानेऽप्यात्मनि मिथ्यैवभेदं परिकल्प्याद्वयानन्दस्वरूपस्य विषयत्वाभिधानम्।—वे.सि.मु., पृ.१०

जीवाश्रया ब्रह्मपदा ह्यविद्या तत्त्वविन्मता।' (वे.सि.मु. ३ देखिये विद्यासागरी)"

शर्मा जी के अनुसार अविद्या को भिन्नाश्रयविषया सिद्ध करना प्रकाशानन्द को अभिप्रेत है इसका उद्धरण भी उन्होंने प्रस्तुत किया है, किन्तु प्रकाशानन्द का अभिमत सिद्धान्त यह नहीं है। प्रकाशानन्द ने 'जीवाश्रया ब्रह्मपदा ह्यविद्या तत्त्वविन्मता' के आगे लिखा है - 'तद्विरुद्धमिदं वाक्यमात्मात्वज्ञानगोचरः'। यही उनका अभिमत है। जीवब्रह्म विभाग से रहित शुद्ध आत्मतत्त्व ही अज्ञान का आश्रय और विषय है। अविद्या के आश्रय विषय हेतु भिन्न-भिन्न पदार्थों की अपेक्षा नहीं है। अपने इस सिद्धान्त की पुष्टि आचार्य ने बड़े ही विवेकपूर्वक की है और पुष्टि के लिये सर्वज्ञात्ममुनि विरचित सङ्क्षेपशारीरक का उद्धरण भी दिया है।

आचार्य प्रकाशानन्द ने अपने सिद्धान्त को सुस्पष्ट करने के लिये निम्नलिखित तर्क प्रस्तुत किये हैं–

१. अज्ञान की आश्रय वस्तु ही उसका विषय भी होती है, जैसे अन्धकार जिसे अपना आश्रय बनाता है, उसे ही अपना विषय भी बनाता है। इसी प्रकार अज्ञान के आश्रय विषय व्यवस्था के लिये भिन्न वस्तुओं की अपेक्षा नहीं–

अविद्या स्वाश्रयाभिन्नविषया स्यात्तमो यतः।
यथा बाह्यं तमो दृष्टं तथा चेयं ततस्तथा॥ १० ॥ वे.सि.मु.

२. यदि यह कहा जाय कि अज्ञान से उपहित आत्मा 'जीव' संज्ञक होकर 'आश्रय' तथा अनुपहित होने से ब्रह्म संज्ञक होता हुआ 'विषय' कहलाता है, तो इस धारणा में भी आश्रय विषय भिन्न भिन्न नहीं है क्योंकि जीव और ब्रह्म दोनों पदों का लक्ष्य प्रत्यगात्मा है।

ब्रह्मात्मनोर्विभिन्नत्वे भेदः स्वाभाविको यदि।
औपाधिकोऽथवा भेदः सर्वथानुपपत्तिकः॥ ७ ॥ वे.सि.मु.

३. वस्तुतः जीव-ब्रह्म में स्वाभाविक भेद तो है नहीं, औपाधिक भेद से भी भिन्नाश्रयविषयत्व की सिद्धि नहीं होती, क्योंकि जीव और ब्रह्म विभाग से पूर्व अज्ञान केवल आत्मा में ही आश्रित रहता है, अज्ञान की स्वतंत्र सत्ता नहीं है -

'भेदोत्पत्तेः पूर्वमेव केवले आत्मन्यज्ञानसिद्धेर्भेदानपेक्षणात् - स्वतन्त्राज्ञानानंगीकारात्।' (पृ. १२. वे.सि.मु.)

४. जीव ब्रह्म विभाग से शून्य आत्मतत्त्व ही अज्ञान का आश्रय विषय है -

'तस्माज्जीवब्रहमविभागशून्यमात्मानमाश्रित्य तमेव विषयीकरोतीत्यज्ञानविषयत्वमात्मनः सिद्धम्। (वे.सि.मु. पृ. १३).

'आत्मतत्त्व ही अज्ञान का आश्रय और विषय है' इस सिद्धान्त को सुस्पष्ट करने के लिये प्रकाशानन्द ने लिखा है कि आत्मा अद्वयानन्द रूप में अनुभूत नहीं होता, चैतन्य मात्र की प्रतीति होती है। चैतन्य की अनुभूति होने पर भी आत्मा के अद्वयानन्दत्व की अनुभूति नहीं होती इसीलिये आत्मा को ही अज्ञान का विषय भी मानते हैं–

'स्वयम्प्रकाश परिपूर्णानन्दस्वरूपेण भासमानेऽप्यात्मनि मिथ्यैव भेदं परिकल्प्याद्वयानन्दस्वरूपस्य विषयत्वाभिधानम्।" (वही पृ. १०).

अन्त में अज्ञान के अभिन्नाश्रय विषयत्व के प्रतिपादन के लिये प्रकाशानन्द जी ने **'सङ्क्षेपशारीरक'** का उद्धरण प्रस्तुत किया है–

"आश्रयत्वविषयत्वभागिनी - निर्विभागचितिरेव केवला।
पूर्वसिद्धतमसो हि पश्चिमो नाश्रयो भवति नापि गोचरः ॥" वेसिमु. पृ.१५.

इस उद्धरण में सर्वज्ञात्ममुनि ने स्पष्ट कहा है - अद्वितीय शुद्ध चेतन ही अज्ञान का आश्रय और विषय भी है। समस्त प्रपञ्च तथा जीवत्व अज्ञान का कार्य होने से अज्ञानात्मक है, अतएव वे अज्ञान का आश्रय नहीं हो सकते। शुद्ध चैतन्य ही अज्ञान का आश्रय और विषय है। जीव ब्रह्म विभाग अज्ञान प्रयुक्त होने से आश्रयत्व के योग्य नहीं है।

इस प्रकार अज्ञान का आश्रयत्व-विषयत्व आत्मतत्त्व में ही सम्भव है। प्रकाशानन्द की इस विषय में तर्क संगत स्पष्ट व्याख्या प्राप्त होने पर भी डा. राममूर्ति शर्मा ने अपने ग्रन्थ **अद्वैत वेदान्त** में प्रकाशानन्द के विचारों का विश्लेषण करते हुए उनके 'अविद्या के आश्रयत्व-विषयत्व' को विपरीत रूप में प्रस्तुत किया है।

यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्

डा० भीमसिंह

पटियाला

Unlike the other śāstras, the words or views of the elder is not the authority in the field of the language and grammar. Here, the principle of *Yathottaram* (the latest) is accepted, that is, Patañjali, the author of *Mahābhāṣya* is more authoritative than Kātyāyana and Pāṇini because, he had before his eyes the wide panorama of the different stages of the growth of the words after these two sages.

पाणिनीय व्याकरण को 'त्रिमुनिव्याकरणम्' नाम से जाना जाता है। ये तीन मुनि क्रमशः इस प्रकार हैं—सूत्रकार पाणिनि, वार्तिककार कात्यायन तथा भाष्यकार पतञ्जलि। इनमें प्रथम मुनि पाणिनि-प्रणीत **अष्टाध्यायी** सुचिन्तित एवं परिष्कृत सूत्रशैली में लिखी गई है। इसमें सूत्रशैली की महनीय विशेषता अर्थात् लघुता एवं संक्षेप के साथ-साथ व्यापकता का 'मणिकाञ्चन' संयोग हुआ है। अपने प्रादुर्भाव काल से ही यह 'विद्वानों का कण्ठहार' रही है। संस्कृत व्याकरण का अभिप्राय साधारण जन के लिए प्रायः पाणिनि-व्याकरण अर्थात् **अष्टाध्यायी** ही होता है। इसका कारण है कि पाणिनीय व्याकरण के सूत्र अन्य क्षेत्रों में रचित सूत्रों की अपेक्षा अधिक वैज्ञानिक एवं सजीव प्रमाणित हुए। सूत्रकार पाणिनि ने प्रयत्लपूर्वक माँजे हुए सूत्र को स्वयं 'प्रतिष्णात' कहा है[१]। आचार्य पाणिनि के द्वारा सामान्य-विशेष, प्रत्याहार-रचना, अनुबन्धकरण, निपातन, ज्ञापक, अनुवृत्ति, अधिकार तथा परिभाषा आदि अनेक गुण युक्त सूत्रशैली को वह प्रौढ़ता और अनुपम निखार प्रदान किया गया जिसने संस्कृत भाषा के गम्भीरतम रहस्यों को अभिव्यक्त किया तथा अतिविस्तृत वैदिक-लौकिक-शब्दार्णव को चौदह प्रत्याहार सूत्रों से बनने वाले ४१ प्रत्याहारों के एक

---

१. पाणिनीयाष्टाध्यायी (पा.), श्रीधरशास्त्री सम्पादित, भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीच्यूट् पूना, १९३५, सू. ८.३.९०— 'सूत्रं प्रतिष्णातम्'।

ही ताने-बाने में बुनने का सफलतम प्रयास किया। परिणामतः 'महत् सुविहित पाणिनीय व्याकरण'[१] सूत्रमय ही हो गया और 'अनल्पमति',[२] 'वृत्तज्ञ'[३] एवं 'महती सूक्ष्मेक्षिकासम्पन्न'[४] आचार्य पाणिनि के सूत्रों के विषय में यह वाक्य साभिमान दोहराया जाने लगा—

'सूत्रेष्वेव हि तत् सर्वं यद् वृत्तौ यच्च वार्तिके।
सूत्रं यो निरिहार्थानां सूत्रे सर्वं प्रतिष्ठितम्'॥[५]

यद्यपि द्वितीय मुनि कात्यायन के वार्तिक पाणिनि-व्याकरण के व्याख्या स्वरूप ही हैं, तथापि मौलिकता एवं व्याख्यान प्रकार के कारण इनका एक विशेष स्थान है। पाणिनि के सुचिन्तित सूत्रों द्वारा संस्कृत भाषा का स्वरूप स्थिर कर दिए जाने पर भी जब इसमें कुछ ऐसे असाधु शब्दों का प्रयोग आरम्भ हो गया जिनकी निष्पत्ति के लिए पाणिनिसूत्र पर्याप्त नहीं थे तथा कुछ ऐसे प्रयोग भी थे जिनका तात्कालिक भाषा में 'अभिधान' न रहा था तब उन असाधु या विकसित शब्दों के साधुत्व को सिद्ध करने के लिए कात्यायन ने वार्तिकों की रचना की। 'उक्तानुक्तदुरुक्त'[६] की दृष्टि से कात्यायन के वार्तिक खरे उतरते हैं।

तृतीय एवं अन्तिम मुनि पतञ्जलि प्रणीत महाभाष्य **अष्टाध्यायी** पर लिखा गया एक प्रामाणिकतम विवरण ग्रन्थ है। इसमें **अष्टाध्यायी** के सूत्रों की वार्तिकों आदि के परिप्रेक्ष्य में साधक-बाधक व्याख्या एवं आलोचना-प्रत्यालोचना की गई है। यह पाणिनीय व्याकरण के सभी महत्वपूर्ण विषयों का 'आकर' (उपजीव्य) ग्रन्थ है। अर्वाचीन ग्रन्थों में बहुधा 'आकर' शब्द से **महाभाष्य** का ही संकेत किया गया है। 'तीर्थदर्शी' पतञ्जलि के सब 'न्यायबीजों' के निबन्धन-भूत इस ग्रन्थ को 'संग्रह-प्रतिकञ्चुक' भी कहा गया है। क्योंकि इसमें व्याडिप्रणीत **'संग्रह'** ग्रन्थ के सभी दार्शनिक सिद्धान्तों का संक्षिप्त समावेश है। **महाभाष्य** की इससे अधिक और क्या स्तुति होगी कि यह **अष्टाध्यायी** के सूत्रों पर लिखा गया भाष्य अपनी 'विशिष्ट व्याख्यान शैली' के कारण साधारण भाष्य न रहकर वैयाकरण निकाय में **महाभाष्य** के नाम

---

१. **महाभाष्य** (महा.) कीलहार्न-सम्पादित, भण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इस्टीट्यूट पूना, १९६२-७२ भा. २, सू. ४.३.६६ पृ. १८५—"पाणिनीयं महत् सुविहितम्'।

२. **वही** भा. १, सू. १.४.५१, पृ. ३३५—एतदनल्पमतेराचार्यस्य वचनं स्मर्यताम्'।

३. **वही,** भा. १, सू. १.३.९ पृ. २६६— 'वृत्तज्ञो ह्याचार्योऽनुबन्धाना सजति'।

४. **काशिका** (का.) कालिका प्रसाद शुक्ल सम्पादित, प्राच्य भारती प्रकाशन वाराणसी, १९६५ भा. ३, सू. ४.२.७४ पृ. ५६८- 'महती सूक्ष्मेक्षिका वर्तते सूत्रकारस्य'।

५. **तन्त्रवार्तिक,** २.३.११.

६. द्र. उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्तते। तं ग्रंथं वार्तिकं प्राहुर्वार्तिकज्ञा मनीषिण:'।

से प्रसिद्ध है। भाष्यकार पतञ्जलि ने सूक्ष्म और रूक्ष व्याकरण जैसे विषय को भी अपनी रोचक एवं आसेचनक मधुर शैली से उसे सुतरां आदृत्य एवं स्तुत्य बना दिया है।

इसके अतिरिक्त **महाभाष्य** के विषय में यह भी ध्यातव्य है कि भाष्यकार प्रायः यह मानकर चलते हैं कि पाठकों को शब्द रूप सिद्धिप्रक्रिया तो पूर्णरूपेण शंकासमाधानपूर्वक आती ही है। अत: वे संकेतमात्र करके बहुत कुछ 'अनकहा' छोड़ जाते हैं। परिणामतः पंक्ति आपाततः बड़ी स्पष्ट एवं साधारण सी होती हुई भी सामान्य पाठक के लिए अर्थगाम्भीर्य की दृष्टि से दुर्बोध ही बनी रह जाती है। किन्तु जब 'अलब्धगाध'[1] भाष्याशय समझ में आता है तब पाठक 'वाः वाः' ऐसा कह उठते हैं अर्थात् हर्षातिरेक से आलोचकों के लोचनों से एक साथ ही 'वाः' (पानी) बहने लगता है तथा वाणी से अनुप्रणित 'वाः' (धन्य) शब्दों का उच्चारण भी होने लगता है[2]।

इस प्रकार यद्यपि पाणिनि-व्याकरण को उक्त तीनों मुनियों के विशेष योगदान के कारण 'त्रिमुनि-व्याकरणम्' के नाम से अभिहित किया जाता है किन्तु इन मुनियों के विषय में भी उत्तरवर्ती वैयाकरणों में 'यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्' यह आभाणक प्रचलित है[3]। इसका भाव यह है कि उक्त तीनों मुनियों में उत्तरोत्तर का अधिक प्रामाण्य है अर्थात् उत्तरोत्तर की बात अधिक प्रामाणिक मानी जाती है अर्थात् सूत्रकार की अपेक्षा वार्तिककार तथा वार्तिककार के बाद भी भाष्यकार का वचन अधिक प्रामाणिकतम है। क्योंकि सूत्रों के अतिगम्भीर होने से केवल न्याय या परिभाषाओं से अर्थ का निर्णय नहीं हो सकता है। जैसे इतिहास-पुराण आदि द्वारा वेद के अर्थ को प्रकाशित किया जाता है ऐसे ही भाष्य की सहायता से ही सूत्र-वार्तिकों का भी अर्थ निर्णय किया जाता है। भाष्य की उपस्थिति में सूत्र का अनिष्ट अर्थ नहीं निकाला जा सकता। अतः भाष्योक्त सूत्रार्थ ही प्रामाणिकतम स्वीकार किया जाता है। व्याकरण शास्त्र को स्मृति भी माना जाता है। अतः त्रिमुनिरूप स्मृतिवचनों के विरोध होने पर देश तथा आचार से ही प्रयोगों की व्यवस्था

---

१. द्र. वाक्यपदीय, सम्पा. के.वी. अभ्यंकर तथा वी.पी. लिमये, पूना विश्वविद्यालय १९६५ कारिका सं. २.४. ८० 'अलब्धगाधे गाम्भीर्यादुत्तान इव सौष्ठवात्'।

२. स्मरणीय है कि **अमरकोष** में जलवाचक शब्दों में 'वार्' यह रेफान्त शब्द भी पठित है जो कि पदान्त में विसर्ग युक्त होने पर सुनने में 'वाः' -वाह जैसा प्रतीत होता है। इस ध्वनि साम्य के आधार पर ही उक्त शब्द का दो अर्थों में प्रयोग दर्शनीय है।

३. **वैयाकरण सिद्धान्त कौमुदी** (तत्त्वबोधिनी बालमनोरमा सहित), सम्पा. गिरिधरशर्मा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, १९७६, भा. १, सू. २२२ पृ. २२३। प्रदीपकार कैयट आदि इसी भाव को शब्दान्तरों से यों कहते हैं—'यथोत्तरं मुनित्रयस्य प्रामाण्यम्' (सू. १.१.२९)।

निश्चित की जाती है, और आचारवशात् व्याकरण शास्त्र में उत्तरोत्तर का ही प्रामाण्य माना जाता है[१]।

यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि जहाँ अन्य शास्त्रों में तो प्राचीन व्यक्ति के वचन को ही अधिक प्रमाणभूत माना जाता है वहाँ व्याकरण शास्त्र में, इसके विपरीत, उत्तरवर्ती के कथन को अधिक प्रामाणिक स्वीकार किया जाता है। यही इस पूर्वोक्त व्याकरणिक न्याय का मूल भाव है जो कि युक्तिसंगत है। यदि यहाँ यह कहा जाए कि जिस प्रकार श्रुति और स्मृति रूप क्रमशः प्राचीन और अर्वाचीन वचनों का पारस्परिक विरोध उपस्थित होने पर प्राचीन होने से श्रुतिवचन ही प्रामाणिक माना जाता है इसी प्रकार व्याकरण के इन पूर्वोक्त मुनियों में भी उत्तरोत्तर का प्रामाण्य न होकर प्राचीन होने से प्रथम मुनि पाणिनि का ही प्रामाण्य होना चाहिए तो इसका उत्तर यह है कि उक्त श्रुति स्मृति रूप नियम तो अत्यन्त परोक्षवृत्ति विषयों में ही प्रवृत्त होता है[२]।

जबकि इन मुनियों का तो सारा ही विषय प्रत्यक्ष है। पाणिनि ने अपने समय में जिस शब्द का प्रत्यक्ष 'अभिधान' देखा उसका अन्वाख्यान कर दिया। इस दृष्टि विषय में वह प्रमाण है। किन्तु कात्यायन तथा पतञ्जलि तक आते-आते कई शताब्दियों के व्यवधान में शब्द विकास-प्रक्रिया के अनुसार शिष्ट समाज में जो नूतन शब्द प्रयोग में आने लगे अथवा जिसका इनके समय में लोप या अप्रचलन होने से लोक में इनका **"अभिधान"** नहीं रहा था उन अदृष्ट प्रयोगों के विषय में पाणिनि कैसे प्रमाण हो सकते हैं, क्योंकि पाणिनि ने तो इनका प्रत्यक्ष ही नहीं किया।

इसके अतिरिक्त स्वयं पाणिनि के द्वारा दृष्ट प्रयोगों में भी अनेकत्र उनकी प्रामाणिकता सन्दिग्ध देखी जाती है। जैसे– **"इट ईटि"**[३] यह सूत्र है। यह "इट्" से "ईट्" परे होने पर

---

१. **बृहच्छब्दरत्न** (प्रौढ मनोरमा), सम्पा. सीताराम शास्त्री, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, १९६४, भा. १ सू. २२२-'सूत्राणामतिगंभीरत्वेन न केवलं न्यायेनार्थनिर्णयः कर्तुं शक्यः, व्यर्थगुरुभूतसंज्ञानां सर्वनामस्थानेत्यादीनां दर्शनात्। ईशः से ईड्जनोर्ध्वे चेत्यादौ योगविभागफलाभावाच्च। तथा चेतिहासपुराणैर्वेदार्थवर्णनवत् भाष्यमादाय सूत्रवार्तिकार्थो वर्णनीयः। भाष्यग्रन्थस्य स्पष्टतयोपलभ्यमानत्वेनान्यार्थपरतया नेतुमशक्यत्वात्_केचित्तु स्मृतीनां विरोधे देशाचाराद् व्यवस्था। तस्या अन्यत्र दृष्टत्वात् इत्यादि'।

२. तुलना करो, जगन्नाथ पाठक सम्पादित, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी (१९६८) से प्रकाशित सायणकृत **ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका**, पृ.-३५ 'प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते। एतं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता"॥

३. पा० ८.२.२८

"सिच्" का लोप करता है। किन्तु यह सूत्र असिद्ध प्रकरण का है। अतः **"पूर्वत्रासिद्धम्"**[१] सूत्र से इसके असिद्ध होने से "आतीत्" इत्यादि प्रयोगों के बीच में "सिच्" के पड़ा दिखाई देने से यहाँ **"अकः सवर्णे दीर्घः"**[२] से दीर्घ एकादेश प्राप्त नहीं होता। इसके लिए कात्यायन को यह निम्न वार्तिक बनाना पड़ा– "सिज्लोप एकादेशे सिद्धो वाच्यः"[३]। ऐसे और भी अनेक स्थल देखे जा सकते हैं। इससे निष्कर्ष निकलता है कि मानव-सुलभ स्खलन सभी से सम्भव है और पाणिनि भी मानव होने से इसके अपवाद नहीं हैं। भाष्यकार पतञ्जलि ने भी एक स्थान पर ऐसा संकेत दिया है। तद्यथा– **"द्विस्तद्ग्रहणं प्रमादकृतमेतदाचार्यस्य"**[४]। अतः पाणिनि के द्वारा दृष्ट प्रयोगों में भी प्रमादवश कुछ प्रयोगों के दृष्टि पथ से लुप्त होने से अथवा अर्थभेद आदि अन्य कारणों से इन मुनियों में उत्तरोत्तर का प्रामाण्य ही युक्तिसंगत है। इस विषय में स्वयं आचार्य पाणिनि भी प्रमाण हैं कि उनकी अपेक्षा उत्तरवर्ती मुनि अधिक प्रमाणभूत है जो उन्होंने "धिन्विकृण्वयोर्लोपश्च" ऐसा सूत्र न बना कर "धिन्विकृण्वयोर च"[५] ऐसी सूत्र रचना की। **"यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्"** इस सिद्धान्त के उपोद्बलन में उक्त सूत्र ही सबसे प्रबल प्रमाण माना जाता है। आगे के पृष्ठों में इसी तथ्य पर सविस्तार प्रकाश डाला जाएगा।

मुनियों के इस उत्तरोत्तर प्रामाण्य के विषय में ये व्याख्याकार एक यह भी युक्ति प्रस्तुत करते हैं कि भाषा के चिर परिवर्तनशील होने से भाषा का जितना विकास पाणिनि मुनि ने देखा है, कात्यायन मुनि ने उससे कहीं अधिक देखा है। क्योंकि कात्यायन पाणिनि से पर्याप्त समय बाद आए हैं। इसी प्रकार पतञ्जलि मुनि की बात कात्यायन से भी अधिक प्रमाणभूत समझी जाती है। क्योंकि पतञ्जलि उसके भी बाद हुए हैं। अतः **अधिक लक्ष्यदर्शी** होने से पतञ्जलि की बात पूर्ववर्ती उक्त दोनों मुनियों से अधिक प्रामाणिक मानी जाती है।[६] इसलिए पतञ्जलि ने **"इष्टमेवैतत् संगृहीतं भवति"**[७] इत्यादि कहकर जिन पाणिनि तथा कात्यायन से अनुक्त बातों को **"ग्राह्य"** कह दिया वे तो व्याकरण सम्प्रदाय में ग्राह्य हो गईं किन्तु जिन

---

१. पा० ८.२.१

२. पा० ६.१.१०१

३. पा० ८.२.२८ पर वार्तिक

४. **महा०भा०** २ सू० ४.२.७० पृ० २८७

५. पा० ३.१.८०

६. **महाभाष्य प्रदीप** (महा० प्र०) समा० वेदव्रतशास्त्री, हरियाणा साहित्य संस्थान, गुरुकुल झज्जर रोहतक, १९६२, भा, २, सू० २.४.२६ पृ० ८६२– "मुनित्रयाच्च भाष्यकारः प्रमाणतरम्, अधिकलक्ष्यदर्शित्वात्"।

७. महा० भा० १ सू० २.४.७४ पृ० ४९५; भा० २ सू० ४.१.७४ पृ० २२८; सू० ४.१.८७ पृ० २३८ इत्यादि।

बातों को पतञ्जलि न कह सके और परवर्ती वैयाकरणों ने उन्हें संगृहीत कर दिया, वे स्वीकार्य न हो पाईं। तद्यथा– "**भाष्यवार्तिककाराभ्यामपठितत्वादप्रमाणमेतत्**"[१] इत्यादि। वस्तुतः **महाभाष्य** शब्द व्याकरणशास्त्र में "आप्त" बन गया। यही कारण है कि न केवल महाभाष्यविरोधी अपितु महाभाष्यानुक्त तक भी अप्रामाण्य की कोटि में गिना जाता है।

पाणिनि सूत्रों की व्याख्या करते समय पतञ्जलि का उद्देश्य यह रहा है कि कम से कम प्रयत्न में अधिकाधिक शब्दसागर का संग्रह किया जाए।[२] संक्षेपीकरण की इस प्रक्रिया में भाष्यकार ने यथावसर वार्तिककार के साथ-साथ सूत्रकार का भी विरोध किया है। किन्तु यह विरोध "**समन्वयात्मक**" रहा है। यहाँ न कोई किसी का शत्रु है तथा न कोई किसी का मित्र। सबके सामने एक ही लक्ष्य है–संक्षेप से शब्दसिद्धि करना।[३] इसमें जो भी सूत्रवार्तिकरूपउपाय लघुभूत हो, वही ग्राह्य है। और जो उपाय इस उद्देश्य में बाधक बनता है उसका भाष्यकार ने डटकर विरोध किया है, चाहे वे स्वयं सूत्रकार पाणिनि ही क्यों न हों।

प्रस्तुत प्रसंग में अब कुछ उदाहरण इस प्रकार दिए जाते हैं जिनसे उत्तरोत्तर मुनियों का प्रामाण्य सिद्ध होता है। तद्यथा-पाणिनि के समय हल् से परे अट्परक शकार को ही छत्व का विधान न्याय्य था जैसा कि इन्होंने "शश्छोऽटि"[४] सूत्र द्वारा निर्देश किया है। किन्तु कात्यायन के समय हल् से अम्परक शकार को भी छत्व का विधान न्याय्य माना गया है। इसलिए 'छत्वममीति वाच्यम्'[५] यह उनका वार्तिक है। इससे जहाँ 'तच्छ्रुत्वा' इत्यादि में शकार को छकार होता है वहाँ 'तच्छ्लोकेन', 'तच्छ्लाघी', 'तच्छ्मशान', 'तच्छ्मश्रु' इत्यादि में भी शकार को छकार विधान उचित माना जाता है। यहाँ आश्चर्य तो तब होता है जब आचार्य पाणिनि स्वयं 'गोत्रचरणाच्छ्लाघात्याकारः'[६] इस सूत्र में 'शश्छोऽटि' के विरुद्ध अम्परक शकार को छकार विधान कर रहे हैं। सम्भवतः क्रान्तदर्शी होने के कारण उन्हें यह आभास हो गया होगा कि मुझसे पीछे आने वाले वार्तिककार कात्यायन 'शश्छोऽटि' के स्थान पर 'शश्छोऽमि' ऐसा सूत्र न्यास करेंगे जो कि भाषा के विकास क्रम के अनुसार अधिक न्याय्य मान्य होगा। और तब मेरी बात न मानी जाकर सम्भवतः अधिक लक्ष्यदर्शी कात्यायन की ही बात मानी

---

१. महा० प्र० (कांशिका १.१.११ सूत्रस्थ "मणीवादीनां प्रतिषेधो वक्तव्यः" वार्तिक पर)

२. महा० पस्पशा०–"किंचित्सामान्यविशेषवल्लक्षणं प्रवर्त्यम्, येनाल्पेन यत्नेन महतो महतः शब्दौघान प्रतिपद्येरन्"।

३. तुलना करो, महा० भा० २, सू० ५.१.५९ पृ० ३५६– "नासूया कर्तव्या यत्रानुगम आचार्येण क्रियते"।

४. पा. ८.४.६३.

५. पा. ८.४.६३ पर वार्तिक

६. पा. ५.१.१३४.

जाएगी। अन्यथा स्वयं उन्हीं के सूत्रों में स्ववचन विरुद्ध प्रयोग की संगति कैसे बैठेगी? अथवा जैसे अन्य अनेक अपाणिनीय सूत्र प्रयोग प्राचीन शब्द प्रवृत्ति को द्योतित करते हैं वैसे ही इसको भी मानना होगा। यथा–'तत्प्रयोजको हेतुश्च' [१]तथा 'जनिकर्तुः प्रकृतिः' [२] ये सूत्र 'तृजकाभ्यां कर्तरि' [३] इस समासनिषेध की अनित्यता को ज्ञापित करते हैं। ऐसे ही उक्त प्रयोग में भी 'अट्' को 'अम्' का उपलक्षण मानना होगा। अथवा यह भी सम्भव है कि स्वयं कात्यायन ने ही पाणिनि के उक्त प्रयोग को देखकर उक्त वार्तिक बनाया हो। शश्छोऽटि' सूत्र के प्रसंग में ही आचार्य पाणिनि का एक और निदर्शन प्रस्तुत है–'आच्छीनद्योर्नुम्' [४]। यहाँ तो उन्होंने अपने नियम के अनुसार शकार को छकार कर दिया है किन्तु 'शप्श्यनोर्नित्यम्' [५] यहाँ कोई बाधा न होने पर भी छत्व नहीं किया। अब या तो इसे काशिकाकार के शब्दों में आचार्य का शैलीवैचित्र्य समझना चाहिए। अथवा स्पष्टप्रतिपत्ति के लिए ही यहाँ छत्व का अभाव समझना चाहिए।

इसी प्रकार जैसे 'शयालु' यह प्रयोग है। यहाँ 'शीङ्' 'धातु से 'आलुच्' प्रत्यय पाणिनि के समय प्रयुक्त नहीं होता था किन्तु कात्यायन के समय अभिहित होने लगा तो इन्होंने 'आलुचि शीङ् ग्रहणं कर्तव्यम्'[६] यह वार्तिक बनाकर उसका समाधान किया। भाषा के परिवर्तनशील होने से उसका विकास होता रहता है। अतः आगे भविष्यत् में प्रयुक्त होने वाले 'कृपालु' 'मृगयालु' 'शंकालु', 'ईर्ष्यालु' तथा 'संशयालु' इत्यादि नवीन शब्दों के लिए भी कात्यायन ने प्रशस्त मार्ग का निर्देश कर दिया जो कि बाद के वैयाकरणों को भी मान्य है। ध्यातव्य है कि उक्त 'कृपालु' आदि नवीन प्रयोग उत्तरवर्ती वैयाकरणों ने भी शास्त्रानुमोदित किए हैं।

इसी प्रकार 'न धातुलोप आर्धधातुके'[७] इस सूत्र के उपदेश से भी यह ज्ञापित होता है कि उक्त सूत्र वार्तिककार एवं भाष्यकार इन उत्तरवर्ती दोनों मुनियों के साथ-साथ स्वयं सूत्रकार पाणिनि की दृष्टि में भी प्रत्याख्येय है। किन्तु जो एक बार पढ़ दिया जाता है उसे आचार्य लोग हटाया नहीं करते। अतः सूत्रपाठ में उक्त सूत्र यथास्थान विद्यमान है। स्वयं पाणिनि

---

१. पा. १.४.५५.

२. पा. १.४.३०.

३. पा. २.२.१५.

४. वही, ७.१.८०.

५. पा. ७.१.८१.

६. पा. ३.२. १५२ पर वार्तिक

७. पा. १.१.४.

की दृष्टि में उक्त 'न धातुलोप.' सूत्र प्रत्याख्येय है- इसलिए इन्होंने 'धिनोति' 'कृणोति' इन प्रयोगों की सिद्धि के लिए 'धिन्विकृण्व्योर च'[१] सूत्र की रचना की। इसमें उन्होंने 'धिन्व्' 'कृण्व्' धातुओं से 'उ' प्रत्यय करके साथ ही प्रत्ययसंनियोग से 'धिन्व्' 'कृण्व्' के अन्तिम वकार के स्थान में अकार आदेश का विधान भी किया है। 'उ' प्रत्यय आर्धधातुक है अतः उसके परे रहते 'वकार' स्थानीय अकार का 'अतोलोप':'[२] से लोप हो जाता है। अकार का लोप हो जाने पर 'धिन्' 'कृण्' इस अवस्था में लघूपध गुण प्राप्त होता है। उसको रोकने के लिए 'अचः परस्मिन् पूर्वविधौ'[३] सूत्र के आकार लोप का स्थानिवद्भाव माना जाता है। इतरथा गुण रुक नहीं सकता।

अब यहाँ यह शंका उत्पन्न होती है कि फिर क्या कारण है कि पहले तो 'धिन्विकृण्व्योर च' सूत्र से 'उ' प्रत्यय के साथ 'धिन्व्', 'कृण्व' के 'व्' 'अ' किया। तत्पश्चात् उसका लोप किया जिससे अल्लोप को स्थानिवद्भाव मानकर गुण रुक सके। इसकी अपेक्षा यह अधिक अच्छा रहता कि 'धिन्विकृण्व्योर च' की जगह 'धिन्विकृण्व्योर्लोपश्च' ऐसी सूत्र रचना होती जिससे 'धिन्व्' 'कृण्व्' के वकार का लोप होकर 'उ' प्रत्यय परे रहते 'धिनोति', 'कृणोति' रूप सिद्ध हो सके।

किन्तु पाणिनि देखते हैं कि 'अ च' की जगह 'लोपश्च' कहने पर 'उ' प्रत्यय परे रहते प्राप्त होने वाला लघूपधगुण कैसे रुक सकेगा ? 'अच' कहने पर तो 'अतोलोपः' से उसका स्थानिवद्भाव मानकर गुण रोक लिया जाएगा। इसलिए इतना गौरव कर रहे हैं कि पहले 'अ' का विधान करें और फिर उसका लोप करें। किन्तु प्रश्न यह है कि जब अकार का लोप करना ही है तो क्यों न सीधा 'धिन्व्' 'कृण्व्' के वकार का लोप विधान कर दिया जाए। उसमें लाघव भी है।

प्रस्तुत प्रसंग में यदि यह कह दिया जाए कि 'धिन्विकृण्व्योर्लोपश्च' ऐसा सूत्रन्यास करने पर फिर गुणा कैसे रुकेगा तो उत्तर स्पष्ट है कि 'न धातुलोप' सूत्र से गुण का निषेध हो जाएगा। क्योंकि आर्धधातुक 'उ' प्रत्यय के परे रहते 'धिन्व्', 'कृण्व्' धातुओं के अवयव वकार का लोप हुआ है। इसलिए प्राप्त होने वाले इग्लक्षण लघूपध गुण का 'न धातुलोप' सूत्र से निषेध स्पष्ट ही है। ऐसा मानने में कहीं पर दोष नहीं आता। किन्तु आचार्य देखते हैं कि यदि 'न धातुलोप' सूत्र विद्यमान न हो जैसा कि आगे आने वाले वार्तिककार तथा भाष्यकार ने 'अनारम्भो वा' ऐसा कहकर इसका खण्डन कर दिया है तो उस अवस्था में

१. पा. ३.१.८०.

२. पा. ६.४.४८.

३. पा. १.१.५७.

'धिनोति', 'कृणोति' में प्राप्त लघूपध गुण-निवृत्ति का क्या समाधान होगा? किन्तु यहाँ यह कहना कि 'न धातुलोप.' सूत्र विद्यमान क्यों नहीं होगा जब इन्होंने स्वयं इसका निर्माण किया है तो इसका उत्तर है कि बाद में आने वाले कात्यायन तथा पतञ्जलि ने उसका प्रत्याख्यान भी तो कर दिया है। उस समय सूत्रकार एवं प्रत्याख्यानवादियों की प्रतिस्पर्धा में सम्भवतः उत्तरोत्तर प्रत्याख्यानवादी का मत प्रबल माना जाए। सम्भवतः इस भविष्य की आशंका से पाणिनि ने 'धिन्विकृण्व्योर्लोपश्च' ऐसा सूत्र न बना करके 'धिन्विकृण्व्योर च' ऐसा सूत्र बनाया।[1] जैसे सूत्रकार पाणिनि के द्वारा खण्डित किए गए प्राचीन ऋषिवाक्य अप्रमाण माने जाते हैं उसी प्रकार स्वयं पाणिनि के सूत्रों के खण्डन में प्रवृत्त भाष्य वार्तिक वचनों के द्वारा सूत्रकार पाणिनि का वचन भी अप्रमाण मानना ही युक्तियुक्त है। क्योंकि उत्तरोत्तर का ही वचन अधिक सप्रमाण है।[2]

इस प्रकार 'न धातुलोप.' सूत्र ही यह ज्ञापित करता है कि उक्त तीनों मुनियों में यथोत्तर का ही प्रामाण्य स्वीकृत किया गया है। स्वयं सूत्रकार पाणिनि मुनि भी 'यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्' इस सिद्धान्त को मौनभाव से स्वीकार करते प्रतीत होते हैं। तद्यथा-' एतन्मूलकमेव पठ्यते-यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यमिति'।[3]

इसी प्रकार 'भोज्यं भक्ष्ये'[4] यह पाणिनीय सूत्र है। इसका अर्थ है कि 'भक्ष्य' अर्थ में 'भोज्य' यह निपातन होता है अर्थात् यहाँ 'ण्यत्' प्रत्ययान्त भुज् धातु से 'भक्ष्य' अर्थ में कुत्वाभाव का निपातन किया गया है। वार्तिककार यहाँ आपत्ति करते हैं कि ठोस और तरल दोनों पदार्थों के लिए प्रयुक्त होने के कारण 'भोज्य' शब्द का अर्थ विस्तृत है जबकि 'भक्ष्य' शब्द का अर्थ केवल दाँत से चबाए जाने वाले भोजन के लिए प्रयोग होने से सीमित है। अतः कात्यायन के अनुसार 'भोज्यं भक्ष्ये' ऐसा सूत्र न होकर 'भोज्यमभ्यवहार्ये'[5] ऐसा सूत्र होना चाहिए। इस प्रकार इन दोनों मुनियों के वचनों में विरोध होने पर पतञ्जलि अपने

---

१. द्र. लघुशब्दरत्न (प्रौढ मनोरमा) सू. २२२-एतदेवाभिप्रेत्य धिन्विकृण्व्योर च इति सूत्रे किमर्थमत्वं विधीयते, वलोप एवास्तु इत्याशङ्क्य अत्वे अल्लोपे तस्य स्थानिवत्वेन गुणाभावाय तत्। न च वलोपेऽपि न धातु इति गुण निषेधः सिद्ध इति वाच्यम्। तत्प्रत्याख्यानपक्षे गुणप्राप्तेरित्युक्तम्। अनेन सूत्रमतात् प्रत्याख्यानवादिमतं प्रबलमिति प्रत्याख्यानवादिसंमतलक्ष्यमेव कथञ्चित् सूत्रमतेऽपि साध्यम्, न तु विपरीतसम्भवे। अन्यथा तु सूत्रमप्रमाणमेवेति च प्रत्याख्यानं सूत्रसम्मतमिति च ध्वनितम्।'.

२. वही. सूत्रकृतखण्डितप्राचीनऋषिवाक्यानामप्रामाण्यवत् सूत्रकारवचःखण्डनप्रवृत्त भाष्यवार्तिकवचनैस्तदंशे सूत्रकारवचसोऽप्यप्रामाण्यकल्पनैवोचितेति दिक्।'.

३. महाभाष्य प्रदीपोद्योत (महा. प्र. उ.) भा. ३, सू. ३.१.८० पृ. १५६.

४. पा. ७.३.६९.

५. वही, ३.६९ पर वार्तिक।

निर्णयात्मक स्वर में 'भोज्यं भक्ष्ये' इस पाणिनि सूत्र को ही संगत घोषित करते हैं। उनके अनुसार 'अब्भक्षः' 'वायुभक्षः' इन उदाहरणों से यह स्वतः सिद्ध है कि जो पदार्थ दाँत से नहीं चबाए जाते, भाषा में उनके लिए भी भक्षण क्रिया का प्रयोग होता है। इस तरह 'भक्ष्य' 'शब्द', 'भोज्य' का पूर्णतया पर्याय होने से यथान्यास ही सूत्र ठीक है। उत्तरवर्ती व्याख्याकारों ने भी 'यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्' के आधार पर भाष्यकार के इस मत को मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया है। चन्द्राचार्य ने तो अपने व्याकरण में 'भोज्यं भक्षे' ऐसा ही सूत्र बनाया है।

इसी प्रकार पाणिनि ने सूत्र बनाया –'भुजन्युब्जौ पाण्युपतापयोः'[१] इस पर कात्यायन ने 'भुजः पाणौ' यह कहकर केवल 'भुज्' को रख लिया और 'न्युब्जेः कर्तृत्वादप्रतिषेधः' कहकर 'न्युब्ज्' का प्रत्याख्यान कर दिया। आगे इस पर विचार करते हुए भाष्यकार ने वार्तिककार की बात का ही समर्थन किया, सूत्रकार का नहीं। यद्यपि वे 'घमन्त भुज' शब्द को 'क' प्रत्ययान्त मानकर स्वर व्यत्यय से सिद्ध करते हुए उसका भी खण्डन कर सकते थे और इस प्रकार समस्त सूत्र ही प्रत्याख्यात हो सकता था परन्तु उन्होंने वैसा नहीं किया। इससे सिद्ध होता है कि तीनों मुनियों में उत्तरोत्तर प्रमाण है। इसी तरह पाणिनि ने सूत्र बनाए- ' न क्वादेः, 'अजिव्रज्योश्च'।[२] उनके खण्डन के लिए कात्यायन ने कहा –'निष्ठायामनिटः कुत्वम्'[३]। इसका भाव यह है कि जो धातु निष्ठा में अनिट हैं, उन्हीं को कुत्व होता है, अन्य को नहीं। यद्यपि दोष इस न्यास में भी है तथापि सूत्रकार की अपेक्षा वार्तिककार के अधिक प्रामाणिक होने के साथ-साथ इन न्यासगत दोषों के समाधान होने से तथा भाष्यकार द्वारा इस न्यासान्तर का निराकरण न किया जाने से उक्त वार्तिक ही सिद्धान्तरूपेण माननीय हो जाता हे। प्रदीपकार, पदमञ्जरीकार तथा उद्द्योतकार सभी इस में सहमत हैं। तद्यथा-'वार्तिककारस्य सूत्रकारात् प्रमाणतरत्वात् (यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्) तन्मतेन कुत्वस्य भावाभावावगन्तव्यौ' (प्रदीप)।

मुनियों के उत्तरोत्तर प्रामाण्य में 'विभाषा द्वितीयातृतीयाभ्याम्'[४] यह सूत्र भी उद्धृत हो सकता है। यह सूत्र 'तीय' प्रत्ययान्त स्त्रीलिंग द्वितीया तृतीया शब्दों से परे ङित् विभक्तियों को विकल्प से 'स्याट्' का आगम करता है तथा साथ ही द्वितीया तृतीया शब्दों को ह्रस्व भी करता है। परन्तु अधिक लक्ष्य संग्रह की दृष्टि से यहाँ 'वा प्रकरणे तीयस्यङित्सूपसंख्यानम्'[५] यह उपसंख्यान वार्तिक अधिक ग्राह्य है। क्योंकि इस वार्तिक से स्त्रीलिंग के साथ-साथ पुलिंग

---

१. पा. ७.३.६०.

२. वही, ७.३. ५९-६०.

३. पा. ७.३.५९ पर वार्तिक ।

४. वही, ७.३.११४.

५. पा. ७.३. ११४ पर वार्तिक

और नपुंसकलिंगों में भी पूर्वोक्त कार्य सिद्ध हो जाते हैं। अतः उत्तरमुनि कात्यायन यहाँ ज्यायान् है। वैसे यहाँ यह कहा जा सकता है कि सूत्रकार ने वार्तिककार के वार्तिक को देखकर अपना सूत्र नहीं बनाया था। सूत्रकार के समय वार्तिक की सत्ता नहीं थी। अतः इसके आधार पर सूत्र का प्रत्याख्यान कुछ युक्तिसंगत नहीं लगता तथापि अधिक लक्ष्य संग्रह की दृष्टि से द्वितीय मुनि कात्यायन की बात यहाँ अधिक प्रमाण है।

मुनियों के उत्तरोत्तर प्रामाण्य में 'क्वसु' प्रत्यय भी प्रमाण है। आचार्य पाणिनि के अनुसार लिट् स्थानिक यह 'क्वासु' प्रत्यय छन्द में ही होता है। किन्तु अन्तिम मुनि पतञ्जलि के अनुसार यह 'क्वसु' प्रत्यय लोक में भी प्रयुक्त हो सकता है। क्योंकि 'विभाषापूर्वाह्णा-पराह्णाभ्याम्'[१] इस सूत्र के भाष्य में उन्होंने 'पपुषः आगतम् पपिवद् रूप्यम्' ऐसा प्रयोग किया है। यहाँ पपुषः यह 'क्वसु' प्रत्ययान्त 'पपिवस्' शब्द का पञ्चमी विभक्ति का रूप है। साथ ही उक्त 'पपिवद्रूप्यम्' यह प्रयोग वैदिक न होकर लौकिक ही है। इस ज्ञापक से वैयाकरण कहीं कहीं पर लोक में भी 'क्वसु' प्रत्यय के साधुत्व को स्वीकार कर लेते हैं। यह भाष्यकार पतञ्जलि का ही प्रामाण्य है जो उनके कथन से 'क्वसु' प्रत्यय लोक में भी प्रयुक्त हो सकता है। अन्यथा प्रथम मुनि पाणिनि के अनुसार तो यह 'क्वसु' प्रत्यय छन्दोमात्रगोचर होना चाहिए। ऐसी स्थिति में 'तं तस्थिवांसं नगरोपकण्ठे' 'श्रेयांसि सर्वाण्यधिजग्मुषस्ते'[२] इत्यादि कवि प्रयोग अपाणिनीय अर्थात् असाधु ही मानने पड़ेंगे। किन्तु भाष्यकार वचन प्रामाण्य से उक्त कवि प्रयोग साधु माने जाते हैं।[३] तभी भट्टोजिदीक्षित का 'कवयस्तु बहुलं (क्वसुं) प्रयुञ्जते' यह कथन सुसंगत होता है।

इन सब पूर्वोक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट प्रतिपादित हो जाता है कि तीनों मुनियों में उत्तरोत्तर मुनि ही अधिक प्रमाण है। भाष्यकार पतञ्जलि ने 'इहेङ्गितेन चेष्टितेन निमिषितेन महता वा सूत्रनिबन्धनेनाचार्याणामभिप्रायो लक्ष्यते'[४] इस सिद्धान्त का आश्रयण करते हुए सूत्रों में ही प्रश्लिष्ट निर्देश, लुप्तनिर्देश, योग विभाग, न्यासान्तर तथा सन्धिच्छेद इत्यादि ऐसी निगूढ़ाकृति कल्पनाएँ की हैं जिससे सूत्र से ही इष्ट साधन में सहायता मिल सके। क्योंकि इनके मत में 'सूत्रेष्वेव हि तत् सर्वं यद्वृत्तौ यच्च वार्तिके' यह सिद्धान्त है। वार्तिकों का व्यर्थभार ये सूत्रों पर नहीं डालना चाहते। इस प्रसंग में पहले तो ये सूत्र के प्रयोजनों को निरस्त करते हुए

---

१. वही, ४.३.५८.

२. रघुवंश, सम्पा. नारायण राम आचार्य, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई, १९४८, श्लोक सं. ५.६१, ३४.

३. बाल मनोरमा (वै. सि. कौ.) भा. ४ सू. ३०९५ पृ. ११३ 'विभाषा पूर्वाह्णपराह्णा इति सूत्रभाष्ये तु पपुष आगतं पपिवद्रूप्यमिति प्रयुक्तम्। तेन लोकेऽपि क्वचित् क्वसोः साधुत्वं सूचितम्'।

४. महा. भा. ३ सू. ७.२.३ पृ. ३८८.

उसका ही खण्डन करना चाहते हैं। किन्तु जब उस योजना में सफल नहीं हो पाते तो सहसा कह उठते हैं–' 'सामर्थ्ययोगान्नहि किंचिदत्र पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात्।'[1] सूत्र की विचार सरणि में ये शिष्यबुद्धिव्युत्पादनार्थ सूत्र के कोने-कोने को देखते तथा दिखाते हैं। इसलिए सूत्र का कोई भी पक्ष इनकी पकड़ से अछूता नहीं रह पाता। परिणामतः इनके इष्टिवाक्य सूत्रों से कम आदरणीय नहीं माने जाते। उदाहरणतः रथी और सूत के द्वारा रथ हांकने वाले के लिए प्रयुक्त 'प्राजिता' और 'प्रवेता' शब्दों की चर्चा के प्रसंग में 'वलादावार्धधातुके वेष्यते'[2] यह भाष्येष्टि किस सहृदय को आह्लादित नहीं करती।

व्याकरणशास्त्र में अभिधान-अनभिधान की व्यवस्था पाणिनि के बाद कात्यायन तथा पतञ्जलि इन दोनों मुनियों तक ही सीमित है अर्थात् किस शब्द का लोक में अभिधान है, किसका नहीं-यह व्यवस्था उक्त दोनों उत्तरमुनियों के व्याख्यान पर ही आधारित है। अभिधान के विषय में भाष्यवार्तिककार कहते हैं 'अभिधानलक्षणाः कृत्तद्धितसमासाः'[3] अर्थात् कृत्, तद्धित और समास सूत्रों का प्रयोग पूर्णरूपेण 'अभिधान' के अनुसार ही होता है यानि प्राप्त होने पर भी सूत्र प्राप्त नहीं होगा यदि उस शब्द से उस अर्थ की प्रसिद्धि लोक में न हो। 'वार्क्षमूलः' शब्द इसमें प्रमाण है। उक्त 'अभिधान-अनभिधान रूपी ब्रह्मास्त्र' को लेकर भाष्यकार ने अनेक सूत्र-वार्तिकों का खण्डन किया है। इनका पदे-पदे 'अनभिधानात्' यह कथन ही साधन प्रक्रिया को गौण सूचित कर रहा है। किन्तु किस प्रत्यय से किस अर्थ का 'अभिधान अनभिधान होता है–यह ज्ञान भी, पदमञ्जरीकार के अनुसार, भाष्यकार प्रभृति शिष्ट प्रामाणिक लोगों के द्वारा ही सम्भव है। तद्यथा-'अनभिधानं तु दुर्ज्ञानम्— न हि भाष्यकारवार्तिककाराभ्यामभियुक्ततरः शब्दविषये कश्चिदस्ति'॥ ध्यान रहे कि व्याकरण शास्त्र में अभिधान-अनभिधान रूप ब्रह्मास्त्र का इतना महत्व होते हुए भी इसे अगतिकगति स्वीकार किया गया है।

यहाँ यद्यपि यह पूछा जा सकता है कि शब्दों की उक्त अभिधान-अनभिधान व्यवस्था केवल भाष्यवार्तिककार तक ही क्यों सीमित रही? क्यों नहीं उत्तरवर्ती वैयाकरणों को भी शब्दों की अभिधान-अनभिधान व्यवस्था में प्रमाण माना जाता? तो इसका उत्तर है कि सम्भवतः भाष्यकार के बाद लोक में संस्कृत का स्वाभाविक विकास बन्द हो गया था। उन दिनों लोक में प्राकृतों का प्रभुत्व होने से संस्कृत का स्वाभाविक प्रयोग लोक में क्षीण हो गया था। परिणामतः उक्त दोनों मुनियों को ही लोक में संस्कृत शब्द प्रयोग के विषय में (अभिधान में) प्रमाण माना जाता है। हाँ, यदि कोई आज के युग में संस्कृत व्याकरण में वार्तिक रचना

---

१. वही, भा. ३. सू. ६.१.७७ पृ. ५४.

२. वही, भा. २ सू. २.४.५६ पृ. ४८८.

३. महा. भा. २ सू. ३.३.१९ पृ. १४६.

करें तो उसे अद्यतनीय संस्कृत भाषा में प्रयुक्त सभी नवीन शब्दों को साधु (अभिहित) मानकर वार्तिक रचना और उन्हें शास्त्रानुमोदित अवश्य करना होगा। अतः 'अभिधान' की व्यवस्था आज भी हो सकती है। किन्तु ऐसा करते समय इतना संयम अवश्य रखना होगा कि केवल वैयाकरणों या शिष्ट साहित्यकारों के प्रयोगों का ही 'प्रामाण्य' (अभिधान) स्वीकार किया जाए, सामान्य जग का नहीं। उक्त उदाहरण के रूप में मध्ययुगीन वैयाकरणों ने कितने ही ऐसे आधुनिक प्रयोगों को अभिहित मानकर उन्हें शास्त्रानुमोदित किया है। तद्यथा–'कृपालु'[१] इत्यादि।

उत्तरोत्तर मुनियों का प्रामाण्य इस बात से भी परिपुष्ट होता है कि भाष्यवार्तिककार के द्वारा किसी सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में जो न्यासान्तर आदि संशोधन प्रस्तावित किए गए उनको प्रमाणभूत मानते हुए ही चन्द्राचार्य आदि अर्वाचीन वैयाकरणों ने अपने सूत्र बनाए। तद्यथा–

पाणिनि	भाष्य/वार्तिक	अर्वाचीन वैयाकरण
विभाषा द्वितीया-तृतीयाभ्याम्[२]	तीयस्य ङित्सू-पसंख्यानम्	तीयस्य ङिति। तीयं ङिति तीयं ङित्कार्ये वा[३]
ऐकागारिकट् चौरे[४]	एकागारात् चौरे	एकागारात् चौरे[५]
अजेर्व्यघञपोः वा यौ[६]	वलादावार्धधातुके वेष्यते	तृय्वोर्वा/तृ अने वा[७]
ध्रुवमपायेऽपादानम्[८]	बुद्ध्या संप्राप्य निवर्तते	ध्यपाये ध्रुवमपादानम्[९]

